


सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार - 12



कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा में सहयोग करेंगे भारत और फिनलैंड - 12



नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर - 13



अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की - 14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.32
सूर्यास्त 06.15

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया 05:53 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 6 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 100, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत को डुबोया, 87 की मौत

**महायुद्ध**

## अभ्यास करने के बाद भारत से लौट रहा था युद्धपोत, हिंद महासागर में बनाया निशाना | अब तक 1230 लोगों की युद्ध में गई जान, ईरान ने नए सिरे से किए हमले

दुबई, एजेंसी

अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के तट के पास ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबो दिया। इस हमले में 87 नौसैनिकों की मौत हुई है, जबकि 32 को बचा लिया गया है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने इसकी पुष्टि करते हुए इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की पहली ऐसी घटना बताया है। आईरिस देना उन 19 विदेशी युद्धपोतों में से एक था जो भारत मेहमान बनकर आए थे।

इन जहाजों ने 17 और 18 फरवरी को विशाखापत्तनम में हुए इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लिया था। जब इस पर हमला किया गया तब यह मिलिट्री एक्सरसाइज से लौट रहा था। इस महायुद्ध में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,230 हो गई है।

वहीं, ईरान ने गुरुवार सुबह इजराइल और अमेरिका के कई अड्डों पर नए सिरे से हमले किए और धमकी दी कि हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत को टॉरपीडो के हमला करके डुबोने के लिए अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा। ईरान के एक धार्मिक नेता ने ट्रंप का खून बहाने का आह्वान किया, वहीं इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान पर व्यापक हमला शुरू कर दिया है। इजराइल ने कई मिसाइल से हमले होने की घोषणा करते हुए तेल अवीव और यरूशलम में सायरन बजाए। ईरान ने हमलों में अमेरिकी अड्डों को भी निशाना बनाया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने लेबनान में ईरानियों द्वारा समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह से जुड़े 80 ठिकानों पर पिछले 24 घंटे में हमला किया है। उसने कहा कि ईरान पर हमलों में एक बैलिस्टिक मिसाइल लांच स्थल और अन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी नौसेना पर हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत आईरिस देना पर हमले के लिए 'समुद्र क्षेत्र में अत्याचार' का आरोप लगाया। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी मारे गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, मेरी बात लिखकर ले लो। अमेरिका को अपने किए पर बुरी तरह पछताना पड़ेगा। युद्ध ने दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित कर दिया है, अंतर्राष्ट्रीय नौवहन बाधित हुआ है जबकि पश्चिम एशिया में लाखों यात्री फंसे हुए हैं। ईरान के अयातुल्ला (धर्मगुरु) अब्दुल्ला जवादी अमोली का संदेश गुरुवार को प्रसारित किया गया, जिसमें इजराइलियों और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का खून बहाए जाने का आह्वान किया गया।



लेबनान के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दाहियेह में गुरुवार को इजराइली हवाई हमले के बाद उठता धुआं। ● एजेंसी

### प. एशिया में फंसे यात्रियों की वापसी के लिए प्रयास तेज

**दुबई।** पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध का दायरा फैलने और बड़े हिस्से में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण दुबई समेत कई शहरों में फंसे हजारों यात्रियों की स्वदेश वापसी के लिए विभिन्न देशों की सरकारें निकासी उड़ानों की व्यवस्था कर रही हैं। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले तथा इसके बाद ईरान की कार्रवाई के मद्देनजर उड़ानें बड़े पैमाने पर रद्द हुई हैं जिससे लोग ओमान, मिस्र और सऊदी अरब जैसे मार्गों के जरिए बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन इसके लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।



अमेरिका द्वारा जारी की गई तस्वीर जिसमें ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबोया गया।

### ईरान के विदेश मंत्री बोले- नौसैनिक पोत डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया, उस पर उसे गहरा पछतावा होगा

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि श्रीलंका के तट पर एक अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी नौसैनिक पोत को डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा। अब्बास अराघची की यह टिप्पणी हिंद महासागर में आईरिस देना के डूबने की घटना को लेकर ईरान सरकार की ओर से पहली स्वीकारयोक्ति है। ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे समुद्र में की गई ज्यादती बताया और कहा कि यह घटना ईरान के तट से लगभग 2,000 मील दूर हुई। उन्होंने एक्स पर कहा, लगभग 130 नाविकों को ले जा रहे एवं भारत की नौसेना के अतिथि पोत 'आईरिश देना' पर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में बिना किसी चेतावनी के हमला किया गया। मेरी बात याद रखना- अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा।



### श्रीलंका तट के पास ईरानी युद्धपोत डूबने के बाद भारतीय नौसेना खोज अभियान में हुई शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागे गए टॉरपीडो के लगने से श्रीलंका तट के पास डूबे ईरानी युद्धपोत 'आईरिस देना' से संकटकालीन संदेश मिलने के बाद वह खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गई। ईरानी युद्धपोत भारत द्वारा आयोजित मिलन बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। भारतीय नौसेना ने कहा कि उसने श्रीलंका के नेतृत्व में चलाए जा रहे बचाव अभियान में सहयोग करने के लिए बुधवार सुबह 10 बजे लंबी दूरी के एक समुद्री गश्ती विमान के साथ खोज और बचाव अभियान तुरंत शुरू किया। आसमान से गिराए जा सकने वाले जीवनरक्षक राफ्ट से लैस एक अन्य विमान को भी तत्काल तैनाती के लिए तैयार रखा गया था। आसपास ही तैनात आईएनएस तरंगिनी को बचाव कार्य में सहायता के लिए भेजा गया और वह शाम 4 बजे तक खोज क्षेत्र में पहुंच गई।

**ब्रीफ न्यूज**

### पश्चिम एशिया संकट 175 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण गुरुवार को मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। मुंबई हवाई अड्डे पर कुल 105 उड़ानें रद्द की गईं। दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 रवाना होनी वालीं और 18 आने वाली उड़ानें रद्द कर दी गयीं जबकि बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 16 उड़ान भरने वाली और 14 आने वाली उड़ानें रद्द हुईं।

### बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई।** विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 %) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ।

(विस्तृत कारोबार पेज पर)

# पश्चिम एशिया, यूक्रेन के संघर्ष शीघ्र हों समाप्त : मोदी

- कहा- किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता
- प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद ये टिप्पणियां कीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संघर्षों को शीघ्र समाप्त करने का गुरुवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद मोदी ने ये टिप्पणियां कीं।

दोनों नेताओं की यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ युद्ध छठे दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें दोनों पक्षों ने नए हमले किए, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया। स्टब ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी का जोरदार समर्थन किया, और तर्क दिया कि वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में व्यापक सुधार के साथ-साथ यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी-स्टब वार्ता में पश्चिम एशिया का संकट प्रमुखता से उठाया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड, दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों के शीघ्र अंत और शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करना जारी रखेंगे। मोदी ने भारत-यूरोप संबंधों में आए सुधार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे वैश्विक माहौल में, दुनिया की दो सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्तियां भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमारा बढ़ता सहयोग वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को नयी मजबूती दे रहा है। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि युद्ध समाप्त करना सभी के हित में है।



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### पश्चिम एशिया के मुद्दे पर मैक्रों से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से गुरुवार को टेलीफोन पर बात की और पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति को लेकर साझा चिंताओं पर चर्चा की। मैक्रों के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि वे क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए घनिष्ठ रूप से बातचीत करना और प्रयासों में समन्वय करना जारी रखेंगे।

# भारत ने ईरानी नेता खामेनेई की मौत पर शोक जताया



- विदेश सचिव मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया
- शोक पुस्तिका पर साइन किए श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक व्यक्त किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ईरानी राजदूत को नई दिल्ली की ओर से संवेदना संदेश दिया।

वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की। मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया और भारत सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने विदेश सचिव और भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली के बीच हुई बातचीत की तस्वीर भी जारी की। खामेनेई की मौत 28 फरवरी को इजराइल और अमेरिका के हमले में हुई थी। भारत ने हालांकि पश्चिम एशिया संकट के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का आह्वान किया।

# कांटे की टक्कर में इंग्लैंड को हराया, भारत फाइनल में



इंग्लैंड को हराने के बाद जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

- जैकब बेथेल की शतकीय पारी भी इंग्लैंड के नहीं आई काम
- न्यूजीलैंड से 8 मार्च को होगी खिताबी भिड़ंत

मुंबई, एजेंसी

संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जैकब बेथेल के आक्रामक शतक के बावजूद इंग्लैंड को सात रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई।

भारत के 254 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम बेथेल (105 रन, 48 गेंद, सात छक्के, आठ चौके) के शतक और विल जैक्स (35 रन, 20 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 77 तथा सैम कुरेन (18) के साथ छठे विकेट की 50 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 246 रन ही बना सकी। भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने 38 रन देकर दो विकेट चटकाए। बुमराह ने चार ओवर में सिर्फ 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया जो निर्णायक साबित हुआ। वरुण चक्रवर्ती ने 64 रन लुटाकर एक विकेट चटकाया जो इस प्रारूप में भारत की ओर से सबसे महंगे स्पैल है। भारत अब फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और टी20 विश्व का खिताब बचाने वाली पहली टीम बनकर इतिहास रचने की कोशिश करेगा।

(संबंधित खेल पेज पर)

# नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

- अमित शाह रहे मौजूद, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी दाखिल किया नामांकन

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वर्ष 2005 से रिकॉर्ड 10 बार मुख्यमंत्री रहे कुमार और नवीन ने बिहार विधानसभा की सचिव ख्याति सिंह के कक्ष में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर अमित शाह के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्री भी मौजूद थे। इससे पहले दिन में नीतीश कुमार ने घोषणा की थी कि वह राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे, जिसके साथ ही बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के उनके कार्यकाल का अंत हो जाएगा। कुमार ने कहा कि राज्य में जो नई सरकार बनेगी, उसे उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा।



नामांकन पत्र दाखिल नीतीश कुमार।

# बंगाल चुनाव से पहले राज्यपाल बोस का इस्तीफा आरएन रवि किए गए नियुक्त, कई राज्यों में फेरबदल

- सैयद अता हसनैन बने बिहार के राज्यपाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार रात को कई राज्यों के राज्यपालों की नियुक्तियां कीं, जिसके तहत तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया। रवि ने सीवी आनंद बोस का स्थान लिया है, जिन्होंने दिन में इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति ने बोस का राज्यपाल पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को तमिलनाडु का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। तरणजीत संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। हिमाचल के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल को तेलंगाना का राज्यपाल बनाया गया है। वहीं, तेलंगाना के वर्तमान में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा को महाराष्ट्र का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। (भाजपा के) वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को नगालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

# चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आज से

**देहरादून।** उत्तराखंड में अगले माह शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आज सुबह सात बजे से शुरू होंगे जो मोबाइल एप के जरिए किए जा सकेंगे। वहीं, ऑफलाइन पंजीकरण यात्रा शुरू होने से दो दिन पहले यानी 17 अप्रैल से शुरू होंगे जिसके लिए ऋषिकेश, हरिद्वार और देहरादून में काउंटर बनाए जाएंगे। इस वर्ष की चारधाम यात्रा 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व पर गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ शुरू होगी। केदारनाथ के कपाट 22 अप्रैल को जबकि बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे।

**होली मिलन** | मुख्यमंत्री बोले- सनातन पर सवाल उठाने वालों को होली जैसे पर्व का अहसास नहीं

# सकारात्मक सोच वाली ताकतों की सदैव होती विजय : योगी

- गोरखनाथ मंदिर में आयोजित होली समारोह में सीएम ने लोगों को दी बधाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर

**अमृत विचार :** रंगोत्सव के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाली ताकतों की हमेशा विजय होती है। नकारात्मक सोच वाली शक्तियां विध्वंसात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं, जबकि सकारात्मक सोच समाज को आगे बढ़ाने का काम करती है।

बुधवार दोपहर गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री ने यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने लोगों पर पुष्पवर्षा कर सभी को होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश और दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों ने उत्साह और उमंग के साथ समरसता के महापर्व होली का आयोजन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व की अनुभूति की है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की श्रेष्ठता पर वही लोग प्रश्न उठाते हैं, जिन्हें होली जैसे पर्व का वास्तविक भाव समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि होली ऐसा पर्व है जिसमें न कोई भेदभाव होता है और न ही छुआछूत। सनातन धर्म के पर्व-त्योहार समाज को नई दिशा देने के साथ धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इनमें सामूहिकता का भाव होता है और समाज का हर वर्ग इसमें सहभागी बनता है।



महापर्व होली पर भगवान श्री नरसिंह जी की रंगभरी भव्य शोभायात्रा के अवसर पर आरएसएस गोरखपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक समारोह में सहभाग करते योगी।

### राष्ट्र प्रथम के भाव से हो दायित्वों का निर्वहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया के कई हिस्सों में अव्यवस्था दिखाई देती है, जबकि भारत में शांति और उल्लास के साथ पर्व-त्योहार मनाए जा रहे हैं। इसका कारण भारत की सकारात्मक सोच है। भारत ने कभी किसी के साथ बुरा नहीं किया और न ही बुरा कहा है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए सभी नागरिकों को अपने-अपने क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। भक्ति को राष्ट्रभक्ति से जोड़ने की जरूरत है। समारोह में मुख्यमंत्री ने होली गीतों का आनंद भी लिया।

अमृत विचार

बरेली, शुक्रवार,6 मार्च 2026 | पीलीभीत

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश के चलते मां-बेटे को पीटा

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर हमला कर दिया। गांव मनपुरा निवासी नन्ही देवी पुत्री श्रीपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह होली पर अपने मायके आई थी। बुधवार शाम छह बजे बकैनिया दीक्षित गांव के तेज सिंह, जितेंद्र, प्रेम, रिंकू उसके भाई राजकुमार से पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची मां तारावती की भी पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ई-लाटरी के माध्यम से होगी चयन प्रक्रिया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग के द्वारा अनुदान पर वितरित यंत्रों के लिए ई-लाटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया छह मार्च को दोपहर दो बजे से गांधी सभागार में आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने वाले किसान जिन्होंने योजनाओं में यंत्र कय करने के लिए आवेदन किया है, वह छह मार्च शामिल हों। इसके बारे में अधिक जानकारी उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर की जा सकेगी।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट पांचवें दिन दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** जनपद बरेली के थाना क्योलड़िया क्षेत्र के गांव मेंथी नवदिया के निवासी नन्हेंलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह एक मार्च की शाम करीब छह बजे घर से कस्बा बरखेड़ा में बाजार में सब्जी खरीदने गए थे। एक स्थान पर बाइक खड़ी कर सब्जी खरीदने चले गए। इस दौरान बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।



होली के रंग में सराबोर लोग। ● अमृत विचार



धुलेड़ी पर परिवार के साथ मौज मस्ती करते लोग। ● अमृत विचार



होली गीतों पर थिरकते युवक। ● अमृत विचार

# डीजे की धुन पर थिरके होरियार, रंगों की बौछार, खूब उड़ा गुलाल

## धुलेड़ी पर होलिका की परिक्रमा कर मांगी मनौती, गुरुवार को पुलिस लाइन समेत थानों और चौकियों में पुलिसकर्मियों ने मनाई होली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिलेभर में में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बुधवार सुबह से ही शहर की सड़कों, चौराहों और गलियों में होरियारों की टोलियां निकल पड़ीं, जिन्होंने डीजे की धुन और ढोलक की थाप पर थिरकते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर होली का रंग जमाया। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के बीच लोगों ने खुलकर रंगों का पर्व मनाया, हालांकि कुछ स्थानों पर मामूली कहासुनी और छिटपुट विवाद भी सामने आए। वहीं शाम ढलते ही शहर के मोहल्लों, पार्कों और चौपालों में होली मिलन का सिलसिला शुरू हो गया। लोग गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए और देर शाम तक रंगों और खुशियों का यह उत्सव जारी रहा।

इस बर होलिका पूजन दो दिन हुआ। कई लोगों ने सोमवार को



होली रंग के लिए बोतल में पानी भरती बच्ची।

● **सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे सूचनाओं पर दौड़ी पुलिस**

होलिका जलाई, तो कुछ स्थानों पर मंगलवार को। मगर ग्रहण के चलते धुलेंडी बुधवार को मनाई गई। बुधवार को सुबह लोगों ने होलिका स्थल पर सुबह से ही शहर के छतरी चौराहा, सुनगढ़ी, अशोक कालोनी, आवास विकास कालोनी, आसफजान, चौक बाजार, काला मंदिर, जाटो चौराहा, डालचंद,



होली पर आपस में गुलाल लगाते बच्चे। ● अमृत विचार

बेनी चौधरी समेत अन्य स्थानों पर होलिका स्थल पर पहुंचकर परिक्रमा कर पूजा अर्चना की गई। परंपरानुसार होलिका में जौं की बाली के आखत डालकर सुख सृमद्धि की कामना की। इसके बाद जैसे-जैसे सूरज का पारा चढ़ता गया।

वैसे-वैसे रंगों की बौछार शुरू हो गई। शहर की अधिकतर सड़कें रंगों से नहा उठी। होरियारों की टोलियों ने चौराहों और सड़कों व गलियों में रंग लेकर कब्जा कर लिया। फिर



होली पर टब में मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

क्या घर से गलियों तक फाग के रंग बरसे। फिर क्या था...जो निकला वह रंग में डूबते हुए बुरा न मानो होली है...इधर बच्चे भी अपनी पिचकारियां लेकर दरवाजे पर जम गए। आने जाने वालों पर रंग बरसाते रहे। नौ बजते-बजते होली की मस्ती लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगी। हुरियारों की टोलियां रंग गुलाल लेकर सड़कों पर निकल पड़ी। डीजे के धमक और ढोलक की थापों पर हुरियारों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया।

हुरियारों की टोलियों ने शहर के हर गली मोहल्ले में अबीर गुलाल उड़ाकर होली का जश्न मनाया। घरों में महिलाओं ने एक दूसरें को जमकर रंग लगाया। फागुन गीत गूंजते रहे। होली खेलने का सिलसिला दोपहर बाद तक चला। फिर शाम को एक दूसरे के गले मिलकर बधाई देने की परंपरा निभाई गई। इधर, शहर के डॉ.डीके गंगवार के लॉन पर भी होली खेली गई।



होली पर शहर में सुरक्षा व्यवस्था चेक करते एसपी व एएसपी। ● अमृत विचार

### गुरुवार को पुलिस की होली में दमकल की गाड़ी से निकली रंगों की बौछार

जिले में शांतिपूर्ण तरीके से होली संपन्न होने के बाद पुलिस लाइन समेत विभिन्न थानों और चौकियों में गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने भी होली का जश्न मनाया। पुलिस लाइन में दमकल गाड़ी से रंगों की बौछार की गई, जिससे पूरा परिसर रंगों से सराबोर हो गया। डीजे की धुन पर थिरकते पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी और पर्व की खुशियां साझा कीं। एसपी सुकीर्त माधव ने मातहतों को पर्व की बधाई दी।

इस मौके पर डॉ.सतीश गंगवार, डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री, सौरभ गंगवार, पीएल गंगवार आदि मौजूद रहे। सभी ने जमकर रंग खेला।

# मां पूर्णागिरि मेला आज से, अधिकांश यात्री पीलीभीत से ही गुजरते हैं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में मां पूर्णागिरि धाम में शुक्रवार से मेला शुक्रवार से शुरू हो रहा है। देश के कोने-कोने से अधिकांश तीर्थयात्री पीलीभीत होकर ही पूर्णागिरि धाम पहुंचते हैं। उनकी सुविधा के लिए रेल महकमा शुक्रवार से बरेली-टनकपुर एवं कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू कर रहा है। संभवता परिवहन निगम भी अतिरिक्त रोडवेज बसें संचालित करने के साथ ही बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे।

चंपावत के टनकपुर स्थित मां पूर्णागिरि धाम में होली के बाद मेले का आयोजन होता है। इसमें देश के कोने-कोने से अधिकांश तीर्थयात्री पीलीभीत होकर गुजरते हैं। मेले को लेकर रेलवे प्रशासन

● **तीर्थयात्रियों की सुविधा को आज से चलेंगी दो मेला स्पेशल ट्रेन**

द्वारा मेला स्पेशल ट्रेन एवं परिवहन निगम की ओर से रोडवेज बसों का संचालन किया जाता है। इस बार भी रेल महकमे ने छह मार्च से दो जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन संचालित कर रहा है। इसमें बरेली जंक्शन-टनकपुर एवं कासगंज टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन शामिल हैं। इज्जतनगर मंडल के अधिकारियों के मुताबिक 6 मार्च को गाड़ी 05308 बरेली जंक्शन-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन बरेली जंक्शन से रात 1.50 बजे रवाना होगी। बरेली सिटी से 2.6 बजे, इज्जतनगर से 2.20 बजे, भोजीपुरा से 2.38 बजे, सेंथल से 2.55 बजे, बिजौरिया से 3.5 बजे, शाही से 3.15 बजे रवाना होकर सुबह तड़के 3.30 बजे पीलीभीत जंक्शन पहुंचेगी। पांच मिनट के ठहराव के बाद यह ट्रेन यहां से रवाना होकर सुबह 5.40 बजे टनकपुर स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यही ट्रेन रात 9.35 बजे टनकपुर स्टेशन से रवाना होकर रात 11 बजे पीलीभीत पहुंचेगी। 5 मिनट ठहरने के बाद ट्रेन विभिन्न स्टेशनों से होती हुई देर रात 1 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी।

दूसरी मेला स्पेशल 05451 कासगंज-टनकपुर ट्रेन कासगंज रेलवे स्टेशन से सुबह 4.35 बजे रवाना होगी। कासगंज से रवाना होकर यह ट्रेन विभिन्न स्टेशनों से होती हुई सुबह 7.15 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। यहां से रवाना होकर ट्रेन सुबह 10 बजे पीलीभीत जंक्शन और इसके बाद अपराह्न 12.15 बजे टनकपुर स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यही ट्रेन टनकपुर से दोपहर 1.10 बजे रवाना होकर 2.43 बजे पीलीभीत जंक्शन पर पहुंचेगी। पीलीभीत में पांच मिनट रुकने के बाद ट्रेन बरेली समेत विभिन्न स्टेशनों से होते हुए रात्रि 8 बजे कासगंज स्टेशन पहुंचेगी।

इधर यात्रियों की सुविधा को लेकर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर तैयारियां की गई हैं, ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। हालांकि परिवहन निगम भी अतिरिक्त बसों का संचालन करता है, मगर अभी डिपो की ओर से इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# बीसलपुर में भी रही होली की धूम

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्रभर में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को दिनभर रंगों की बौछार हुई। शाम को नगर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से बाजार कटरा में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विधायक विवेक वर्मा ने अध्यक्षता की और व्यापारियों से गले मिलकर शुभकामनाएं दीं।

वृंदावन के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अध्यक्ष राकेश चंद्र मित्तल, मयंक अग्रवाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, महेश चंद्र अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल आदि



बीसलपुर में होली खेलती महिलाएं। ● अमृत विचार

मौजूद रहे। मोहल्ला दुबे में भाजपा नेता मनोज गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की, युवा विकास सगठन के अध्यक्ष नितिन पाठक, जिला पंचायत सदस्य प्रियंका गंगवार आदि के कर्यालय में होली मिलन समारोह हुआ। भाजपा नेता डॉ. रत्नेश गगवार ने पर्व की बधाई दी। अपना दल कार्यालय पर संगठन शिवकुमार पटेल की मौजूदगी में होली मिलन हुआ। ग्राम बड़गांव में क्रांतिकारी विचार मंच के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने भी होली मिलन समारोह किया।

## पूर्णागिरि दरबार के लिए श्रद्धालुओं का पैदल जत्था रवाना

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पूरनपुर के मोहल्ला कायस्थान से गुरुवार को मां पूर्णागिरि दरबार के लिए 39वीं पैदल यात्रा जत्था श्रद्धा और भक्ति के साथ रवाना हुआ। यात्रा के प्रस्थान अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। श्रद्धालुओं का पटका पहनाकर स्वागत किया गया और मंगलमय यात्रा की कामना की। इस मौके पर सभासद विकास गुप्ता, सूरज बाथम, अश्वनी कुमार प्रजापति, सुमित कुशवाहा, दीपक गुप्ता, आलोक त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान के घर में घुसने की कोशिश

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार :** ग्राम धर्मगदपुर में बुधवार को कुछ युवकों ने पूर्व प्रधान के घर में जबरन घुसने का प्रयास किया। आरोपियों ने घर का दरवाजा तोड़ने की कोशिश की और गाली-गलौज करते हुए परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। घर में केवल महिलाएं और बच्चे थे। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हुए है। पुलिस को तहरीर दी गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मगदपुर निवासी शाइस्ता बेगम पत्नी वसीबुल्ला खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति वसीबुल्ला खान और देवर मसीउल्ला

● **महिलाओं को धमकाया, गाली-गलौज कर गेट तोड़ने की कोशिश**

खान तीन दिन बीमारी के कारण बरेली निजी अस्पताल में भर्ती हैं। ऐसे में घर पर केवल महिलाएं और बच्चे ही थे। आरोप है कि गांव के विकास यादव से उनके परिवार का विवाद चल रहा है। रंजिश के चलते वह परिवार को लगातार परेशान करने की कोशिश करता है।

पीड़िता का आरोप है कि बुधवार सुबह करीब 10:50 बजे विकास यादव तीन-चार साथियों के साथ उनके घर पहुंचा और होली खेलने का बहाना बनाकर मुख्य द्वार पर शोर-शराबा शुरू कर दिया। कुछ देर में गाली-गलौज करते हुए दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। घटना से घर के भीतर मौजूद महिलाएं घबरा गईं और खुद को कमरों में बंद कर लिया। परिजनों ने तत्काल फोन कर थाना माधोटांडा पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के मौके पर पहुंचने की भनक लगते ही आरोपी वहां से भाग निकले। जाते-जाते आरोपियों ने परिवार को अंजाम भुगतने और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की पूरी फुटेज घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें आरोपी गेट के पास हुड़दंग करते दिखाई दे रहे हैं। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है।

## बिलसंडा में भी खूब हुई रंगो की बौछार



बिलसंडा में होली खेलते युवा। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** होली का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार सुबह आखत डालने के बाद रंग खेला गया।होलिका दहन स्थल पर सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को रंग लगाकर खुशियां साझा की। बच्चे,युवाओं के साथ बुजुर्गों में रंग खेलने का उत्साह दिखा। कई जगह डीजे पर होली गीतों पर लोग जमकर थिरके। वहीं होली के दूसरे दिन थाना बिलसंडा और करेली के पुलिस कर्मियों ने होली खेली।

# सुबह से ही शुरू हो गई रंगों की बौछार

● **ढोलक की थाप और होली गीतों पर युवा, बुजुर्ग व बच्चे झूमते दिखे**

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार:** क्षेत्र में होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गली मोहल्लों में रंगों की बौछार शुरू हो गई और लोग मस्ती में सराबोर नजर आए। ढोलक की थाप और होली के गीतों की गूंज के बीच युवा, बुजुर्ग और बच्चे सभी झूमते दिखे।

लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली का यह पर्व सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में बुधवार दोपहर तक होली का आनंद लिया और पूरे क्षेत्र को खुशियों के रंगों से सराबोर कर दिया।



अमरिया में होली खेलते युवा। ● अमृत विचार

रंगों का त्यौहार | मेडिकल कॉलेज से लेकर निजी अस्पताल तक परेशान दिखे लोग

# होली मनाने के बाद रंग से आंखें हुईं लाल और त्वचा में इंफेक्शन की शिकायत

● **दवा और पर्चा काउंटर पर लगी रही मरीजों की भीड़**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** होली निपटते ही मौसम गर्म होना शुरु हो गया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि दिन में गर्म और रात में हल्का ठंडा मौसम लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है। इसके चलते सर्दी, जुकाम व बुखार के मरीज बढ़ने शुरु हो गए हैं। इधर, होली के बाद चर्म रोग और आंखों के मरीज भी तेजी से सामने आ रहे हैं। चिकित्सकों ने बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी है। खासकर शीतल पेय पदार्थों से दूरी बनानी होगी।

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में गुरुवार सुबह से ही मरीजों की भीड़ लगी रही। पर्चा बनवाने में डाक्टर कक्ष, दवा स्टोर और जांच सेंटर पर लंबी लाइनें दिखाई दीं। कारण होली पर्व के चलते अस्पताल बंद रहा था। ऐसे में होली के बाद भीड़ उमड़ने लगी है। इस भीड़ में दाद, खुजली, चकत्ते के साथ आंखों में संक्रमण की समस्या भी तेजी से बन रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज में आमूमन ओपीडी एक हजार के आसपास रहती है। मगर होली के बाद बदले मौसम और रंग गुलाल खान पकवान के चलते मरीजों की संख्या बढ़ गई। ओपीडी में 1289 पर्चे बने।

सुबह नौ बजे से ही पर्चा काउंटर पर कतार लग गई। डॉक्टरों के चैंबर के बाहर मरीज कतार में लगे दिखाई दिए। जहां मरीजों को घंटे तक लाइन में लगाकर इंतजार करना पड़ा। इसके बाद दवा काउंटर पर भी जदोजहद देखने को मिली। अधिकतर मरीज सर्दी, खांसी, बुखार, जुकान, पेट दर्द एवं डायरिया आदि के थे। कुछ होली पर खानपान तो अधिकांश बदलते मौसम का शिकार हो गए। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस व वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि होली पर ज्यादातर तला भुना हुआ भोजन लोगों ने किया। वहीं, कचरी, पापड़ और गुझिया भी खाए।

ठंड में शरीर को ऊर्जा की जरूरत होती है। इसलिए ज्यादा भोजन भी पच जाता है। मगर जब तापमान अधिक होता है, तो शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा की जरूरत नहीं होता। पाचन क्रिया मंद होने से अपच, गैस की दिक्कत होती है। डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की लाइन लगी रही। जहां मरीजों को एक-एक कर इलाज कर उन्हें दवा लिखी। दोपहर बाद तक दवा काउंटर और डॉक्टरों के कक्ष में मरीजों की भीड़ बनी रही।



मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन डिपार्टमेंट में मरीजों का चेकअप करते डॉक्टर।



मेडिकल कॉलेज में दवा काउंटर पर लगी भीड़। ● अमृत विचार



आंखों का चेकअप करतीं डॉक्टर। ● अमृत विचार

### केमिकल वाले रंगों से बिगड़ी त्वचा

बदलते मौसम के साथ जहां सर्दी, खांसी जुकाम के मरीज बढ़े हैं, तो वहीं होली में केमिकल युक्त रंग गुलाल से होली खेलने की वजह से एलर्जी और आंखों के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। गुरुवार को मेडिकल कॉलेज के कमरा नंबर 84 में मरीजों की लाइन लगी रही। किसी के चेहरे पर दाने निकलने की समस्या थी, तो कोई खुजली से परेशान था। मेडिकल कॉलेज के चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि होली पर रंग खेलने से तमाम लोगों का चेहरा खराब हुआ है। लोगों ने रंग छुटाने के लिए तमाम तरह के प्रयास किए और फेस को रगड़ दिया। जिसकी वजह से लोग एलर्जी के शिकार हुए हैं और दिक्कत हो रही है। ओपीडी में 124 से अधिक मरीज त्वचा की समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा आंखों में जलन और खुजली के भी मरीज पहुंच रहे हैं।

## जनसंपर्क कार्यालय में राज्यमंत्री ने खेली होली

**पीलीभीत, अमृत विचार:** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने बुधवार को अपने जनसंपर्क कार्यालय पर समर्थकों संग होली खेली। शहर के तमाम लोग भी पहुंचे और राज्यमंत्री संग पर्व मनाया। रंग और गुलाल की बौछार रही। राज्यमंत्री ने गले मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दी। इसके बाद शाम को राज्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारों के घर पहुंचकर मुलाकात की। अपनों को खो चुके करीब सौ परिवारों के घर राज्यमंत्री पहुंचे और संवेदनाएं व्यक्त की।



युवक को गुलाल लगाते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।



**इफ्तार** शुक्रवार सुन्नी: 6:18 शिया: 6:26

**सहरी** शनिवार सुन्नी: 5:07 शिया: 5:00

## जिले में आज

- शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज दोपहर 1.30 बजे।
- कलेक्ट्रेट में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं का ज्ञापन सुबह 10 बजे।
- यातायात पुलिस का चेकिंग एवं जागरुकता अभियान सुबह 11 बजे से।

# बकरी चराने गई वृद्धा की हत्या

## खेत में पड़ा मिला शव, गले में था साड़ी का फंदा, चप्पलें अलग-अलग पड़ी थीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



वृद्धा का शव मिलने के बाद लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बकरी चराने गई वृद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी गई। उसका शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला तो हड़कंप मच गया। गर्दन पर साड़ी का फंदा था और चप्पलें भी अलग-अलग स्थान पर पड़ी हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और मौका मुआयना किया। शव पोस्टमार्टम को भेज पुलिस छानबीन में जुट गई है। वृद्धा की हत्या की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।



मृतका धनदेवी।

घटना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम पंसोली की रहने वाली 60 वर्षीय धनदेवी पत्नी मंशाराम बुधवार को बकरी चराने के लिए गांव के बाहर की तरफ गई थी। इसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चल सका। जब काफी देर बाद भी वही घर नहीं लौटी तो परिवार वाले चिंतित हो गए। ग्रामीणों की मदद से कई जगह तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। परिवार वाले भी वापस घर आ गए। दूसरे दिन गुरुवार सुबह कुछ ग्रामीण पंसेली और सुस्वार गांव के पास नहर किनारे पहुंचे। इस दौरान लापता वृद्धा का शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। गर्दन पर साड़ी का फंदा था और चप्पलें भी दूर-दूर पड़ी हुई थी। उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। कुछ ही देर में मौके पर काफी ग्रामीण जमा हो गए।

परिवार वाले भी जानकारी मिलने पर पहुंच गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जहानाबाद पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। मृतका की एक चप्पल नहर किनारे और दूसरी खेत के भीतर मिली। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

> गला दबाकर वृद्धा की हत्या की गई है। मौका मुआयना कर जानकारी की गई है। पुलिस की टीमें पड़ताल कर रही हैं। परिवार से कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी गई है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
>
> -प्रदीप कुमार बिश्नोई, इंस्पेक्टर जहानाबाद।

### सभी पहलुओं पर पड़ताल कर रहीं टीमें

वृद्धा की हत्या की घटना के बाद वजह को लेकर सवाल खड़े हो गए। जिसका जवाब परिवार के साथ ही पुलिस भी तलाशने में जुटी रही। सीओ सदर नताशा गोयल ने भी मौका मुआयना कर जानकारी की। फारेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम के एक्सपर्ट ने मौके से सुराग जुटाने का प्रयास किया। ग्रामीणों से भी पुलिस जानकारी करती रही। सर्विलांस टीम की भी मदद ली जा रही है। सभी बिंदुओं पर पुलिस पड़ताल चल रही है।

# होली में चौपाई के दौरान विवाद से क्षुब्ध संत ने श्मशान में जमाया डेरा

संवाददाता, बरखेड़ा



अंत्येष्टि स्थल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

- बमुश्किल कार्रवाई का आश्वासन देकर पुलिस ने मनाया

**अमृत विचारः** होली को लेकर निकाली जा रही चौपाई के दौरान कस्बे के एक बाबा (संत) का कुछ लोगों से कुछ विवाद हो गया। जिससे बाबा क्षुब्ध होकर गुरुवार सुबह शमशान स्थल पर पहुंचकर वहां बने अंत्येष्टि स्थल पर अंत्येष्टि की पड़ी राख पर बैठ गए। उनका आरोप था कि दूसरे पक्ष के कुछ लोगों ने उसके साथ हाथापाई करते हुए अपमानित किया। मामले को लेकर भीड़ जुटी रही।

कस्बे के मोहल्ला कुंदनपुर में स्थित एक मढी पर बाबा हेमंत रहते हैं। बताते हैं कि बुधवार रात कस्बे में होली को लेकर चौपाई निकाली गई। इस दौरान बाबा और दूसरे पक्ष के लोगों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद बाबा निकाली जा रही चौपाई से चले गए। गुरुवार सुबह इस घटना से क्षुब्ध होकर बाबा कस्बा के वार्ड नंबर सात में स्थित शमशान स्थल पर पहुंचे। वहां पर बने अंत्येष्टि स्थल पर बीते दिवस बुधवार को किसी व्यक्ति की हुई अंत्येष्टि की राख पर बैठ गए। इस मामले की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके साथ ही कस्बे के कई व्यक्ति भी पहुंच गए।

पुलिस और सभ्रात व्यक्तियों के द्वारा बाबा को काफी समझाने का प्रयास किया गया लेकिन वह वहां से हटने को राजी नहीं हुए। काफी देर बाद बाबा के द्वारा सूचना देने पर करीब आधा दर्जन अन्य बाबा भी मौके पर आ गए। इसके बाद कार्यवाही का आश्वासन देकर जैसे तैसे मनाया गया। फिर मेडिकलन परीक्षण भी पुलिस ने कराया। फिर आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक बाबा ने शमशान स्थल पर रहने की बात कह दी। इसे लेकर भी काफी मशक्कत कर मनाया गया। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर कार्रवाई कराई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश में दो पक्ष भिड़े, क्रॉस रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष से गांव जल्लापुर निवासी मुरारी लाल की पुत्री बबली ने दी तहरीर में बताया कि 3 मार्च शाम 7 बजे गांव के लालाराम, सत्यपाल, राजवीर, मुकेश, गुड्डू उसके घर आए और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध पर मारपीट की गई। जब पति अभिलेष मौके पर बचाने पहुंचे तो उनको भी पीटा। दूसरे पक्ष से सतपाल ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने गांव से चुर्रासकतपुर जा रहे थे। रास्ते में गांव के राजू, उसके बहनोई ने घेराबंदी कर हमला कर दिया। पुलिस क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### भाजपा नेता ने पैतृक गांव में खेली खोली

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेंद्र मिश्र ने ग्राम कुकरीखेड़ा में ग्रामीणों के साथ होली पर्व मनाया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ होली के अवसर पर पूजा अर्चना की। होली पर्व का आनंद लिया। इस मौके पर अधिवक्ता महेंद्र मिश्रा, विजेंद्र मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, आयुष मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, सर्वेंद्र मिश्रा, प्रखर मिश्रा, नत्थूलाल मौर्य, तेजराम गंगवार, सुखलाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# रूपपुर कृपा में पुलिस और ग्रामीणों में हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सीओ ने अस्पताल पहुंचकर जुटाई जानकारी

**अमृत विचारः** रूपपुर कृपा गांव में पुलिस और ग्रामीणों में झड़प हो गई। आरोप है कि पुलिस ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता की। एक युवती समेत आठ लोगों को चोट आई। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीओ सिटी ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी की।

मंगलवार रात करीब 8 बजे सुनगढ़ी क्षेत्र के रूपपुर कृपा गांव में होलिका दहन स्थल के पास दो पक्षों में विवाद की सूचना पर दरोगा प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल शाहिद मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, कुछ लोग नशे में अभद्रता करने लगे। इस पर अतिरिक्त फोर्स बुलानी पड़ी। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि जब गांव के लोग होलिका पूजन के लिए जा रहे थे, तो पुलिस ने बिना किसी महिला पुलिसकर्मी के घरों में दबिश दी और मारपीट की। इसमें मिथलेश पुत्री जगदीश, अनीता, पूनम, चंद्रकली, शकुंतला, विजय और राममूर्ति को चोट आई। आरोप है कि पुलिस ने दिव्यांग दंपती उर्मिला और नन्हे लाल के घर में घुसकर अभद्रता की। तोड़फोड़ की। मोबाइल से वीडियो बनाने की कोशिश की। ग्रामीणों ने युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गांव में पुलिस बल तैनाती रहा। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी अस्पताल पहुंचे और ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इस पर ग्रामीण शांत हो गए। सुनगढ़ी पुलिस जांच कर रही है।

# हादसों में महिला समेत चार की मौत, दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बिलसंडा, करेली और जहानाबाद थाना क्षेत्र में हुए हादसे
- त्यौहार के दिन पहुंची मौत की खबर, खुशियां मातम में बदलीं

**अमृत विचारः** धुलेंडी के दिन वाहनों की रफ्तार चार परिवारों की खुशियों को मातम में तब्दील कर गई। बिलसंडा, जहानाबाद और करेली थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। संबंधित थानों की पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया। मृतकों के परिवार में चीख पुकार मची रही।



मृतक महिला के परिवार वालों से जानकारी करती जहानाबाद पुलिस।

पहला हादसा बिलसंडा क्षेत्र में हुआ। बीसलपुर-बिलसंडा मार्ग पर गौहनियां गांव के पास दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। मृतकों की शिनाख्त बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिय ताल्लुके ईटगांव निवासी सुरेंद्र कुमार उर्फ हरीश पुत्र नेमचंद्र (25) और दूसरे मृतक की पहचान पुवायां शाजहापुर क्षेत्र के ग्राम बढ़ेला बड़ागांव निवासी धनपाल (30)पुत्र हरेंद्र कुमार के रुप में हुई।

मृतक सुरेंद्र अपनी ससुराल गंगुआपुर से होली खेलकर लौट रहे थे। वहीं, मृतक धनपाल अपने भाई दीपू की ससुराल बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम बकैनिया से होली खेलने के बाद बहनोई के घर मरौरी खास गांव जाने के लिए निकले थे। मगर, रास्ते में ही दोनों की बाइक आपस में टकरा गई और दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर दोनों के परिवार वाले भी आ गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। वहीं, करेली थाना क्षेत्र में भी मीरपुर गांव के पास दो बाइकों की टक्कर हो गई।

हादसे में शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम कटैया उस्मानपुर निवासी अमरजीत (24) पुत्र रामबहादुर की मौत हो गई। वह बाइक से करेली क्षेत्र के ग्राम तिल्छी गांव में फूफा रामचरन के घर होली मिलने के लिए जा रहे थे। इसी हादसे में शाहजहांपुर जनपद के बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम कमालपुर निवासी पंकज पुत्र रामकिशन और खुटार थाना क्षेत्र के ग्रम इटरुआ निवासी अरविंद पुत्र रामफूल भी घायल हुए। उन्हें सीएचसी बिलसंडा से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

तीनों के शवों का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इधर, जहानाबाद क्षेत्र में एक महिला की सड़क हादसे में जान चली गई। हादसा बरेली-पीलीभीत हाईवे पर ललौरीखेड़ा ब्लाक के पास मंगलवार देर रात हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर से गांव बालपुर निवासी 60 वर्षीय रामकली पत्नी दुर्गाप्रसाद की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शिनाख्त कर परिवार वालों को बुलाया।

उन्होंने बताया कि रामकली मंगलवार दोपहर को ही घर से निकली थी। शाम को घर ना पहुंचने पर परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे। मगर कुछ पता नहीं चल सका था। परिजन इसकी सूचना देने ललौरीखेड़ा पुलिस चौकी पहुंचे। इस दौरान जानकारी मिल गई और परिवार में कोहराम मच गया। बताते हैं कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी।

# रिश्तेदार की प्रधान से सुलह कराने गए चेयरमैन पर हमला

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** एक मामले में रिश्तेदार की ग्राम प्रधान से सुलह कराने के लिए रुरिया गांव पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष पर हमला कर दिया गया। आरोप है कि साजिश के तहत ग्राम प्रधान ने सुलह के लिए गांव बुलाया। पहुंचते ही पहले रिश्तेदार पर साथियों संग मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। चेयरमैन ने बचाने का प्रयास किया तो उन पर भी हमलावर हो गए। कार में भी तोड़फोड़ की गई।



हमले में घायल श्यामू गुप्ता।

कस्बे के रहने वाले श्यामू उर्फ लाडले ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक एजेंसी में फाइनेंस मैनेजर हैं। आरोप है कि गांव रुरिया के प्रधान कालीचरण एजेंसी पर बाइक के एक्सीडेंट से जुड़े मामला लेकर आए थे। इस दौरान बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। इसकी शिकायत उन्होंने अपने ममेरे भाई चेयरमैन डीके गुप्ता से की। चेयरमैन ने बात की तो प्रधान ने चेयरमैन व उन्हें समझौते के लिए गांव बुलाया। इस पर गुरुवार दोपहर को जब वह लोग पहुंचे तो आरोप है कि गाम प्रधान व उसके साथ मौजूद लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। लाठी-डंडे, धारदार हथियारों से हमला कर दिया। प्रधान ने पीड़ित के सिर पर वार कर घायल कर दिया। चेयरमैन व साथ गए अन्य लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो उन पर भी हमला कर दिया। 4 पहिया गाड़ी भी तोड़ दी गई। किसी तरह भागकर सभी ने जान बचाई। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कराई जा रही है।

# एक युवक, महिला का फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, दियोरियाकलां/गजरौला

**अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों के शव फंदे से लटके मिले। गजरौला क्षेत्र में मां की डांट से क्षुब्ध होकर युवक के खुदकुशी करने की आशंका जताई गई, जबकि दियोरियाकलां क्षेत्र में पति की गैर मौजूदगी में महिला का शव फंदे से लटका मिला। पहुंची थानों की पुलिस ने जानकारी जुटाई। घटना के चलते गांव में हड़कंप मचा रहा।



मृतका रानी देवी।

गजरौला थाना क्षेत्र ग्राम सिरसा सरदाह निवासी 19 वर्षीय सुभाष पुत्र रामप्रताप खेती करते थे। बुधवार को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव दियूरी हाल्ट से कुछ दूरी पर यूकेलिप्टिस के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों की नजर पेड़ पर लटके शव पर पड़ी तो भीड़ जुट गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। फॉरेंसिक टीम ने भी सुरागरसी की।



युवक का शव मिलने की सूचना पर पहुंची गजरौला पुलिस। ● अमृत विचार

- त्यौहार के दिन हुई घटना से दोनों परिवारों में पसरा मातम

इस दौरान सामने आया कि सुभाष को उसकी मां ने डांट दिया था। जिसके बाद वह नाराज होकर घर से निकल गया था।

इधर, त्यौहार के दिन युवक की मौत से परिवार का खुशनुमा माहौल मातम में बदल गया। परिजनों का रोकर बुरा हाल रहा। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मां की डांट से क्षुब्ध होकर युवक के फंदे से लटककर खुदकुशी करने की बात निकलकर आई है। फिलहाल जांच करा रहे हैं।

इधर, दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुर फाजिलपुर की रहने वाली 28 वर्षीय रानी देवी पत्नी प्रेम कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव बुधवार शाम फंदे से लटका मिला। उस वक्त पति गांव में होली मिलने गए थे। वापस आने पर शव लटका देखा तो होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। पुलिस ने जानकारी की।

मृतका का मायक पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जटपुरा में है। करीब 10 साल पहले शादी हुई थी। मृतका के एक पुत्र और पुत्री है। एसओ दियोरियाकलां गौतम सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। किसी तरह की तहरीर नहीं मिली है।

### महिला के मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

मृतका रानी देवी की ससुराल में संदिग्ध हालात में हुई मौत के बाद मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जटपुरा निवासी रामसनेही पुत्र अगनेलाल ने दियोरियाकलां कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि चार मार्च की शाम साढ़े सात बजे किसी व्यक्ति से पुत्री की मौत की सूचना मिली थी। इस पर वह बेटी की ससुराल पहुंचे। ससुरालियों पर गला दबाकर महिला की हत्या करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। ये भी कहा कि आरोपी गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार की तैयारी में थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फायर लाइन कटिंग का अधिकांश कार्य पूरा



जंगल में आग से बचाव को लेकर अभ्यास करते वनकर्मी। ● अमृत विचार

- पीटीआर में जल्द शुरू होगी कंट्रोल बर्निंग, वनों को आग से बचाने की कवायद हुई तेज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गर्मी के सीजन में जंगलों में लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए वन महकमा अलर्ट हो गया है। फायर सीजन को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही है। कंट्रोल रूमों की स्थापना की जा चुकी है। सभी रेंजों में संभावित आग पर काबू पाने के लिए फायर कटिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही जंगल सीमा क्षेत्र में कंट्रोल बर्निंग शुरू की जाएगी।

गर्मी में सूखे पत्तों से भरे जंगल में आग की एक छोटी से चिंगारी भी भीषण रूप धारण कर लेती है। जंगलों में लगने वाली से केवल वन संपदा ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों की भी मौतें हो जाती है। जंगलों में लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभारी डीएफओ भरत कुमार डीके के निर्देश के बाद सभी रेंजों में आग से बचाव के संबंधित कार्य तेजी से चल रहे हैं। पीटीआर की महोफ रेंज, माला, दियोरिया, हरीपुर एवं बराही रेंज में फायर लाइन कटिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वन अफसरों के मुताबिक फायर लाइन कटिंग के बाद कंट्रोल बर्निंग की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, ताकि जंगल में आग लगने पर उस पर तत्काल काबू में किया जा सके।

### सूचना तंत्र को भी किया गया मजबूत

फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया देहरादून द्वारा सेटेलाइट के जरिए जंगलों में लगने वाली आग पर नजर रखी जाती है। अलर्ट मैसेज के जरिए वन अफसरों को आग लगने के जानकारी दी जाती है। इसको लेकर पीटीआर में सूचना तंत्र को मजबूत किया गया है। टाइगर रिजर्व मुख्यालय पर फायर कंट्रोल रूम की स्थापना की जा चुकी है। जिसका दूरभाष नंबर 05882–253092 है। कंट्रोल रूम में लगातार 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती भी की चुकी है। तैनात वनकर्मी ड्यूटी के दौरान आग की सूचना मिलने पर उसे रजिस्टर में दर्ज करेंगे। कनिष्क सहायक आमिर बेग को प्रभागीय कंट्रोल रूम के प्रभारी के रूप में नामित किया गया है। इसी कंट्रोल रूम में प्रभागीय वायरलेस कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में तैनात वनकर्मी वायरलेस से भी सभी रेंजों में स्थापित वायरल स्टेशनों से आग की सूचना की जानकारी प्रत्येक दिन लेंगे।

> उच्चाधिकारियों के निर्देश पर फायर सीजन को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही है। कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। सभी रेंजों में फायर कटिंग का कार्य लगभग हो चुका है। अन्य कार्य भी चल रहे हैं। सभी रेंज अधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा गया है।
>
> -भरत कुमार डीके, प्रभारी डीएफओ, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

रेंजों में फायर कंट्रोल मॉकड्रिल भी हो चुका है, ताकि आपात स्थिति होने पर तत्काल एक्शन लिया जा सके।

# ग्रामीणों के साथ मारपीट, वन दरोगा समेत चार लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



घायल वन कर्मियों का इलाज करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

- लकड़ी कटान और शिकार की सूचना पर पहुंची थी टीम, हमला करने का आरोप

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज के बनकटी क्षेत्र में वन विभाग की टीम और ग्रामीणों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। घटना में वन दरोगा समेत चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला और मारपीट के आरोप लगाए हैं। वन दरोगा की तहरीर पर 14 नामजद समेत करीब 50 अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि ग्रामीणों की ओर से भी पुलिस को तहरीर देकर वनकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

वन विभाग के अनुसार तीन मार्च की रात करीब पौने नौ बजे बनकटी चौकी पर तैनात वन दरोगा सुमित कुमार गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम मरौरी की ओर से कुछ लोग डंडा, कुल्हाड़ी और अन्य धारदार हथियारों के साथ जंगल की ओर बढ़ रहे हैं और लकड़ी काटने के साथ वन्यजीवों के शिकार की तैयारी में हैं। सूचना पर उन्होंने वन रक्षक रामस्वरूप, रामूर्ति और कालीचरन को मौके पर बुलाया। साथ ही वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डिप्टी रेंजर शेर सिंह और टाइगर ट्रैकर धर्मेंद्र कुमार भी वहां पहुंच गए। टीम ने मरौरी क्रॉसिंग मचान के पास पहुंचकर भीड़ को रोकने की कोशिश की।

आरोप है कि इस दौरान करीब सौ से अधिक लोगों की भीड़ ने वनकर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए हमला कर दिया। हमले में वन दरोगा सुमित कुमार और टाइगर ट्रैकर धर्मेंद्र कुमार घायल हो गए, जबकि विभागीय वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वन विभाग की ओर से ग्राम प्रधान मेवाराम पर फोन कर ग्रामीणों को भड़काने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर थाना न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह वनकर्मियों को भीड़ से निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया।

वन दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान मेवाराम, नितिन, बंटी, लालाराम, रूपराम, ज्ञानी, प्रेमराज, बालकराम, राकेश, राजकुमार, पप्पू, खूबचंद, इमरता, बाबूजी को नामजद करते हुए 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं दूसरी ओर ग्राम मरौरी निवासी अशोक कुमार ने भी थाना न्यूरिया पुलिस को तहरीर देकर वनकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वह खेत पर जानवर भगाने गए थे, जहां गांव के कुछ लोग जंगल से बाहर झाड़ियां काट रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान वन विभाग के कर्मचारी वहां पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने पर उनके साथ भी मारपीट की गई, जिसमें वह और गांव के ओमप्रकाश घायल हो गए।

अशोक कुमार ने वन दरोगा सुमित कुमार, वन रक्षक सचिन, डिप्टी रेंजर शेर सिंह और हरमेंद्र को नामजद करते हुए कार्रवाई की मांग की है। न्यूरिया एसओ सुभाष मावी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीरों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के लिए पुलिस टीम को गांव भेजा गया है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पहले धमकाया था, फिर नष्ट कर दी पालेज

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव टिहुलिया निवासी जयवीर, गांव पुरैना निवासी वीरपाल, झब्बर सिंह, गांव खिरकियां निवासी रामनरेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी देवहा नदी किनारे पालेज की फसल तैयार थी। आरोप है कि गांव टिहुलिया निवासी एक व्यक्ति के द्वारा तैयार फसलों को नष्ट करने की पूर्व में धमकी दी गई थी। इन चार लोगों के अलावा गांव पुरैना के ही जितेंद्र कुमार, छोटेलाल, खिरकिया निवासी देव कुमार की भी तैयार पालेज की फसल करीब 50 बीघा बुधवार रात में उखाड़ कर नष्ट कर दी गई। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# दुष्कर्म के बाद की गई थी छात्रा की गला दबाकर हत्या

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई पुष्टि, शव पर मिले चोटों के 6 निशान, एलआरपी चौकी प्रभारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जनपद में कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कक्षा 11 की छात्रा की अपहरण के बाद हत्या की सनसनीखेज वारदात ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एसपी ने एलआरपी चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया है। उधर आक्रोशित परिवार वालों ने दोषी पुलिस वालों पर कार्रवाई की मांग करते हुए शव लेने से इंकार कर दिया। करीब 20 घंटे तक चली मान मनौव्वल के बाद परिजन माने और गुरुवार को शव ले गए।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजनों ने बताया कि 24 फरवरी को 16 वर्षीया छात्रा बैंक जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वह वापस नहीं लौटी। वह शहर के एक मोहल्ले में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रही थी। किशोरी के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। लखीमपुर पहुंचे परिजनों ने सदर कोतवाली पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। किशोरी को बरामद करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए।



ग्रामीणों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार



पोस्टमार्टम हाउस पर शहर कोतवाल से जानकारी करते सांसद उत्कर्ष वर्मा।

● 20 घंटे पोस्टमार्टम हाउस में रखा रहा छात्रा का शव

मंगलवार को किशोरी का शव गांव के जंगल के पास से बरामद हुआ तो लोग आक्रोशित हो उठे। बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह भी फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। बुधवार दोपहर छात्रा के शव का तीन डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया, जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म और गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। इस पर परिजन और आक्रोशित हो गए। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव पोस्टमार्टम हाउस से न ले जाने की बात पर अड़ गए।

पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी परिजन वापस लौट गए। इससे पुलिस के चेहरों की हवाइयां उड़ने लगीं। पुलिस अफसरों के निर्देश पर शव फ्रीजर में रखवा दिया और निगरानी में दो सिपाहियों की तैनाती कर दी। गुरुवार सुबह मामला एक बार फिर से गर्म हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ पहुंचे परिजन लापरवाही बरतने वाले चौकी प्रभारी के निलंबित करने की बात पर अड़ गए। इस बात की जानकारी होते ही सहायक पुलिस अधीक्षक सीओ विवेक तिवारी, एएसपी पूर्वी पवन गौतम, शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह दलबल के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। साथ ही सांसद उत्कर्ष वर्मा और सदर विधायक योगेश वर्मा भी मौके पर पहुंच गए।

सांसद और विधायक ने भी परिवार वालों को समझा बुझाकर किसी तरह से शांत कराया। वहीं पुलिस अफसरों ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और मुकदमे में दुष्कर्म और हत्या की धाराएं बढ़ाए जाने की बात कही। इस पर परिजन परिजन शांत हुए और शव गांव लेकर चले। उधर पुलिस ने सीडीआर कॉल डिटेल और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी थाना ईसानगर के गांव मुडिया निवासी दीपक आनंद को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाल ने बताया कि आरोपी का चालान भेजा गया है।

> शव का पैनल व वीडियोग्राफी से पोस्टमार्टम कराया गया। प्राइवेट पार्ट पर चोट के निशान मिले हैं। गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। फुटेज के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। मामले में लापरवाही बरतने पर एलआरपी चौकी प्रभारी डिंपल को निलंबित कर दिया गया है।
> **-डॉ. ख्याति गर्ग**, एसपी।

### पति के बाद अब बेटी की मौत

परिजनों के मुताबिक मृतका किशोरी के पिता की कई साल पहले ही मौत हो गई थी। बेवा मां और बहन के साथ किशोरी शहर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। मध्यम वर्गीय मृतका किशोरी की मां किसी तरह से परिवार का भरण पोषण कर रही थी। अचानक पुत्री की मौत ने परिजनों को झकझोर दिया। मृतका की मां का रो-रोकर बुरा हाल था।

# शव मिला तो खुली पुलिस की आंखें, गुमशुदगी पर चुप्पी

टीएन अवस्थी, लखीमपुर खीरी

● जांच में ढिलाई और सिस्टम की विफलता पर उठे सवाल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में एक छात्रा का शव बरामद होने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों ने छात्रा के लापता होने की सूचना समय रहते पुलिस को दे दी थी, लेकिन शुरुआती स्तर पर पुलिस ने मामले को उतनी गंभीरता से नहीं लिया। जितनी तेजी शव बरामद होने के बाद दिखाई। यदि उसी समय पुलिस सक्रियता दिखाती, तो शायद घटना को रोका जा सकता था। जनपद में लगातार महिला एसपी के बाद भी बढ़ती महिला अपराध की घटनाओं ने महिला सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

परिजनों के अनुसार 24 फरवरी की शाम छात्रा के घर न लौटने पर एलआरपी चौकी इंचार्ज और कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई थी। आरोप है कि पुलिस ने प्रथम दृष्टया मामले को प्रेम प्रसंग मानकर गंभीरता नहीं दिखाई। मोबाइल सर्विलांस और पूछताछ की औपचारिक प्रक्रिया जरूर शुरू हुई, लेकिन जमीनी स्तर पर उसकी तलाश के लिए कोई कदम नहीं उठाए और कुंडली मारकर पुलिस बैठ गई। जब गांव के पास जंगल में छात्रा का शव बरामद हुआ, तब पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

सात दिन तक कुंडली मारकर बैठी पुलिस अचानक सक्रिय हो गई। उसने आनन-फानन में सीसीटीवी फुटेज खंगाली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी युवक छात्रा को बाइक से ले जाता दिखा। वह अकेले बाइक से आता हुआ भी कैमरे में कैद हुआ। सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर डिटेल के आधार पर पुलिस दो घंटे के अंदर ही आरोपी तक पहुंच गई। अब सवाल यह उठता है कि पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद छात्रा की तलाश में क्यों नहीं जरूरी कदम उठाए। पुलिस तभी यदि संजीदा हो जाती और सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए जांच तेज कर देती तो शायद छात्रा की की जान बच सकती थी, लेकिन पुलिस ने तत्परता नहीं दिखाई। सात दिनों तक मामले को डाले रखा।

गुमशुदगी के मामलों को लेकर हमेशा ढुलमुल रवैया अपनाने वाली पुलिस प्रेम प्रसंग को मानते हुए हाथ पर हाथ धरे बैठी रही।

### सांसद ने पुलिस की कार्यशैली पर जताई नाराजगी

**लखीमपुर खीरी।** पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने घटना पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि घटना बेहद दु:खद और चिंताजनक है। परिवार पहले ही बच्ची के लापता होने की सूचना दे चुका था। यदि पुलिस ने तत्परता दिखाई होती और तत्काल तलाश की होती तो संभव है कि इस जघन्य अपराध को टाला जा सकता था। प्रदेश में लगातार बढ़ रही महिला अपराध की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को और अधिक सख्त एवं संवेदनशील बनाने की जरूरत है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। यह घटना महिला सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार :** ढखेरवा-सिसैया हाईवे पर गुरुवार शाम पीआरवी वाहन और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक की जिला अस्पताल में मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

गुरुवार शाम करीब छह बजे धौरहरा वन रेंज कार्यालय के पास डायल 112 के पीआरवी वाहन संख्या UP 32 DG 5774 की सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार 55 वर्षीय सतीश पाठक निवासी आजमगढ़, आरक्षी रामजीवन (35) और होमगार्ड सरवन यादव (45) घायल हो गए।



घटना स्थल पर जुटी भीड़ और क्षतिग्रस्त पीआरवी वाहन। ● अमृत विचार



घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त पीआरवी वाहन।

● धौरहरा वन रेंज कार्यालय के पास पीआरवी वाहन और बाइक की भिड़ंत

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष रविंद्र सोनकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा पहुंचाया।

यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने होमगार्ड सरवन यादव और बाइक सवार सतीश पाठक की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में सतीश पाठक की मौत हो गई। थानाध्यक्ष रविन्द्र सोनकर ने बताया कि हादसे में घायल दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# चोरी का आरोप लगा बालिका को पीटा

**उचौलिया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर निवासी शादाब पुत्र नईम ने गांव के चार लोगों पर उसकी 12 वर्षीय बालिका उमरा पर झूठा चोरी का आरोप लगाते हुए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसकी पुत्री उमरा गांव के बाजार में सामान लेने गई थी। वहीं गांव के परशुराम व गुफरान उसे कर बाइक पर बैठाकर सर्वेश के घर ले गये। वहां कमरे में बंद कर साइकिल चोरी का झूठा आरोप लगाया और परशुराम की पुत्री शीला देवी और पुत्र चंदन ने उसे मारापीटा। बाद में आरोपी उसके मकान पर आकर परिवार वालों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतर आए। मुख्य वजह इससे पहले पुलिस में की गई शिकायत को वापस लेने का दबाव बनाना थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# हादसों में दो की मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** रंगों के त्यौहार होली पर अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतकों के घरों में कोहराम मच गया। होली की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं।

पहला हादसा सदर कोतवाली क्षेत्र में हुआ। शहर से सटे गांव राजापुर निवासी 40 वर्षीय छोटेलाल बुधवार सुबह करीब 10 बजे अपने चचेरे भाई अंकित के साथ बाइक से रंग खेलने निकले थे। बताया जाता है कि एलआरपी रोड स्थित फन मॉल के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने छोटेलाल को मृत घोषित कर दिया। अंकित का उपचार गंभीर हालत में जारी है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। दूसरी घटना में सीतापुर जिले के थाना हरगांव क्षेत्र के गांव तकिया सुल्तानपुर निवासी विनोद की आठ वर्षीय बेटी लक्ष्मी बुधवार को घर के बाहर बच्चों के साथ रंग खेल रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खेलते-खेलते वह घर के सामने सड़क पर पहुंच गई। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक से आ रहे एक युवक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लक्ष्मी गंभीर से घायल हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लखीमपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पिकअप के नीचे दबकर युवक की मौत

**निघासन, अमृत विचार :** रमियाबेहड़ क्षेत्र के मजरा चहलुवा निवासी पटवारी (22) पुत्र अवध राम चौहान बुधवार दोपहर अपने पड़ोसियों के साथ होली खेलने लबेदपुर गया था। ग्रामीणों के अनुसार डीजे की धुन पर लोग रंग और गुलाल उड़ाते हुए नृत्य कर रहे थे। इस दौरान पटवारी पिकअप के पीछे डाले पर बैठा था। पिकअप चालक ने अचानक वाहन को बैक किया, जिससे संतुलन बिगड़ने पर पटवारी नीचे गिर गया और वाहन का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है। होली की खुशियां इस हादसे से मातम में बदल गईं।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत, एक घायल

संवाददाता, केशवापुर

● मृतक की नहीं हो सकी पहचान, पुलिस ने शव जिला मुख्यालय भेजा

**अमृत विचारः** थाना हैदराबाद क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे 730 पर इंडियन ऑयल की सराहा पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार सुबह छह बजे गोला की ओर से पैदल आ रहे एक व्यक्ति को पीछे से चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिससे व्यक्ति सड़क पर काफी दूर जा गिरा और मौके पर ही मौत हो गई। वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

पंप के कर्मचारियों ने बताया कि पैदल आ रहे व्यक्ति को पीछे से कार ने टक्कर मार दी। जब तक हम लोग मौके पर पहुंचे तब तक कार चालक कार सहित फरार हो गया। ढकवा पुलिस चौकी इंचार्ज जयनारायण ने बताया कि मृतक की पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। इसलिए शव का पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय मोर्चरी भेजा है।

दूसरी घटना थाना गोला क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर शहाबुद्दीनपुर मोड के निकट गुरुवार सुबह 6.40 बजे गोला की ओर जा रही बाइक में कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सवार बाइक सहित दूर जा गिरा, जिसमें बाइक चालक महेंद्र कुमार (45) पुत्र रामासरे निवासी गांव धौरहरा, थाना फूलबेहड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची गोला पुलिस ने राहगीरों की मदद से 108 एम्बुलेंस से सीएचसी फरधान भिजवाया, वहीं कार चालक सोनू (33) व उनकी पत्नी आकांक्षा (30) निवासी कोतवाली आयानगर जिला दक्षिणी दिल्ली को कोई चोट नहीं आई। दुर्घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जिन्हें गोला पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष के निधन पर शोक

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय परिषद सदस्य सुरेश गंगवार के छोटे भाई और पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वीओ डॉक्टर दक्ष गंगवार के चाचा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रह चुके बीसलपुर निवासी राकेश गंगवार का बीमारी के कारण निधन हो गया।



राकेश गंगवार।

उनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में कस्बा बीसलपुर में हुआ। भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेंद्र मिश्र, पूर्व मंत्री राम सरन वर्मा ,पूर्व सभासद नीरज अग्रवाल, सोनू महातिया, लालता प्रसाद मौर्य आदि ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोकाकुल परिवार से शोक संवेदना व्यक्त की।

# गांव कोठापुर में करंट लगने से महिला की मौत

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** मैलानी थाना क्षेत्र के गांव कोठापुर में राहुल की पत्नी कुसुमा देवी (30) होली के दिन कपड़ा धोकर उसे सुखाने के लिए तार पर डाल रही थी, इतने में तार मे करंट आने से झटका लग गया एवं वह जमीन पर गिर पड़ी।

परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज लाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मायके वालों को सूचना देकर पंचायत नामा की कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भिजवा दिया। होली के दिन पूर्व हुई इस घटना ने परिवार के लिए होली का रंग बेरंग कर दिया है।



**इफ्तार**
शुक्रवार
सुन्नी : 6:13
शिया : 6:15

**सहरी**
शनिवार
सुन्नी : 5:00
शिया : 5:02

## न्यूज ब्रीफ

### मिल बंदी का दूसरा नोटिस जारी

**पलिया कलां, अमृत विचार :** स्थानीय बजाज चीनी मिल ने मिल बंदी की दूसरी नोटिस जारी की है। चीनी मिल के यूनिट हेड ओपी चौहान ने बताया कि मिल क्षेत्र के कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना समाप्त हो गया है, जिस कारण चीनी मिल को मांग के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे मिल का पेराई कार्य बाधित हो रहा है। मिल बंदी की सूचना गन्ना समिति को भी भेज दी गई है। जिन किसानों के पास अवशेष गन्ना है वह 8 मार्च तक चीनी मिल को अपना गन्ना आपूर्ति कर दें।

### गांव सिसैया कलां भैंस और बांट चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा के गांव सिसैया कलां निवासी श्रीकेशन ने बताया कि चोर उसके कारखाने के पास बंधी कीमता भैंस और कारखाने में रखे 5,10 व 20 किलो के बांट चोरी कर ले गए। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**होला महल्ला के अंतिम दिन उमड़ी भारी संगत, संत बाबा गुरनाम सिंह कार्यक्रम में बोले**

# समागमः कच्चे रंग को छोड़कर नाम के रंग में रंगना चाहिए

**संवाददाता, महंगापुर**

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा नानक पियाऊ महंगापुर में सचखंडवासी संत बाबा तारा सिंह कार सेवा सरहाली साहिब वालों के चरण सेवक संत बाबा घोला सिंह की सरपरस्ती तथा जत्थेदार संत बाबा गुरनाम सिंह की अगुवाई में देश-विदेश और क्षेत्रीय संगत के सहयोग से श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा तीन दिवसीय होला महल्ला गुरमत समागम तीसरे दिन अरदास के साथ संपन्न हो गया।

समागम के अंतिम दिन ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका आदि देशों और दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब व उत्तराखंड से धर्मगुरु और जत्थे पहुंचे। उन्होंने गुरुवाणी का कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इसके अलावा शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, पीलीभीत, बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर, गोला, मोहम्मदी और उचौलिया सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों वाहनों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष संगत गुरुद्वारे पहुंची। संगत ने गुरु घर में मत्था टेककर सेवा की और लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

संत बाबा गुरनाम सिंह ने समागम में पहुंची संगत का आभार व्यक्त करते हुए होला महल्ला की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मनुष्य को कच्चे रंगों को छोड़कर ईश्वर के नाम के रंग में रंगना चाहिए और तन-मन से सेवा करनी चाहिए। कई राज्यों से आए जत्थों के धर्मगुरुओं और महापुरुषों ने संत बाबा गुरनाम सिंह को ऐसे बड़े धार्मिक आयोजन और सेवा कार्यों के लिए मंच पर सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

समागम में संत बाबा घोला सिंह, बाबा मुख्तियार सिंह, रागी जत्था भाई हीरा सिंह महंगापुर, अमनदीप सिंह हरमंदिर साहिब (पंजाब), रागी महताब सिंह जालंधर, ढाढी जत्था लखविंदर सिंह सोहल (पंजाब), कविशरी जत्था सुलख्खन सिंह रियाड़ (पंजाब), कथावाचक साहब सिंह (कनाडा) और कथावाचक सर्वजीत सिंह (लुधियाना) सहित कई धर्मगुरुओं ने कीर्तन व गुरुवाणी का रसपान कराकर संगत को निहाल किया।

गुरमत समागम के दौरान 24 घंटे विशाल गुरु का लंगर चलता रहा। सेवादारों ने समागम में बढ़-चढ़कर सेवा की। समागम का समापन बाबा कुलदीप सिंह ने अरदास के साथ किया। संचालन स्टेज सेक्रेटरी महताब सिंह भिंडर ने किया।

इस मौके पर मुख्य सेवादार भाई गुरप्रीत सिंह भिंडर, गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह, प्रधान तीर्थ सिंह, प्रधान गुरमीत सिंह, प्रधान जितेंद्र सिंह लाडा, प्रधान गुरदीप सिंह, पूर्व प्रधान मंजीत सिंह, जसवंत सिंह संधू, सुखविंदर सिंह, सर्वजीत सिंह छब्बू, वनबीट ग्रुप के चेयरमैन सरदार बहादुर सिंह, गोल्डन फ्लावर स्कूल के चेयरमैन जसमेल सिंह मांगट, हरप्रीत सिंह हैप्पी धालीवाल, अमन मांगट, सुरेंद्र सिंह गिल, मैनेजर सर्वजीत सिंह, सतवीर सिंह सहित तमाम कारसेवकों ने योगदान दिया।



होला महल्ला गुरमत समागम मे मंच पर मौजूद जत्थे व संत बाबा गुरनाम व अन्य। ● अमृत विचार



संत बाबा गुरनाम सिंह को सरोपा भेंट करते जत्थों के महापुरुष। ● अमृत विचार

### वन बीट हॉस्पिटल ने लगाया निशुल्क मेडिकल कैम्प

समागम में वन बीट हॉस्पिटल ने निशुल्क मेडिकल कैम्प लगाकर मरीजों का उपचार कर दवाएं दीं। इस दौरान 57 लोगों ने रक्तदान किया। वन बीट हॉस्पिटल चेयरमैन सरदार बहादुर सिंह के नेतृत्व में चिकित्स्क टीम के ईएमओ डॉ. आशीष, जर्नल फिजिशियन डॉ. रूपिंदर कौर, डीएनबी डॉ विवेक मिश्रा, जर्नल फिजिशियन डॉ. सौरभ वर्मा आदि टीम की मौजूदगी में तीन हजार मरीजों का उपचार कर दवाएं दी गईं।

### समागम में अल्पसंख्यक आयोग सदस्य और पलिया विधायक पहुंचे

उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परमिंदर सिंह, पलिया विधायक रोमी साहनी, आल इंडिया पंजाबी वेल्फेयर काउंसिल राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी, जिलाध्यक्ष पाल सिंह, भारतीय सिख संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसवीर सिंह विर्क, सपा प्रदेश सचिव गुरप्रीत सिंह जार्जी, प्रीतेंद्रपाल सिंह कक्कू, एसडीएम पलिया डॉ. अवनीश कुमार व सीओ जितेंद्र परिहार आदि पहुंचे।

## दो पक्षों में हुई मारपीट में 7 लोग घायल

**पसगवां, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव नकटी में हैंडपंप पर गांव के बाबू अपनी भैंस को पानी पिलाने गए। आरोप है कि वहां बैठे गुड्डू, रंजीत, सोहन पुत्रगण गोकुल और सूरज पुत्र सोहन ने पानी पिलाने से मना किया। इसी पर झगडा शुरू हो गया और वह इतना बढ़ा कि ईंट पत्थर चलने लगे। इसमें बाबू, उसकी सात वर्षीय भतीजी शमा, 15 वर्षीय भतीजी साजिया और भाई रहीस, उसकी पत्नी सबीना और बाबू की पत्नी गुड्डी घायल हो गए। दूसरी ओर गुड्डू पुत्र गोकुल ने रहीस, मुनेश, बाबूराम और आश मोहम्मद पर गाली गलौज कर मारपीट करते हुए उसे घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## राजस्व फाइल गायब होने का राज खुला, रिपोर्ट दर्ज

**निघासन, अमृत विचारः** तहसील में विचाराधीन पुराने राजस्व वाद की मूल पत्रावली गायब होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। करीब 13 वर्ष पुराने प्रकरण में तत्कालीन संबद्ध न्यायालय नायब तहसीलदार रहे कर्मचारी गौस मोहम्मद विभागीय जांच में दोषी पाए गए हैं। कानूनगो की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रकरण वाद संख्या 1315/940, धारा 34 एलआर एक्ट, जैतूना बनाम बिन्द्रा गांव सरपतहा परगना व तहसील निघासन से जुड़ा है। अभिलेखों के अनुसार वर्ष 2013 में यह मूल पत्रावली न्यायालय उपजिलाधिकारी निघासन की डाक बही रजिस्टर में क्रम संख्या 208 पर अंकित थी। पत्रावली को 21 फरवरी 2013 को तत्कालीन नायब तहसीलदार न्यायालय से संबंध कर्मचारी गौस मोहम्मद ने प्राप्त किया था। आरोप है कि पत्रावली प्राप्त करने के बाद उसे नियमानुसार न्यायालय में वापस प्रस्तुत नहीं किया गया। समय बीतने के साथ जब वाद की सुनवाई और अभिलेखों की आवश्यकता पड़ी तो मूल फाइल उपलब्ध नहीं हो सकी। इससे न्यायिक कार्रवाई प्रभावित हुई और वाद के निस्तारण में बाधा उत्पन्न हुई। मामले की शिकायत के बाद डीएम ने प्रकरण की जांच कराई।

विभागीय जांच में आरोपों को सही माना गया। इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर कठोर रुख अपनाया गया। प्रकरण की रिट याचिका 11190/2025 जैतूना बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में विचाराधीन है।



होली खेलने के बाद रंगों से सराबोर परिवार।



गोला में परिवार सहित होली खेलते लोग। ● अमृत विचार



शेरपुर में रंग खेलते युवा। ● अमृत विचार



संसारपुर में डीजे की धुन पर थिरकते युवा। ● अमृत विचार

# जनपद भर में खूब हुआ होली का धमाल, उड़ता रहा रंग-गुलाल

**लोगों ने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर किया खुशी का इजहार, गले भी मिले**



मोहम्मदी में धमहर का उद्घाटन करते भाजपा विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार



लखीमपुर शहर में पैदल गश्त करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- होली और जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन
- डीएम-एसपी ने पैदल गश्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**अमृत विचारः** जिले में बुधवार को होली धूमधाम से मनाई गईं, वहीं मोहम्मदी में दूसरे दिन गुरुवार को भी जमकर रंग-गुलाल उड़ा। होलिका दहन के बाद से रंगों का त्योहार शुरू हो गया। टोलियां बनाकर लोग सड़कों पर निकले और जमकर होली खेली। एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मोहम्मदी में धमहर निकाली गई, जिसमें विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हुए। डीजे की धुनों पर युवा नाचते हुए जश्न मनाते नजर आए। भाईचारे के प्रतीक होली पर गिले-शिकवे भूलकर लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

जिले में इस बार अधिकांश स्थानों पर सोमवार की रात तो कुछ स्थानों पर मंगलवार की रात होलिका दहन किया गया। जिले भर में बुधवार को रंगोत्सव मनाया गया। शहर के शाहपुरा कोठी चौराहा, इमला चौराहा, मेला मैदान, मोहल्ला शास्त्रीनगर, सुआगाड़ा, हिदायतनगर चौराहा, रोडवेज, निर्मलनगर, अर्जुनपुरवा, छाउछ आदि क्षेत्र में सोमवार की रात होली जलाई गई। बुधवार को रंग और गुलाल वाली होली सुबह आठ बजे से शुरू हो गई और अपरान्ह डेढ़ बजे के बाद तक रंग खेला गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जमकर होली खेली गई।

दोपहर बाद लोग नए कपड़े पहनकर एक दूसरे के घर होली मिलने पहुंचे। सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उधर, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग खुद मैदान में उतरीं। रंग खेलने के दौरान प्रशासनिक टीम लखीमपुर शहर और खीरी टाउन में लगातार भ्रमणशील रही।

इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी विवेक तिवारी सहित भारी दल बल शामिल रहे। डीएम-एसपी का काफिला शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए विभिन्न स्थलों का जायजा लेता रहा। इसके बाद खीरी टाउन पहुंचकर होली जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। डीएम एसपी ने व्यवस्थाओं को परखा और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जुलूस में शामिल लोगों से संवाद करते हुए डीएम-एसपी ने होली की शुभकामनाएं दीं। प्रशासन की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का भरोसा साफ झलकता रहा।

### जमकर उड़ा अबीर-गुलाल, रहा होली का धमाल



**रोशननगर, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र में रंगों का त्यौहार होली धूमधाम के साथ मनाया गया। रंग और गुलाल की चहुंओर धमाल रही। लोगों ने जहां एक दूजे को गुलाल और रंग लगाकर होली खेली। वहीं डीजे की धुन पर थिरकते हुए रंग और गुलाल उड़ाया। बुधवार को सुबह में रोशननगर, ममरी, अहमदनगर, बाबरपुर, रामपुर, सौखियां, जनकपुर, सेखवापुर, जमुनहां, अम्बरपुर, दुलीपुर, भगतपुर, परेली, हैदराबाद, घरथनिया, महेशपुर, वृंदावन, हरगोविंदपुर, बुधेली नानकार, बरगदिया सहित गांव देहात में फाग खेलने के साथ-साथ जमकर अबीर उड़ाए गए।

### पलिया में जमकर उड़ा अबीर गुलाल



**पलिया कलां :** खुशियों का त्यौहार होलिकोत्सव पलिया नगर सहित समूचे क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। लोगों ने एक दूसरे के जमकर रंग लगाया और खूब अबीर, गुलाल उड़ा। लोगों ने गले मिल होली की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र के गांव त्रिकौलिया, पटिहन,नगला,बोझवा, पतवारा, चंदनचौकी से भी होली का महापर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई।

**मोहम्मदी :** मोहल्ला बाजारगंज से फ्रेंड्स क्लब परिवार एवं नगर के प्रतिष्ठित लोगों के सहयोग से दूसरे दिन की झांकी बड़ी धूमधाम से नगर मोहम्मदी में निकाली गई। उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र वाजपेयी आदि ने किया। एक दिन पूर्व होली की धमार अतुल रस्तोगी के नेतृत्व में बड़ी धूमधाम से निकली गई। दोनों धमारों में आकर्षक झाकियां शामिल रहीं और जमकर अबीर गुलाल उड़ा। एसडीएम राजुल आर व सीओ अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक उमेश चौरसिया पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## जमकर खेली होली, मस्ती में डूबे लोग



बिझौली में पिचकारी से रंग खेलता बालक।



कलर गन से गुलाल उड़ाता युवक।



ढोल की धुन पर नाचता युवक।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** रंगोत्सव पर जमकर होली खेली गई। बच्चों ने पिचकारियां संभाल लीं। सड़कों पर कई जगह ढोल, डीजे की धुन पर नाचते गाते लोगों ने जमकर होली खेली। हर तरफ रंग और उमंग का माहौल दिखाई दिया। वहीं, अलग अलग तरीके के मुखौटे पहने युवाओं की टोलियां अबीर गुलाल उड़ाती हुई डीजे पर होली के गीतों पर थिरक रही थीं। अशोक चौराहे से लेकर नगर के सभी तिराहों, चौराहों पर पुलिस की कड़ी चौकसी रही। दोपहर तक नगर में चहल पहल का माहौल दिखाई दिया। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट दिखा। नगर सहित क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्वक होली खोली गई।

मूड़ा सवारान। ग्रामीण क्षेत्र में युवा और बच्चों ने एक दूसरे पर रंगों की बौछार कर डीजे की धुन पर डांस किया। वहीं बृहस्पतिवार को भी दोपहर तक खूब रंग गुलाल उड़ा। महिलाओं और युवतियों ने घरों में आपस में होली खेल कर त्यौहार का भरपूर लुत्फ उठाया। रंग खेलने के बाद होली मिलन की परंपरा शुरू हो गई। लोगों ने नए कपड़े पहनकर एक दूसरे के घर जाकर गले मिले और होली की बधाई दी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में होली के बाद धमहर निकालने की परंपरा वर्षा से चली आ रही है। जिसमें ढोल मजीरे के साथ घर-घर जाकर फाग गीत गाने की परंपरा बहुत लोकप्रिय है। होली मनाने के अगले दिन ग्रामीण टोलियां बनाकर घर घर जाते हैं जहां नाच गाना कर पारंपरिक फाग गीत गाते हैं जो आपसी भाईचारे और उत्साह का प्रतीक हैं।



होली खेलने के बाद रंगों से सराबोर लोग। ● अमृत विचार

### बिझौली में जमकर खेली गई होली

**बिझौली :** सुबह से लेकर दोपहर तक शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में जमकर रंग खेला गया। बच्चों से लेकर बड़े एवं बुजुर्ग मिलने वालों को रंग से सरोबार करते रहे। युवाओं और बच्चों की टोली हैप्पी होली... बुरा न मानी होली है... कहते हुए एक- दूसरे को रंग और गुलाल की बौछार करते रहे। उधर, गांवो में डीजे पर युवा और बच्चे एक-दूसरे पर रंगों की बौछार करते हुए थिरकते रहे। दोपहर बाद लोगों ने नए कपड़े पहनकर घर के बड़े एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और तैयार होकर होली मिलने के लिए निकल पड़े। एक दूसरे के घर जाकर गले मिलकर होली की बधाई देकर पकवान खासकर गुझिया, रसगुल्ला, चिप्स, पापड़ सहित अन्य कई तरह के पकवानों का स्वाद लिया।

**केशवापुर :** क्षेत्र में जमकर होली खेली गई। लोग डीजे की धुन पर नाचते गाते दिखे। बुधवार दोपहर बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाइयां दीं। आमतौर पर होली पर्व में एक ही दिन रंग खेलने की परम्परा है, लेकिन शेरपुर गांव में रंग दो दिन खेला जाता है, पहले दिन बच्चे व पुरुष रंग खेलते हैं, महिलाएं घरों में पकवान आदि बनाने में व्यस्त रहती हैं। इसलिए गांव की महिलाएं तीसरे दिन बाल्टियों में रंग घोलकर गांव के युवाओं व बुजुर्गों को ढूंढ़-ढूंढ़कर रंगों में नहला सराबोर कर देती हैं।

**न्यूज ब्रीफ**

### पिटाई कर घर में की तोड़फोड़, 5 घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव पचकोरवा निवासी पप्पू ने बताया कि घटना बुधवार की है। गांव के ही नरेंद्र नरेंद्र, अखिलेश उसके घर में घुस आए और तोड़फोड़ की। लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से परिवार के लोगों की पिटाई की। इससे वह, सुशीला, राममुखी, संजय और सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### पेड़ काटने के विरोध पर किसान को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी के गांव कोरिगवां निवासी भगवान शरण ने बताया कि गांव कोरमा में उसके खेत में लगे हरे यूकेलिप्टस के पेड़ को तोखनलाल, मिश्रीलाल, ओमकार और अजय बिना बताए काटकर होली में रख दिया। सुबह करीब आठ बजे जब पुत्र रघुवीर सिंह खेत से कटा हुआ पेड़ देखकर घर लौट रहा था। तभी आरोपियों ने अपने घर के सामने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोप है कि सभी लात-घूंसों व थप्पड़ों से मारपीट की। जब वह मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उस पर भी लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### तस्कर गिरफ्तार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और गौरीफंटा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बिना नंबर प्लेट लगी बाइक से जा रहे थाना गौरीफंटा के गांव छेदिया पूरब निवासी थारू वीरेंद्र कुमार उर्फ वीरू को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 9 .82 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है। वहीं बरामद बाइक को सीज कर दिया गया है।


### सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**उचौलिया, अमृत विचार :** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर बीती तीन मार्च को देर शाम गांव सोनौआ निवासी 55 वर्षीय सुरेश पाल सिंह पुत्र प्यारे सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुत्र निर्देश कुमार ने बताया कि उसके पिता शाहजहांपुर से अपने गांव आ रहे थे। हाइवे पर लखनौरिया तिराहे पर रोड क्रॉस करते समय पीछे से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने उसके पिता को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुत्र निर्देश ने पिकअप वाहन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## दो और प्रमुख सड़कें होंगी रोशनी से जगमग

### सौंदर्यीकरण की पहलः शहर को आधुनिक स्वरूप देने और बेहतर प्रकाश व्यवस्था का लिया निर्णय

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**


शहर में श्रीराम चौराहा से रोटरी चौराहा मार्ग, जिस पर लगेंगी लाइटें। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर को आधुनिक स्वरूप देने और रात के समय बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका ने सौंदर्यीकरण अभियान को एक और चरण में आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। पहले चरण में धर्मशाला से श्रीराम चौराहा और गुरु गोविंद सिंह चौराहे से सौजन्या चौराहे तक आकर्षक सजावटी पोल लाइट लगाई गई थीं, जिनसे इन मार्गों की तस्वीर बदली है। अब इसी क्रम में दो और प्रमुख एवं व्यस्त सड़कों को आधुनिक लाइटों से सुसज्जित किया जाएगा।

नगर पालिका प्रशासन का मानना है कि बेहतर रोशनी से न केवल शहर की सुंदरता बढ़ती है, बल्कि आमजन की सुरक्षा और सुविधा भी सुनिश्चित होती है। इसी दृष्टिकोण से संकटा देवी रोड और श्रीराम चौराहे से रोटरी चौराहे तक जाने वाले मार्ग के दोनों ओर आधुनिक डिजाइन की सजावटी पोल लाइट लगाई जाएंगी।

**साफ और विकसित शहर की पहचान दिलाना प्राथमिकता**



नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि शहर को संवारने और सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि चरणबद्ध तरीके से प्रमुख सड़कों पर सजावटी पोल लाइट लगाई जा रही हैं। उनकी प्राथमिकता में है कि आगे भी शहर के अन्य हिस्सों में ऐसे कार्य कराए जाएंगे, ताकि लखीमपुर शहर एक साफ-सुथरे और विकसित नगर के रूप में पहचान बना सके।

ये दोनों सड़कें शहर की प्रमुख व व्यस्ततम सड़कों में गिनी जाती हैं। इन मार्गों पर बाजार क्षेत्र, आवासीय कॉलोनियां और व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थित हैं। वर्तमान में कई स्थानों पर रोशनी पर्याप्त नहीं होने से राहगीरों और व्यापारियों को असुविधा होती है। नई लाइटें लगने के बाद रात के समय भी बाजार क्षेत्र में रौनक बनी रहेगी और आवागमन अधिक सुरक्षित व सुगम होगा।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बेहतर प्रकाश व्यवस्था से ग्राहकों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे कारोबार पर सकारात्मक असर पड़ेगा। वहीं आम नागरिकों को भी अंधेरे की समस्या से राहत मिलेगी।

योजना के अनुसार श्रीराम चौराहे से संकटा देवी चौराहे तक लगभग 47 लाख रुपये की लागत से कार्य कराया जाएगा। वहीं श्रीराम चौराहे से रोटरी चौराहे तक करीब 38 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर पालिका द्वारा आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में बताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार प्रक्रिया पूरी होते ही जमीनी स्तर पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**नई योजना पर एक नजर में**

- दो प्रमुख सड़कों के दोनों तरफ लगेंगी सजावटी पोल लाइट।
- श्रीराम चौराहे से संकटा देवी चौराहे तक लगभग 47 लाख रुपये की लागत।
- श्रीराम चौराहे से रोटरी चौराहे तक 38 लाख रुपये की लागत।
- बाजार क्षेत्र और आम नागरिकों को मिलेगा सीधा लाभ।
- प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू होगा।

## जंगल से भटककर भैरमपुर गांव में घुसा हिरण


हिरण को ग्रामीणों की मदद से पकड़ती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

● **ग्रामीणों ने बचाई जान, वन विभाग ने पकड़कर फिर जंगल में छोड़ा**

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व से सटे थाना सिंगाही के गांव भैरमपुर में जंगल से भटककर एक हिरन पहुंच गया। गांव की गलियों में हिरन को इधर-उधर दौड़ते देख ग्रामीणों में हलचल मच गई। ग्रामीणों ने कुत्तों के हमले से उसे बचाते हुए वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन टीम ने उसे पकड़कर उसे फिर जंगल में छोड़ दिया।

सुबह के समय अचानक हिरन के गांव में पहुंचने से लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। बच्चों और महिलाओं में कौतूहल के साथ हल्की दहशत भी देखी गई। कई लोगों ने सुरक्षित दूरी बनाकर उसे देखा, जबकि कुछ ने मोबाइल में वीडियो भी बनाए। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद हिरन को सुरक्षित पकड़ लिया। टीम ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए भीड़ को दूर रखा, जिससे किसी तरह की अनहोनी न हो। रेंजर के अनुसार हिरन भोजन या पानी की तलाश में जंगल से भटककर गांव में आ गया होगा। जांच के बाद हिरन को सुरक्षित उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

## बाबूजी की स्मृति में काव्य गोष्ठी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

● **आचार्य नन्दीलाल निराश के संस्मरण याद कर कवि भावुक**

**अमृत विचारः** नगर के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार आचार्य नन्दीलाल निराश बाबूजी की स्मृति में कपिलश फाउंडेशन की मुखिया शिप्रा खरे के निवास पर हुई भावपूर्ण काव्य गोष्ठी में नंदीलाल के संस्मरण साझा कर कवि भावुक हो उठे।

श्रीकांत तिवारी कान्त की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में नगर के समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल ने बाबूजी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत कराई। कवियों एवं साहित्यकारों ने स्वर्गीय बाबूजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण किया। कवि हितेश सुशांत पांडे ने उन्हें याद करते हुए कहा कि पहली बार किसी काव्य गोष्ठी में बाबूजी ने ही उन्हें आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि यदि बाबूजी उन्हें न बुलाते तो अन्य साहित्यकारों से उनकी पहचान ही न हो पाती। अपने संस्मरण साझा करते हुए वे भावुक हो उठे और उनकी आँखें नम हो गईं।

श्रीकांत तिवारी ने कहा कि बाबूजी के सहयोग से उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित होकर जनमानस तक पहुंचीं। विशिष्ट कवि द्वारिका प्रसाद रस्तोगी तथा विशिष्ट आमंत्रित कवि गौरव शुक्ल ने भी उनका भावपूर्ण स्मरण किया। संयोजन रविसुत शुक्ल द्वारा किया गया। कवि रमाकान्त चौधरी एडवोकेट, शशिकांत मिश्र शशि, बीपी मिश्र बेधड़क, बृजेश तिवारी, अनूप त्रिपाठी तथा सुधीर अवस्थी ने काव्य पाठ किया। संयोजक यतीश शुक्ला ने घोषणा की कि आचार्य नन्दीलाल निराश के परिजन यदि सहमति प्रदान करेंगे, तो उनकी अप्रकाशित कृतियों को कपिलश फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क प्रकाशित कराया जाएगा।

फाउंडेशन की मुखिया शिप्रा खरे ने बताया कि नगर के साहित्य प्रेमी उनकी विद्वता एवं साहित्यिक साधना के कारण उन्हें आचार्य कहकर संबोधित करते थे। पूर्व में कपिलश फाउंडेशन द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से बाबूजी की उपाधि प्रदान की गई थी।

## खीरी से 120 बाल वैज्ञानिक चयनित

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की महत्वाकांक्षी योजना इंस्पायर अवार्ड मानक 2025-26 के तहत जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस वर्ष घोषित परिणामों में खीरी जिले ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए 120 बाल वैज्ञानिकों का चयन किया है।

लखनऊ मंडल के छह जिलों से कुल 906 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिसमें खीरी जिले ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि चयनित प्रत्येक छात्र को प्रति मॉडल 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि केंद्र सरकार द्वारा डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। उन्होंने विद्यालयों को निर्देशित किया है कि चयनित विद्यार्थियों के बैंक खाते सक्रिय रहें और केवाईसी प्रक्रिया समय से पूर्ण कराई जाए, जिससे अनुदान राशि में कोई बाधा उत्पन्न न हो। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके मार्गदर्शक शिक्षकों और जिला विद्यालय निरीक्षकों को बधाई दी है।

> जिले के 120 बच्चों का चयन होना खीरी के लिए गर्व का विषय है। जिले के बच्चे आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इसरो और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों तक पहुंचकर जिले का नाम रोशन करेंगे।
> **-विनोद कुमार मिश्र**, डीआईओएस।

## चीनी मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह शुरू



बैच लगाकर स्वागत करते इकाई प्रमुख ओपी चौहान। ● अमृत विचार

**संवाददाता, पलिया कलां**

● **इकाई प्रमुख ने बैज लगाकर किया आरंभ, 4 से 10 मार्च तक चलेंगे कार्यक्रम**

**अमृत विचारः** स्थानीय बजाज चीनी मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह सुरक्षा सप्ताह 4 मार्च से 10 मार्च तक मनाया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत इकाई प्रमुख ओपी चौहान ने कर्मचारियों को बैज लगाकर की। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों से कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और प्रत्येक कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह बैनर और पोस्टर लगाए गए तथा सुरक्षा जागरूकता से जुड़े संदेश प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर विकास मलिक, संजीव दूबे, राजीव तोमर, यूके पांडेय, तनवीर अहमद, मनोज मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, शिव सिंह बजेठा सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, प्रशिक्षण सत्रों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## बाघ के हमले में मादा गैंडा राजेश्वरी की मौत

● **दुधवा के अमहा ताल में मिला शव, शव को नोचते दिखा बाघ**

**संवाददाता, पलिया कलां**


दुधवा में गैंडे को मारने के बाद शव पर सवार बाघ। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व की दक्षिण सोनारीपुर रेंज स्थित प्रथम गैंडा पुनर्वासन केंद्र में एक मादा गैंडे की बाघ के हमले में मौत हो गई। अमहा ताल में उसका शव आधा पानी में डूबा मिला। गश्त के दौरान मॉनिटरिंग टीम ने बाघ को मृत गैंडे के ऊपर बैठकर नोचते हुए देखा, जिसके बाद विभागीय अधिकारियों को सूचना दी गई।

दक्षिण सोनारीपुर रेंज के तहत प्रथम गैंडा पुनर्वासन केंद्र में बुधवार की सुबह जब गैंडा मॉनीटरिंग टीम के महावत रामेश्वर, इरशाद, ब्रह्मादीन व चारा कटर इश्तियाक, रियासुद्दीन, देशराज, सतीश, शफीक, विभिन्न राजकीय हाथियों रूपकली, चमेली, सुलोचना, किरण, कावेरी, कवनी, भास्कर, गजराज, पवनकली, सुहेली व विनायक से गैंडा क्षेत्र में मॉनिटरिंग कर रहे थे। तभी उन्हें अमहा ताल में एक टाइगर पानी में आधे डूबे हलचल रहित गैंडे के ऊपर चढ़ा दिखाई दिया। उन्होंने इसकी सूचना दुधवा के उच्चाधिकारियों को दी। इस पर मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग एच. राजा मोहन से प्राप्त दिशा निर्देशों के बाद पशु चिकित्सकों की टीम का पैनल मौके पर भेजा गया। मृत मादा गैंडा राजेश्वरी के शव का पोस्टमार्टम कर उसका निस्तारण कर दिया गया। उपनिदेशक जगदीश आर ने बताया कि मादा गैंडा की मौत बाघ के हमले से हुई है।

**करोड़ों खर्च फिर भी मंडरा रहा खतरा**

दुधवा टाइगर रिजर्व के वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा पर सरकार हर वर्ष करोड़ों रुपया खर्च कर रही है। इसके बाद भी न वन ही सुरक्षित रह पा रहे हैं, और न वन्यजीव ही। इसका प्रमाण वर्तमान युवा मादा गैंडा राजेश्वरी की बाघ हमले में मौत है। इसके अलावा 24 जनवरी 2025 को गैंडा पुनर्वासन केंद्र फेज दो में कल्पना मादा गैंडा के शावक की बाघ के हमले में मौत हुई थी। इससे कुछ दिन पूर्व एक अन्य गैंडे को बाघ घायल कर दिया था। वहीं 28 सितंबर 2025 को निघासन- पलिया के मध्य बौधिया क्रेशर के पास दुधवा जंगल से काटकर तिरपाल ढके ट्रक द्वारा बरेली पहुंचाए जा रहे 160 क्विंटल खैर के बोटे पकड़े गए थे।

## किसान से मारपीट कर 5 हजार वसूली का मामला गरमाया

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**


भैंसटा में पीड़ित को सांत्वना देते राकिशसं के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **राकिशसं के प्रदेश अध्यक्ष बोले-रुपये वापस न हुए तो होगा आंदोलन**

**अमृत विचारः** बजाज चीनी मिल में गन्ना बेचकर घर लौट रहे किसान से आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा मारपीट कर रुपये वसूलने का मामला अब गरम होता जा रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्रीय किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है।

पहली मार्च को गांव भैंसटा निवासी किसान मदन लाल बजाज मिल से गन्ना बेचकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि मिल के पास डाइवर्जन रोड पर मौजूद आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत ने अपने अन्य सहयोगियों ने गाड़ी का इंडिकेटर तोड़ने का आरोप लगाकर उन्हें रोक लिया था। किसान मदन लाल के अनुसार अधिकारियों ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें चीनी मिल परिसर में बने आबकारी विभाग के कार्यालय में करीब एक घंटे बैठाए रखा। इस दौरान उनसे 12 हजार रुपये की मांग की गई और रुपये न देने पर जेल भेजने की धमकी दी गई थी। पीड़ित किसान का कहना है कि होली पर्व के चलते और जेल जाने के डर से उन्होंने घर फोन कर पांच हजार रुपये मंगवाकर दिए, जिसके बाद उन्हें छोड़ा गया।

मामले की जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा अपने साथियों जिला अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार के साथ गुरुवार को किसान मदन लाल के घर भैंसटा गांव पहुंचे और उनका हालचाल जाना।

पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि किसान से वसूले गए पांच हजार रुपये तत्काल वापस कराकर दोषी आबकारी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन किसानों को एकत्र कर आंदोलन करने को मजबूर होगा। पदाधिकारियों ने बताया कि इस मामले को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देकर किसान को न्याय दिलाने की मांग की जाएगी।

## चीनी मिल प्रबंधन ने गन्ना किसानों से खेला रंग

● **एक-दूसरे को गले लगाकर गुलाल लगाया**

**संवाददाता, बग्घून**


कुभी चीनी मिल में किसानों के साथ रंग खेलते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** होली पर कुंभी चीनी मिल गेट पर गन्ना आपूर्ति करने आये किसानों एवं चीनी मिल प्रबंधन ने एक-दूसरे को गले लगाकर, गुलाल लगाकर तथा गाजे-बाजे के साथ हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाया।

चीनी मिल प्रबंधन ने सभी कृषकों को होली की शुभकामनाएं देकर सभी कृषकों के लिए लंच का भी आयोजन किया। जिसमें गन्ना विभाग की टीम द्वारा कृषकों को भोजन कराया गया। इस व्यवस्था से गन्ना कृषकों में विशेष प्रसन्नता एवं उत्साह देखने को मिला। चीनी मिल के उप महाप्रबन्धक गन्ना चन्द्रहास ने अपील करते हुए कहा कि अपने आर्थिक लाभ को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक क्षेत्र में उन्नतशील गन्ना प्रजातियाँ को. 0118, को. 15023, कोशा 13235 तथा को.लख. 14201 की बुवाई करें तथा अस्वीकृत एवं पुरानी गन्ना प्रजातियों को क्षेत्र से हटाकर नवीन एवं स्वीकृत प्रजातियों को अपनाएं, जिससे उत्पादन एवं आय दोनों में वृद्धि हो सके।

## एसआई व दो सिपाही निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

● **अपहरण के बाद महिला की हत्या का मामला**

**अमृत विचारः** जिले में बढ़ते महिला अपराधों को लेकर एसपी के तेवर सख्त हो गए हैं। थाना फरधान क्षेत्र में अपहरण के बाद महिला की गला दबाकर हत्या किए जाने में पुलिस की बड़ी लापरवाही मिलने पर एसपी ने एसआई और दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। एसपी की गुरुवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई से पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई है।

थाना फरधान क्षेत्र में 40 वर्षीय एक महिला को कुछ लोगों ने उसके घर से 23 फरवरी को अगवा कर लिया था। इसके बाद से परिजन महिला की तलाश कर रहे थे, लेकिन पुलिस सूचना के बाद भी महिला की गुमशुदगी दर्ज नहीं कर रही थी। इससे नाराज परिजन एसपी डॉ. ख्याति गर्ग से मिले थे और फरधान पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। एसपी की फटकार के बाद हरकत में आई पुलिस ने गुमशुदगी तो दर्ज कर ली, लेकिन उसने महिला की तलाश में कोई कदम नहीं उठाया। 28 फरवरी को महिला का शव खेत से अर्ध नग्न अवस्था में बरामद हुआ था। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने लापरवाही मिलने पर एसआई केके यादव, सिपाही श्रवण कुमार और अशोक कुमार को निलंबित कर दिया है। गुरुवार को एसपी की ताबड़तोड़ कार्रवाई से पुलिस महकमे में हलचल मच गई है।

## होली मिलन के साथ श्रीराम नाम यज्ञ शुरू


श्रीराम वाटिका धाम में गले मिलकर एक-दूसरे को होली की बधाई देते लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, धौरहरा**

**अमृत विचारः** श्रीराम वाटिका धाम में होली मिलन समारोह के साथ श्रीराम नाम यज्ञ का आरंभ किया गया।

मंदिर परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चार के साथ हुई। आचार्यों ने यज्ञ पूजन कराया। इसके बाद श्रीराम नाम संकीर्तन हुआ, जिसमें श्रद्धालु देर तक लीन रहे। होली मिलन कार्यक्रम में आनंद मोहन त्रिवेदी, देवाशीष त्रिवेदी, विजय जायसवाल, सुदीप निगम, भगवती प्रसाद शुक्ला और प्रियंक पुरी सहित अन्य लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। यज्ञ समिति के आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार को मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध हालात में बुजुर्ग की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव मूलचंदपुरवा निवासी 65 वर्षीय श्रीराम की बुधवार दोपहर अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने का आरोप

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि उसके घर गांव के एक युवक का आना जाना था। दो मार्च की रात आरोपी उसकी 15 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। आरोपी के दो भाई और मां ने मदद की। पुत्री घर में रखे 50 हजार रुपये और जेवरात भी ले गई है। अभी तक आरोपी पुत्री को लौटाने की बात कहते रहे लेकिन फिर इन्कार कर दिया। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अफवाह से मचा हड़कंप पेट्रोल पंपों पर लगी कतारें

## युद्ध और महंगाई की चर्चा से लोग गाड़ियों के साथ ड्रम लेकर पहुंचे

**संवाददाता, संपूर्णानगर**



इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर तेल के लिए लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कस्बे में डीजल-पेट्रोल खत्म होने की अफवाह ने गुरुवार सुबह से ही अफरा-तफरी का माहौल बना दिया। पेट्रोल पंपों पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोग गाड़ियों के साथ-साथ गैलन और ड्रम लेकर भी ईंधन भरवाने पहुंचे।

संपूर्णानगर के दोनों पेट्रोल पंपों के अलावा मुरारखेड़ा स्थित पंप पर भी सुबह से शाम तक भीड़ उमड़ी रही। सेल्समैन लाइन लगवा कर पेट्रोल-डीजल देते रहे, लेकिन भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही थी। कई जगहों पर शाम तक कतारें और लंबी हो गईं।

कस्बे में यह चर्चा फैल गई कि युद्ध की स्थिति के कारण डीजल-पेट्रोल महंगा हो सकता है और आगे चलकर आसानी से उपलब्ध नहीं होगा। इसी आशंका में लोगों ने जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवाना शुरू कर दिया। हालांकि पंप संचालकों ने साफ किया

**● संचालकों ने कहा तेल की नहीं है किल्लत**

कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मुरारखेड़ा पेट्रोल पंप के संचालक शुभम यादव ने बताया कि ऊपर से डीजल-पेट्रोल की कमी को लेकर कोई आदेश नहीं है।

होली और लगातार चार दिन बैंक बंद रहने के कारण आपूर्ति में देरी हुई है, लेकिन देर रात तक टैंकर पहुंचने की संभावना है। संपूर्णानगर के एक पंप के मैनेजर कृष्ण कुमार शुक्ला ने भी कहा कि तेल की कोई कमी नहीं है। होली की छुट्टियों और बैंकिंग कार्य प्रभावित होने से लेन-देन में दिक्कत आई थी, जिससे आपूर्ति प्रभावित हुई। कस्बे के दूसरे पंप के मैनेजर भारत पाठक ने भी बताया कि तेल की किल्लत को लेकर कोई आधिकारिक सूचना नहीं है। डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति जारी है और रात तक अतिरिक्त वाहन भी पहुंच जाएंगे। पंप संचालकों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जरूरत के अनुसार ही ईंधन लेने की अपील की है।

## होली पर भाजपा विधायक के पति पर तमंचा ताना

**निगोही/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा के पति राम सिंह कुशवाहा पर दो युवकों ने आखत डालने जाते समय तमंचा तान दिया। उनके समर्थकों ने बचाया और आरोपी मौका पाकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक ने थाना पर तहरीर नहीं आई है। विधायक सलोना कुशवाहा ने बताया कि उनके पति राम सिंह बुधवार की सुबह सात बजे अपने समर्थकों के साथ होली पर आखत डालने जा रहे थे। आरोप है कि चौराहे पर दो युवक आए और उनके पति पर तमंचा तान दिया। डा राम सिंह के साथ चल रहे उनके समर्थकों ने आरोपी का तमंचा पकड़ लिया। इसी बीच आरोपियों को भी पकड़ लिया गया, लेकिन दोनों आरोपी किसी तरह हाथ छुड़ाकर भाग गए। भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि आरोपी पूर्व विधायक की कोठी में घुस गए। उधर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने बताया कि हमारे ऊपर लगे आरोप सारे निराधार है। वह परिवार के साथ होली मनाने गए थे और उनको कोई जानकारी नहीं है। प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह ने बताया कि वह ड्यूटी पर शहर गए हुए थे। उन्होंने बताया कि कोई तहरीर नहीं आई है।

# तीन घटनाओं में मारपीट तोड़फोड़ और जानलेवा हमला

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** होली के त्यौहार के दौरान शहर और गांव क्षेत्रों में मारपीट, गाली-गलौज, घर में घुसकर हमला और जान से मारने की धमकी के तीन अलग-अलग मामले सामने आए हैं। सभी प्रकरणों में कोतवाली सदर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है।

शहर के स्वरूपनगर सिकटिहा निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार की रात करीब 9 बजे उनके घर के सामने कुछ युवक शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर गोविंदनगर निवासी सागर, लल्ली और भोली ने लाठी-डंडों से देवेंद्र व उनके भाई विकास शर्मा पर हमला कर दिया। हमले में विकास के सिर पर गंभीर चोट आई। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए।

गांव पचकोरवा निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे डीजे बंद होने के बाद पड़ोस में बैठे थे। तभी गांव

**● कोतवाली सदर में तीन एफआईआर दर्ज**

के ही संजय, ज्ञानप्रकाश, रितेश और विनीत नशे में आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडा, बांका व अवैध 315 बोर असलहा लेकर आए और जानलेवा हमला कर दिया। हमले में नरेंद्र के पैर में गहरी चोट आई। आरोप है कि हमलावर घर में घुस गए, तोड़फोड़ की और मेहमान अमन व प्रियान्शु को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

रानी पद्मावती कॉलोनी निवासी कैलाश कुमार ने बताया कि 4 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे वह घर के सामने नाली साफ कर रहे थे। तभी अजय गौतम और राजन कश्यप नशे में धक्का देकर उन्हें नाली में गिरा दिया। सूचना पर यूपी 112 पुलिस पहुंची। पुलिस के जाने के बाद बाद में आरोपी अजय अपने करीब 20 अज्ञात साथियों के साथ घर में घुस आया और लाठी-डंडों व ईंट से हमला कर दिया। कैलाश की दाहिनी आंख में गंभीर चोट आई है। तीनों मामलों की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

## देवर ने भाभी पर किया धारदार हथिया से हमला

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव तुर्कीखेड़ा में नाले पर पत्थर डालने के विवाद में देवर ने भाभी पर धारदार औजार से हमला कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव तुर्कीखेड़ा में नाले पर पत्थर डालने को लेकर आपसी विवाद हो गया। महिला के पुत्र चरन्जू ने बताया कि घर के पास में नाले पर पत्थर डालने को लेकर चाचा टोड़ीलाल से विवाद हो गया था। दोपहर बाद उसकी मां प्रेमवती (65) पत्नी स्वर्गीय प्रभू खेत में बकरी चरा रहा थी। इस दौरान चाचा ने धारदार हथियार से मां पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पड़ोस के खेत में भाई नीरज गन्ना छील रहा था। चीख पुकार सुनकर मां को बचाया। आरोपी चाचा मौके से भाग निकाला। गंभीर घायल अवस्था में पुत्रों ने मां को सीएचसी भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर भांपकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने बताया कि विवाद हुआ है। मौके पर हल्का दरोगा को भेजा गया है।

## बाइक फिसलने से ब्लेड युक्त तारों से युवक घायल

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** थाना खीरी क्षेत्र के विकास खंड नकहा क्षेत्र में ग्राम पंचायत चाऊपुर निवासी मुकेश सिंह रिश्तेदारी में होली मिलकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। गिरने के बाद वह सड़क किनारे खेत में लगे ब्लेड वाले तारों की चपेट में आ गए, जिससे शरीर पर गहरे घाव हो गए।

घटना के बाद परिजन उन्हें सीएचसी नकहा लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने कड़ी मेहनत के बाद समय रहते रक्तस्राव नियंत्रित कर युवक की जान बचा ली। इलाज के बाद चिकित्सकों ने उन्हें खतरे से बाहर बताते हुए अस्पताल से छुट्टी दे दी है और आराम की सलाह दी है।

### हादसों में 15 लोग घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** होली पर क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटना में 15 लोग गंभीर घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र में नगर के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी पीयूष दीक्षित (36), छेड़ीपुर मोहम्मदी निवासी लालाराम (45), फूलचंद (35), पुनर्भूग्रंट निवासी माखन लाल (62), छैरासी निवासी मेवालाल (40), लाल्हापुर निवासी दिनेश (30), उषा देवी (40), भारत भूषण कॉलोनी निवासी पिंटू (27), सुंदरपुर निवासी संतन दास (22), अनिल कुमार (25), कुम्हारन टोला निवासी भास्कर सिंह (27), अहमदनगर निवासी आरून अली (40), बहराइच निवासी महेश (22), करनैलगंज गोंडा निवासी रघुनंदन (20), लवी वर्मा (13) पुत्री आशीष वर्मा निवासी मुन्नूगंज गंभीर घायल हो गए। सीएचसी में घायलों का प्राथमिक उपचार होने के बाद हालत गंभीर होने पर लालाराम, मेवालाल, संतन दास, अनिल कुमार, भास्कर सिंह, आरून अली को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## डिवाइडर से टकराई बाइक युवक की मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी :** थाना क्षेत्र के गांव बहेटी निवासी 20 वर्षीय अंकुर कुमार अपने भतीजे गौरव व सूरज के साथ रिश्तेदारों में होली मिलने कटरा गए थे। बुधवार की दोपहर दो बजे तीनों लोग बाइक से सेहरामऊ दक्षिणी आ रहे थे। हरदोई रोड पर दिलावरपुर गांव के सामने बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कालेज लाया गया। जहां डाक्टर ने अंकुर को मृत घोषित कर दिया और दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सर्पदंश से किसान की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा थाना क्षेत्र के गांव बसंतापुर निवासी 45 वर्षीय राम निवासी मंगलवार की शाम पांच बजे खेत पर काम कर रहे थे। उनके पैर में सांप ने काट लिया और परिवार वाले खेत पर पहुंचे। परिवार वालों ने झाड़-फूंक कराने के बाद उसे घर पर ले गए। बुधवार की शाम उसकी मौत हो गयी।

## किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश शिकायत पर मां को पीटा

**संवाददाता, निघासन**

**अमृत विचार :** निघासन क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर दुष्कर्म की कोशिश करने का मामला सामने आया है। किशोरी के भाई को मौके पर आता देख आरोपी भाग गया। पीड़ित किशोरी की मां जब आरोपी के घर शिकायत करने गई तो उसके साथ मारपीट की गई। तहरीर देने के दो दिन बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। घटना के बाद गांव में तनाव है। पीड़ित परिवार शुक्रवार को एसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग करेगा।

पीड़ित महिला के अनुसार बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे गांव के एक युवक ने उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर पास के स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म की कोशिश की। इस दौरान किशोरी के भाई के पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग गया। घटना की

**● दो दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं, पुलिस जांच की कह रही बात**

जानकारी मिलने के बाद जब मां आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची, तो वहां उसके साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। परिजनों का आरोप है कि थाने में शिकायत देने के बावजूद अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

उनका कहना है कि मामले में कार्रवाई के बजाय समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। इससे परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि तथ्यों की पुष्टि के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# परचून दुकान में डेढ़ लाख की चोरी



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

**संवाददाता, भानपुर**

**अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र में भीरा-बिजुआ स्टेट हाईवे मार्ग स्थित एक परचून की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने करीब डेढ़ लाख रुपये के सामान व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

बरमबाबा चौराहे के समीप गांव लालू टांडा निवासी अवधेश गुप्ता की परचून की दुकान में मंगलवार

**● शटर तोड़कर दुकान में घुसे चोर, घटना सीसीटीवी में कैद**

रात करीब 1 बजे के आसपास चोरों ने दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने पहले दुकान के पीछे की दीवार में सेंध लगाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने आगे से शटर तोड़कर दुकान में प्रवेश किया। चोर दुकान से परचून का कीमती सामान, कूपन व नकदी मिलाकर करीब डेढ़ लाख रुपये का माल समेट ले गए। बुधवार सुबह जब अवधेश गुप्ता रोजाना की तरह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर टूटा देख उनके होश उड़ गए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज कैद हुई है, हालांकि सीसीटीवी कैमरे में चोर मुंह पर काला अंगोछा बांधे हैं। वहीं चोरों ने कैमरे की केबल व बिजली के तार काट दिए थे। पीड़ित अवधेश गुप्ता ने घटना की लिखित तहरीर भीरा पुलिस को दी है। पुलिस ने जांच-पड़ताल की है। थाना प्रभारी राहुल दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

# छत पर फंदे से लटका मिला बच्ची का शव

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र में एक मोहल्ले में सात साल की बच्ची का शव मकान के छत पर जाल में दुपट्टे से संदिग्ध अवस्था में लटका हुआ मिला है। मृतका बच्ची की मां ने पड़ोसी पर एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। बच्ची की मां घर पर नहीं थी और उसके दो बच्चे नीचे कमरे में थे। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच करने के बाद नमूना लिया। पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया।

रोजा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला किराए के मकान में चार बच्चों के साथ रहती है। मकान मालिक का दूसरा मकान दूसरी कालोनी में है। वह परिवार समेत दूसरे मकान में रहता

**● मां ने पड़ोसी पर हत्या और दुष्कर्म के प्रयास लगाया आरोप**

> सात साल की बच्ची का शव मकान की छत पर जाल से दुपट्टे से बंधा हुआ था। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं पाए गए है। बच्ची के शव का पोस्टमार्टम पैनल से कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
>
> –प्रयांक जैन, सीओ सदर

है। वह मकान में झाड़ू पोछा करके परिवार का पालन पोषण करती है। उसका पति शराबी किस्म का है, जो उसके साथ नहीं रहता है। बुधवार की सुबह नौ बजे महिला चारों बच्चों को मकान में छोड़कर दूसरी कालोनी में घरेलू काम करने के लिए चली गयी। उसे दोपहर एक बजे सूचना मिली कि उसकी सात साल की बेटी मकान की छत पर जीने के झाल से लटकी हुई है। वह तुरंत घर पर आयी और देखा कि उसकी बेटी की सास चल रही थी। दुपट्टा काटकर मेडिकल कालेज ले गयी। जहां डाक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। उसने रोजा थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने मौका मुआयना किया।

इधर फोरेंसिक टीम ने जांच करके नमूना लिया। मृतक बच्ची की मां ने पड़ोसी पर हत्या और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। उसने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार को पड़ोसी ने उसकी सात साल की बेटी को मारकर दुपट्टे से जाल से लटका दिया। आरोपी ने मकान की छत पर उसकी बेटी को पकड़ लिया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसकी तीन बच्चे कमरे में नीचे थे।

## एलपीजी गैस डलवाते समय कार में लगी आग

**संवाददाता, बीसलपुर**



हादसे में जली कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एलपीजी गैस डलवाते वक्त कार में अचानक आग लग गई। हादसे में कार चालक भी झुलस गया, उसे एक निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। हादसे का वीडियो वायरल हो रहा है।

बताते हैं कि नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली निवासी मोइन खान कार में बीसलपुर शाहजहांपुर रोड पर स्थित एक गेस्ट हाउस के पास एलपीजी गैस डलवा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी कार में आग लग गई। कुछ ह देर में आग बढ़ती चली गई। चालक मोइन खान भी गंभीर रूप से झुलस गए, उनको आनन फानन में नगर

**● झुलसे चालक को नगर के अस्पताल में कराया भर्ती**

के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलने पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू किया। हालांकि तब तक कार जल चुकी थी।

# हादसों में दो भाई समेत 7 की मौत, दो घायल

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** सड़क दुर्घटनाओं में दो चचेरे भाई समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में लाया गया। डॉक्टर ने पांचों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने चारों शवों का पोस्टमार्टम कराया। बंडा संवाददाता के अनुसार जिला पीलीभीत के करेली थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव के पास दो बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक को जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।



मृतक अरविंद।

थाना निगोही निवासी रामबहादुर का 25 वर्षीय पुत्र अमरजीत अपने

**● सेहरामऊ दक्षिणी, पुवायां, बंडा क्षेत्र में हुआ हादसा**

दो साथियों के साथ अमरजीत होली के त्योहार पर करेली के तिलछी गांव में अपने फूफा रामचरन के घर जा रहा था। इधर बंडा थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी रामकिशन का 20 वर्षीय पुत्र पंकज अपने तहेरे भाई थाना खुटार के गांव इटौआ निवासी रामफूल के 22 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार के साथ होली पर रंग खेलने के बाद अपने भाई संजय की ससुराल गांव बछियानी से वापस अपने घर आ रहा था। दोनों की बाईकें आपस में टकरा गईं। जिससे सभी पांचों गिरकर घायल हो गए। मौके पर भीड़ जमा होती देखकर अमरजीत के दो साथी उसे छोड़कर भाग गए। वहीं पंकज के चाचा रामू ने बताया कि पीछे से आ रही दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी।घायलों को 108 एंबुलेंस से बिलसंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने अमरजीत और अरविन्द को मृत घोषित कर दिया जबकि पंकज को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा गया जहां इलाज के लिए ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

इधर, पंकज और अरविन्द की मौत की खबर सुनते ही दोनों घरों में कोहराम मच गया। पंकज की मौत से मां रामश्री, भाई अनिल और संजय का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं अनिल ने बताया कि अरविंद की भी शादी तय हो चुकी थी जो 15 अप्रैल को होनी थी। उसकी मौत से मां सुनीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है।



**होली पर जानलेवा लापरवाही : लखीमपुर में** होली के दिन सड़कों पर कई ऐसे दृश्य सामने आए, जिसमें लोग बाइकों पर चार से छह सवारी बैठकर सड़कों पर फर्राटा भरते दिखाई दिए। ऐसे में यदि सुरक्षा से चूक हुई तो अपनी और परिवार की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है। फोटो : अमृत विचार

# प्रेमी के संग रह रही पत्नी की चाकू से गला रेतकर की हत्या

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** शहर में बालाजी नगर कालोनी में होली के दिन एक युवक ने अपनी पत्नी का खून बहा दिया। लिव-इन-रिलेशनशिप में प्रेमी के साथ रहने वाली पत्नी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी पति मुखौटा लगाकर आया था। महिला के प्रेमी के ऊपर गुलाल के साथ तेजाब फेंक दिया, जिससे महिला का प्रेमी झुलस गया। इस दौरान मारपीट में महिला का पति भी घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेती निवासी मनमोहन पाण्डेय की करीब दस साल पहले 31 वर्षीय आरती से शादी हुई थी। दोनों की सात साल की एक बेटी भी है। पति-पत्नी में अनबन होने



झुलसा बृजदीप।



आरती।

**● खून की होली: मुखौटा पहनकर आया और दरवाजा खोलते ही प्रेमी पर फेंका तेजाब**

के बाद दोनों अलग-अलग हो गए थे। तलाक के लिए कोर्ट में अर्जी भी दी थी। कोर्ट ने छह माह का समय दिया था। आरती बृजदीप के अधीन डाटा फीडिंग का काम करती थी। इस बीच दोनों में प्रेम-प्रसंग हो गया। बृजदीप ने आरती से शादी करने का मन बना लिया। दोनों राजी हो गए थे। वह दोनों जल्दी ही शादी करने वाले थे। यह बात आरती के पति मनमोहन को अखर रही थी। बृजदीप आरती को लेकर चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बालाजी नगर कालोनी में रह रहा था। बुधवार की सुबह छह बजे आरती और बृजदीप घर पर थे।

### छह साल की बच्ची अब रहेगी दादी के पास

मां आरती के मरने के बाद और पिता मनमोहन पांडे जेल जाने के बाद अब छह साल की बेटी अपनी दादी के पास रहेगी। इधर मृतका के भाई ने जीजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। रोजा थाना क्षेत्र के प्रेमनगर कालोनी मनमोहन पाण्डेय के पिता का निधन हो चुका है। उसकी मां और अपने एक भाई साथ में रहता है। उसने रामचंद्र मिशन के मोहल्ला रेती की आरती को भगाकर लाया था और शादी कर ली थी। बेरोगजार होने के कारण आरती ने तलाक लेने के लिए कोर्ट में अर्जी लगायी थी। वह अपने प्रेमी के साथ अलग रह रही थी। उसकी छह साल की बेटी अपने पिता और दादी के पास रहती थी। अब सवाल उठ रहा है कि छह साल की बच्ची की मां मर गयी। उसका पिता जेल चला जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बच्ची के दादी और एक चाचा है। वह अपनी दादी के पास रह रही है। उसकी दादी ने बताया कि वह अपनी पोती को रखेगी। उन्होंने बताया कि आरती के भाई संजीव कुमार निवासी न्यू चर्च कालोनी थाना रोजा ने आरोपी पति मनमोहन पांडे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दोनों ने भागकर की थी शादी

रोजा थाना क्षेत्र के रहने वाले मनमोहन पाण्डेय ने आरती निवासी प्रेमनगर थाना रोजा से भागकर शादी की थी। दोनों की छह साल की बेटी है। बेटी पिता के साथ रहती है। दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। दो साल पहले आरती ने तलाक का केस कोर्ट में कर दिया था। कोर्ट में केस विचाराधीन था।

### मनमोहन बेरोजगार था

आरती ने मनमोहन को तलाक देने का कोर्ट में मुकदमा इसलिए डाला था। क्यों कि उसका पति बेरोजगार था और कोई काम नहीं करता था। आरती प्राइवेट काम करके घर चलाती थी। बेटी के पैदा होने के बाद खर्च बढ़ गए। वह काम करने से मना कर देता था। शराब पीने के पैसे मांगता था और न देने पर आरती को मारता पीटता था। बृजदीप अविवाहित था और सोलर पैनल का काम करता था।

**न्यूज ब्रीफ**

### पटाखा साइलेंसर बजाने के विरोध पर मारपीट, छह पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में पटाखा साइलेंसर बजाने का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गई। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 6 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के माहोनिया गांव निवासी माखन लान ने बताया कि बुधवार को वह अपनी दुकान पर छोटे भाई की पत्नी मुन्नी देवी और रामजीत, कालीचरन के साथ बैठे हुए थे। तभी बाइक से सचिन व अंकुश अपने घर की तरफ से आए। वह बाइक पर पटाखा साइलेंसर लगाकर फायरिंग की आवाज निकल रहे थे। मना करने पर आरोपी गाली गलौज करने लगे। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो लोग घायल

**बरेली, अमृत विचार :** नवाबगंज क्षेत्र में होली के दिन दो बाइकें आपस में टकरा गईं। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। नवाबगंज थाना क्षेत्र में बुधवार को होली खेलने जा रहे दो भाइयों की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में बड़े भाई बबलू की मौत हो गई। छोटा भाई हेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, दूसरा बाइक सवार भी घायल हो गया। हादसा कुंडरिया मोड़ पर हुआ। पुलिस और परिजनों ने घायलों का महानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे से मृतक के परिवार में त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं।

### कैंटीन से शराब नहीं लाने पर फौजी के साथ मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** कैंटीन से शराब की बोतल नहीं लाकर देने पर दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। जिसमें फौजी और उसका भाई घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर लश्करीगंज निवासी पवन कुमार ने बताया कि उनका भाई पंकज कुमार भारतीय सेना में है। वह होली के मौके पर अवकाश पर घर आया हुआ है। पवन कुमार ने बताया कि गांव के रहने वाले रवि पटेल ने उसके फौजी भाई से कैंटीन से शराब की बोतल लाने को कहा था। उसका भाई तीन मार्च की दोपहर में कैंटीन से सामान लेकर आ रहा था, तभी रास्ते में रवि पटेल ने उससे शराब की बोतल के बारे में पूछा। उसने इनकार करते हुए कहा कि घर का सामान लाया है। इसी बात पर वह पंकज से झगड़ा करने लगा। वह मौके पर पहुंचकर बीच बचाव कराने लगा। आरोप है कि रवि पटेल ने अन्य लोगों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसमें वह और उसका भाई घायल हो गया।

# बरेली में बनेगा औद्योगिक गलियारा एक हजार हेक्टेयर भूमि की तलाश

## एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग के आसपास जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह

- यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा - भूमि का चिन्हांकन कराकर विवरण उपलब्ध कराएं
- विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने जनपद के सभी एसडीएम को भूमि चिह्नित करने के लिए पत्र लिखा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली जनपद में औद्योगिक विकास की कवायद शुरू हो गयी है। जनपद में एक हजार हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक गलियारा बनाने के लिए मंजूरी मिली है। यह औद्योगिक गलियारा निर्माणाधीन, प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग या अन्य ऐसे मार्ग पर बनाया जाएगा, जहां से औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके। उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार का पत्र डीएम के पास पहुंचने के बाद भूमि की तलाश शुरू हो गयी है।

यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए शासन के निर्देश पर यूपीडा वर्तमान में 42 जनपदों में औद्योगिक गलियारा विकसित कराने के लिए प्रयारसत है। निवेशकों की अभिरुचि के मद्देनजर बरेली सहित अन्य जनपदों में भी औद्योगिक गलियारा विकसित किया जाना है। औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिए करीब एक हजार हेक्टेयर भूमि का अर्जन कई मानकों को ध्यान में रखते किया जाना है। भूमि निर्मित/निर्माणाधीन या प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग या अन्य ऐसे मार्ग पर स्थित होनी चाहिए जिससे औद्योगिक क्षेत्र से आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके।औद्योगिक गलियारे के लिए चिह्नित की जाने वाली भूमि जलभराव या जल मग्न वाली नहीं होनी चाहिए। भूमि आबादी में न हो ताकि सुविधाजनक तरीके से क्रय/अर्जन की जा सके। भूमि नहर या हाईटेंशन लाइन क्षेत्र में न हो। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने डीएम से औद्योगिक गलियारा के लिए भूमि का चिन्हांकन कराते हुए राजस्व मानचित्र पर स्पष्ट बाह्य सीमा प्रदर्शित करते हुए मानचित्र की प्रति सहित विवरण भेजने के लिए आग्रह किया है। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी देश दीपक सिंह ने भूमि चिह्नित करने के लिए एसडीएम सदर, बहेड़ी, नवाबगंज, फरीदपुर, आंवला और मीरगंज को पत्र जारी कर दिया है।

**इन जनपदों में पहले से प्रस्तावित हैं औद्योगिक गलियारा**

बदायूं, शाहजहांपुर, मैनपुरी, गाजियाबाद, बुलंदशहर, जौनपुर, भदोही, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, मुजफ्फरनगर, लखनऊ, हरदोई, हमीरपुर, औरैया, उन्नाव, मेरठ, हापुड़, अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, संभल, चित्रकूट, अमरोहा, कन्नौज, प्रयागराज, बांदा, महोबा, जालौन, फिरोजाबाद, इटावा, बाराबंकी, अमेठी, गाजीपुर, अंबेडकरनगर, गोरखपुर, सहारनपुर, बागपत, हाथरस, बहराइच।

**क्या है औद्योगिक गलियारा**

औद्योगिक गलियारा एक ऐसा नियोजित क्षेत्र होता है, जहां सड़कों, रेलमार्गों और हवाई अड्डों के सुदृढ़ नेटवर्क के माध्यम से प्रमुख विनिर्माण केंद्रों को जोड़ा जाता है। यह बुनियादी ढांचे पर आधारित एक रेखिक आर्थिक विकास क्षेत्र है, जिसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स लागत कम करने, औद्योगीकरण को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करना है। एकीकृत बुनियादी ढांचा में औद्योगिक क्लस्टर, स्मार्ट सिटी, लॉजिस्टिक पार्क और टाउनशिप शामिल की जाती हैं जो विश्व स्तरीय परिवहन से जुड़े होते हैं।

### ब्राह्मण समाज ने अलंकार अग्निहोत्री का किया स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा दे चुके निलंबित पीसीएस अलंकार अग्निहोत्री अपनी पार्टी की घोषणा करने के बाद गुरुवार की शाम बरेली पहुंचे। ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। बदायूं रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के पंजीकरण के लिए कागजी कार्यवाही चल रही है। दावा किया कि उनकी पार्टी को लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। अग्निहोत्री ने केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने लखनऊ में जनप्रतिनिधियों के बहिष्कार और केंद्र सरकार द्वारा लाए काले कानूनों का जिक्र किया। अग्निहोत्री ने शंकराचार्य पर लगाए गए आरोपों का भी जिक्र करते हुए कहा कि 25 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने शंकराचार्य पर अनर्गल आरोप लगाए थे। इस मामले में कोर्ट ने शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। उनकी पार्टी अपनी स्थिति और वोट बैंक के आधार पर हर तरह के गठबंधन के लिए भी तैयार है।

# यूपी बोर्ड: मूल्यांकन को लेकर शुरू हुई तैयारी




- 12 मार्च को बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद 19 से होना है मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के बीच मूल्यांकन की तैयारी शुरू हो गई हैं। मूल्यांकन के लिए केंद्रों की सूची माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा मांगी गई है। पिछले साल की तरह इस साल भी चार केंद्रों पर मूल्यांकन किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा सचिव का आदेश आने के बाद मूल्यांकन की सूची तैयार करने की कवायद शिक्षा विभाग में शुरू हो गई है।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हुई थी। यह परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त होंगी। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के लगभग प्रमुख पेपरों की परीक्षा संपन्न हो चुकी है। कुछ विषय की परीक्षा और शेष है। इसी बीच माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से मूल्यांकन को लेकर केंद्र निर्धारण की सूची मांग ली गई है। शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की माने तो इस बार भी चार केंद्रों पर हाईस्कूल इंटरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य होगा। डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा समाप्त होने के बाद 19 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। उत्तर पुस्तिकाओं के जांचने की प्रक्रिया करीब 15 दिनों तक चलेगी। इस बार निर्धारित समय में सभी कॉपियों का मूल्यांकन पूरा कर लिया जाएगा। ताकि रिजल्ट समय पर घोषित किया जा सके। बताया कि मूल्यांकन केंद्रों की सूची तैयार की जा रही है। जिसे जल्द ही भेज दिया जाएगा।

> सर यूपी बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 19 मार्च से होना है। मूल्यांकन केंद्र निर्धारण संबंधी सूचना मांगी गई है। जिससे तैयार कराया जा रहा है।
>
> -**लालजी यादव**, डीआईओएस

# वित्त मंत्री को बधाई देने वालों का लगा तांता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** होली पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को उनके दीवान जोगराज आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उनके आवास पर डीआईजी अजय कुमार साहनी, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी ने पहुंचकर अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान श्री खन्ना ने भी इन अधिकारियों को बधाई दी और मिठाई व अन्य व्यंजन खाने का पेश किए। श्री खन्ना के साथ होली खेलने और बधाई देने का क्रम पूरे दिन चलता रहा।



होली पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के आवास पर होली की बधाई देते डीआईजी अजय कुमार साहनी, साथ में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने भाजपा के पदाधिकारियों के साथ भी होली खेली और बधाई दी। इस दौरान सांसद अरुण कुमार सागर, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, चंद्रशेखर खन्ना धीरू, आशुतोष आनंद, व्यापारी नेता किशोर गुप्ता आदि ने श्री खन्ना के अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। वहीं श्री खन्ना के आवास पर कई मुस्लिम भी बधाई देने पहुंचे। इनमें सेवानिवृत्त शिक्षक आफाक अली खां, शिक्षक नेता मोहम्मद नफीस खां के अलावा कई अन्य मुस्लिमों ने भी श्री खन्ना को त्यौहार की बधाई दी। राजभवन में भी वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें होली की बधाई दी। यहां लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद भी चखा। सांसद अरूण सागर के साउथ सिटी स्थित आवास पर भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सांसद को रंग लगाकर होली की बधाई दी।

# होली पर बसें खाली, रोडवेज की उम्मीदों को झटका

- सैटेलाइट और पुराना बस अड्डे पर भीड़ की जगह खामोशी ने बढ़ाई अफसरों की टेंशन
- लंबी दूरी और लोकल रूट की सवारियां तक नहीं, दो से तीन दिन में बढ़ने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली को लेकर रोडवेज अधिकारियों ने यात्रियों की बढ़ती संख्या की उम्मीद में विशेष तैयारियां की थीं, लेकिन इस बार स्थिति पूरी तरह उलट रही। सैटेलाइट और पुराने बस अड्डों पर होली से एक दिन पहले और होली के अगले दिन भी यात्रियों की संख्या बेहद कम रही। लंबी दूरी और स्थानीय रूटों की कई बसें निर्धारित समय पर रवाना तो हुईं, लेकिन सीटें लगभग खाली नजर आईं। कई बसों में यात्री गिनती भर ही थे, जबकि आमतौर पर इस समय यात्रियों की भीड़ देखने को मिलती है।

परिवहन निगम के अधिकारी अनुमान लगा रहे थे कि दूसरे जिलों और राज्यों में काम करने वाले लोग होली से एक दिन पहले देर रात तक शहर पहुंचेंगे और बस अड्डों पर भीड़ रहेगी। इसी को देखते हुए 150 बसों के फेरे बढ़ाने की व्यवस्था की थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। त्योहार के दिन और उसके अगले दिन भी बस अड्डों पर यात्रियों का टोटा ही दिखाई दिया। सैटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर टिकट काउंटरों पर भी सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ रही। परिवहन कर्मियों के अनुसार होली जैसे बड़े त्योहार के दौरान कई बार लोग अपने घरों में ही रहना पसंद करते हैं, जिसके कारण यात्रा कम हो जाती है। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों से भी सफर करते हैं, जिससे रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या घट जाती है।

इधर, खासबात यह रही कि दिल्ली, लखनऊ और आगरा समेत लंबी दूरी के रूटों के साथ-साथ स्थानीय रूटों की बसों में भी यात्रियों का टोटो देखने को मिला। गुरुवार को कई बसें गिनी चुनी सवारियों के साथ रवाना हुईं। यात्रियों की कमी का सीधा असर रोडवेज की आय पर भी पड़ा है। आरएम दीपक चौधरी का कहना कि यह स्थिति अस्थायी है। एक से दो दिन में यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। जैसे-जैसे लोग अपने कार्यस्थलों और दूसरे शहरों की ओर लौटेंगे, बसों में भीड़ बढ़ेगी। फिलहाल परिवहन निगम की ओर से सभी प्रमुख रूटों पर बसों का संचालन जारी रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो।

**छुट्टियां रद्द, प्रोत्साहन योजना लागू**

होली के त्योहार को देखते हुए शासन की ओर से रोडवेज के चालक, परिचालक और अन्य कर्मचारियों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। यह योजना नौ मार्च तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत त्योहार के दौरान अधिकतम फेरे लगाने और निर्धारित लक्ष्य के अनुसार संचालन करने वाले चालक और परिचालकों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक इस योजना का उद्देश्य त्योहार के दौरान बसों का संचालन सुचारु बनाए रखना और कर्मचारियों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही बसों की उपलब्धता बढ़ाने और यात्रियों को समय पर सुविधा देने पर भी जोर दिया जा रहा है।

# मस्जिद में तरावीह का पहला दौर किया मुकम्मल

- हाफिज को मिले नकद इनाम और उपहार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रमजान के महीने में तरावीह की नमाज़ के दौरान कुरआन मुकम्मल होने का जश्न जारी है। कई मस्जिदों में तरावीह का पहला दौर मुकम्मल हो गया। टाउन हॉल वाली मस्जिद में हुए जश्न-ए-तकमील कुरआन कार्यक्रम में कुरआन सुनाने वाले हाफिज मुहम्मद खालिद रजा की गुलपोशी कर उन्हें नकद इनाम और उपहार दिए गए। इस दौरान उलेमा ने रमजान, रोजे और कुरआन की फजीलत के बारे में बताया।



टाउन हॉल मस्जिद में हुए कार्यक्रम में हाफिज को नकद इनाम व उपहार देते कमेटी।

शहर इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ हमारे बच्चों के लिए दीनी शिक्षा भी जरूरी होनी चाहिए। क्योंकि कुरआन ही ऐसी किताब है जो दुनिया और आखिरत में अच्छाई लाती है, इसलिए इसका पालन करना चाहिए। इस पवित्र महीने में हर समझदार बालिग मुसलमान पर रोजा रखना फर्ज किया गया है। रोजा इस्लाम का दूसरा अहम स्तंभ है। रोजे की सबसे बड़ी फजीलत यह है कि हर काम का सवाब तय है, लेकिन रोजा एक ऐसा अमल है जिसके बारे में अल्लाह तआला का फरमान है कि रोजा मेरे लिए है और मैं खुद इसका सवाब दूंगा। मुफ्ती राहिल रजा मरकजी ने भी कुरआन और रमजान की फजीलत पर रोशनी डाली। इस दौरान हाफिज मोहम्मद इश्तियाक ने नाअत और मनकबत पेश की। शहर इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने मुल्क में खुशहाली और अमन-चैन की दुआ की। हाफ़िज़ मोहम्मद खालिद रजा को तोहफ़ों से नवाजा गया। इस मौक़े पर सैयद कासिम रज़ा, हाफ़िज़ इमरान रज़ा नूरी, मौलाना रियाजुल कादरी, हाफिज मोहम्मद साजिद, हाफिज फुरकान, इदरीस खां, सईद खां, अहसन रजा, मिर्जा आसिफ बेग, जुल्फिकार उर्फ नन्हे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# फंदे पर लटका मिला टेंट कारोबारी का शव

- हाफिजगंज में हाईवे किनारे बनी दुकानों के बाहर टिन शेड में मिला शव

संवाददाता, हाफिजगंज/बरेली

**अमृत विचार :** टेंट कारोबारी का शव बुधवार की देर शाम उसकी मार्केट के बाहर बनी टीन शेड में फंदे से लटकता मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सीओ और इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर जांच की। परिजनों ने हत्या के बाद शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हाफिजगंज क्षेत्र के गांव उदरनपुर निवासी हरपाल मौर्य (32) का शव उसकी अपनी मौर्य मार्केट के टीन शेड में लटका हुआ मिला। मृतक के परिजनों के अनुसार हरपाल मौर्य बुधवार की शाम करीब छह बजे रोज की तरह हाईवे किनारे बनी अपनी मार्केट में सोने के लिए गए थे। कुछ देर बाद जब वह वहां पहुंचे तो देखा कि उनका हरपाल का शव टीन शेड में लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर क्षेत्राधिकारी नवाबगंज और कोतवाल हाफिजगंज प्रवीण सोलंकी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस को कमरे में अधबना मीट रखा मिला, जो सील कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

> शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -**प्रवीण सोलंकी**, इंस्पेक्टर हाफिजगंज

**हत्या कर शव लटकाने का आरोप**

मृतक के पिता केसरी लाल ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि किसी ने उसकी हत्या कर शव को टीनशेड में लटका दिया है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक हरपाल मौर्य अपने पीछे पत्नी लक्ष्मी देवी, बेटी कोमल और बेटा रचित को छोड़ गए हैं। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 09/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैः-

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः **(1)** कासगंज स्टेशन के रनिंग रूम में अतिरिक्त क्रू रूम का प्रावधान। **(2)** समइं/मथुरा के अधिकार क्षेत्र में पटियाली-मथुरा खंड में रेलवे क्वार्टरों का सुधार। **(3)** कासगंज, फर्रूखाबाद, फतेहगढ़ एवं रावतपुर में डिवीजनल ट्रैफिक इंस्पेक्टर के लिये कार्यालय का प्रावधान (कुल 4 स्टेशन)। **(4)** हाथरस सिटी में 16 बिस्तरों वाली आर.पी.एफ. बैरक का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 7,22,40,631.81, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 5,11,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरणः **(1)** वरि० मंडल इंजीनियर/II के अंतर्गत मथुरा-राया अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिये मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का कार्य। **(2)** वरि० मंडल इंजीनियर/II के अंतर्गत सोनाई-राया अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिये मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 9,38,84,580.09, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 6,19,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का विवरणः **(1)** इज्जतनगर डिवीजन में शमसाबाद-कायमगंज अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिये डब्ल्यू-बीम टाइप मेटल फेन्सिंग का प्रावधान। **(2)** इज्जतनगर डिवीजन में फर्रूखाबाद-हरसिंगपुर गोबा अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिये डब्ल्यू-बीम टाइप मेटल फेन्सिंग का प्रावधान। **(3)** इज्जतनगर डिवीजन में हरसिंगपुर गोबा-शमसाबाद अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिये डब्ल्यू-बीम टाइप मेटल फेन्सिंग का प्रावधान। **(4)** इज्जतनगर डिवीजन में उत्तरीपुरा-बिल्हौर अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिये डब्ल्यू-बीम टाइप मेटल फेन्सिंग का प्रावधान। **(5)** इज्जतनगर डिवीजन में बिजुरी-उत्तरीपुरा अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिये डब्ल्यू-बीम टाइप मेटल फेन्सिंग का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 23,45,25,066.53, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 13,22,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 27-03-2026 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-497

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# बाइक पोल से टकराई, युवक की मौत

- कलान में आंधी देई गांव के पास सांड़ को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** सांड को बचाने के चक्कर में बाइक विद्युत पोल से जा टकराई। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम टढ़ई निवासी डोरी लाल श्रीवास्तव के 32 वर्षीय पुत्र प्रदीप श्रीवास्तव की सैलून की दुकान है। जिस पर वह कार्य कर अपने परिवार का पेट पलता है। बताया जाता है कि वह मंगलवार को शाम 7 बजे अपनी आंधी देही गांव में सैलून की दुकान बंद कर बाइक से टढई में घुसते ही गांव के पास मजार के निकट पहुंचा ही था कि अचानक एक सांड निकल कर भाग खड़ा हुआ। जिसको बचाने के चक्कर में उसकी बाइक विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

**कार्यालय नगर पंचायत उसावां (बदायूं)**

संख्या : 205/न.प.उसां./2025-26 — दिनांक : 5.3.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 पं. दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत कुल -10 निर्माण/विकास कार्यो हेतु प्राप्त धनराशि से कार्य कराने हेतु E-Tender Technical and Financial Bid के माध्यम से दि. 6.3.2026 को समय 11 बजे से दि. 27.3.2026 तक सायं 5 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। E-Tender से प्राप्त निविदायें E-Tender Technical and Financial Bid दि. 28.3.2026 से खोली जायेगी। E-Tender Technical and Financial Bid से सम्बन्धित समस्त शर्तो व विवरण की जानकारी ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की देखी जा सकती है।

(देवेन्द्र प्रताप गौतम)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत उसावां (बदायूं)

(प्रियंका सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत उसावां (बदायूं)

**व्यापारी को बाइक से मारी टक्कर**

**कलान, अमृत विचार :** दुकान के सामने खड़े किराना व्यापारी के बाइक से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। नगर पंचायत के मोहल्ला शिवनगर में प्रदीप गुप्ता की किराना की दुकान है। वह शाम 5:15 बजे स्टेट हाईवे मुरादाबाद फर्रुखाबाद अपनी दुकान के सामने खड़े थे कि कलान की तरफ से बाइक तरफ से तेज गति से बाइक ले जा रहे हैं। युवक ने प्रदीप के टक्कर मार दी, जिससे वह स्टेट हाईवे पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि पीआरबी पुलिस को सड़क हादसे की खबर मिली। पीआरबी पुलिस ने बाइक सवार को हिरासत में लेकर थाने भेजा। वहीं प्रदीप गुप्ता को घायल अवस्था में तत्काल परिजन बदायूं अस्पताल ले गए। जहां हालात को गंभीर देखते हुए उन्हें बरेली अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

# रमजान और होली पर दिखी सौहार्द की मिसाल

- डा. केपी गुप्ता अस्पताल में हुआ रोजा इफ्तार
- होली और रमजान को अमन का पैगाम बताया

कार्यालय संवादाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रमजान और होली के मौके पर महानगर में आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। होली के पावन अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केपी गुप्ता ने अपने अस्पताल परिसर में मुस्लिमों के साथ रोजा इफ्तार कर सद्भाव, भाईचारे और अमन का पैगाम दिया। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ, स्थानीय नागरिकों एवं रोजेदारों की उपस्थिति रही। इस दौरान डॉ. केपी गुप्ता ने कहा कि त्योहार हमें प्रेम, सद्भाव और एक-दूसरे के प्रति आदर और सम्मान का संदेश देते हैं।उन्होंने कहा कि समाज में आपसी सौहार्द, शांति और सद्भाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान रोजा इफ्तार के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।



सर्जन डा केपी गुप्ता के अस्पताल में रोजा इफ्तार करते रोजेदार। ● अमृत विचार

### मोहल्ला सिंजई में एक मीनार वाली मस्जिद में रोजा इफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला सिंजई में बकरियों वाली पुलिया के पास एक मीनार वाली मस्जिद में रोजा इफ्तार में सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने शिरकत कर मुल्क में अमन चैन व अपने जनपद की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ की। इस दौरान मोहम्मद रफी सिद्दीकी समेत तमाम रोजेदार मौजूद रहे। दूसरी ओर मोहल्ला खिरनी बाग में सराय वाली मस्जिद में इफ्तार में रोजा इफ्तार किया गया। मस्जिद के इमाम हाफिज जान मोहम्मद ने रोजा इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा कराई और खुशहाली की दुआ की।



# गोरखपुर में होलिका भस्म की पूजा कर मुख्यमंत्री योगी ने मनाई होली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- गोरक्षपीठाधीश्वर व संतों ने एक दूसरे को लगाया भस्म का तिलक
- गोरखनाथ मंदिर में फाग और फूलों के संग हुआ रंगोत्सव

**अमृत विचार :** होली के महापर्व पर बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलिका भस्म की पूजा कर होली उत्सव का शुभारंभ किया। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका की भस्म (सम्मत की राख) की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और भस्म का तिलक लगाया।

मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने विधि-विधान से पूजा की। इसके बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने भी सभी को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु गोरखनाथ के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित की। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने कुछ देर रुककर फाग गीतों का आनंद लिया और उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी।

इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री के ऊपर अबीर-गुलाल, रंग और फूलों की वर्षा कर उत्साहपूर्वक होली खेली। पूरा परिसर रंग और भक्ति के माहौल से सराबोर दिखाई दिया। गोरखनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और संतों के बीच भक्ति, परंपरा और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला।

### गोवंश को लगाया तिलक गुड़ खिलाकर की गोसेवा

होली के अवसर पर मुख्यमंत्री मंदिर की गोशाला भी पहुंचे, जहां उन्होंने गोवंश को भस्म और गुलाल का तिलक लगाया तथा गुड़ खिलाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री की आवाज सुनते ही गोवंश उनके पास आ गए, जिन्हें उन्होंने दुलार करते हुए उनके माथे और गर्दन को सहलाया।



होली पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गोरखपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित समारोह में शामिल मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# यूपी पुलिस को होंडा इंडिया देगा 50 क्यूआरटी वाहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस को होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से 50 क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) दो पहिया वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। फाउंडेशन अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत ये वाहन देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश पुलिस और होंडा इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इन 50 दोपहिया वाहनों को उत्तर प्रदेश पुलिस के बेड़े में शामिल किया जाएगा। इनका उपयोग विशेष रूप से सीमावर्ती जिलों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपात स्थिति या अपराध की सूचना मिलने पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

जानकारी के अनुसार सहारनपुर को पांच वाहन दिए जाएंगे, जबकि शामली, हापुड़, बागपत, बुलंदशहर, बिजनौर, पीलीभीत, महोबा, बांदा, प्रतापगढ़, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, देवरिया और सोनभद्र को तीन-तीन वाहन मिलेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### निमोनिया व दस्त का इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध

**अमृत विचार, लखनऊ :** बदलते मौसम में बरती जा रही लापरवाही बच्चों की सेहत पर भारी पड़ रही है। खानपान में गड़बड़ी व सफाई की अनदेखी के चलते डायरिया व निमोनिया से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ रही है। परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. डी. एच. अग्रवाल का कहना है कि सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस और जिंक की दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध हैं तथा बच्चों के लिए आवश्यक जांच एवं उपचार की व्यवस्था है। इसलिए इन दोनों बीमारियों के लक्षण आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने बच्चों को दिखाएं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक डॉ. मिलिंद वर्धन ने बताया कि बदलते मौसम में छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है, जिससे दस्त और निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। यदि अभिभावक प्रारंभिक लक्षणों की पहचान कर तुरंत आशा, एएनएम या नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य इकाई से संपर्क करें तो बच्चे को गंभीर स्थिति में जाने से रोका जा सकता है। समय पर ओआरएस, जिंक और आवश्यक दवाओं से अधिकतर मामलों में बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हो जाते हैं। डफरिन अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान के अनुसार, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली मृत्यु का लगभग 15–20 प्रतिशत हिस्सा दस्त और निमोनिया से जुड़ा होता है। अच्छी बात यह है कि ओआरएस, जिंक और समय पर उपचार से दस्त के 90 प्रतिशत से अधिक मामलों का प्रभावी प्रबंधन संभव है।

### विद्युत सखी योजना से महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार की विद्युत सखी योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रही है। अब तक 30 हजार महिलाओं को विद्युत सखी के रूप में पंजीकृत किया जा चुका है। इनमें से 15 हजार से अधिक महिलाएं सक्रिय रूप से फील्ड में काम करते हुए घर–घर जाकर बिजली बिल जमा करा रही हैं। इन महिलाओं ने अब तक 3250 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल संग्रह कर नया रिकॉर्ड बनाया है। सरकार का कहना है कि प्रशिक्षण और अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शेष महिलाओं को भी जल्द फील्ड में तैनात किया जाएगा। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को बिजली बिल कलेक्शन एजेंट के रूप में जोड़ा गया है इन्हें बिजली बिल संग्रह पर कमीशन भी दिया जाता है। दो हजार रुपये तक के बिल कलेक्शन पर उन्हें 20 रुपये का कमीशन मिलता है, जबकि दो हजार रुपये से अधिक के बिल पर एक प्रतिशत कमीशन दिया जाता है। इस व्यवस्था से हजारों महिलाएं अच्छी आय अर्जित कर रही हैं और कई 'दीदियां' लखपति भी बन चुकी हैं।

# डॉक्टर पर भरोसा हो तो दवा भी असर करती है और दुआ भी : योगी

## ग्रेटर नोएडा में केडीएसजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

- बोले- डॉक्टर के व्यवहार से आधी बीमारी हार जाती है

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास व मानवीय व्यवहार भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। डॉक्टर का सकारात्मक व्यवहार मरीज की आधी बीमारी खत्म कर देता है।

मुख्यमंत्री, गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में केडीएसजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव को देखकर पाकिस्तान की टीम आधा मैच हार जाती थी, वैसे ही डॉक्टर को देखकर मरीज की आधी बीमारी हार जाती है। कहा, जब मरीज को डॉक्टर पर विश्वास हो जाता है तो उसकी मानसिक शक्ति बढ़ जाती है। ऐसे में दवा भी असर करती है और दुआ भी काम करती है। इससे मरीज जल्दी स्वस्थ होता है और अस्पताल की प्रतिष्ठा भी बढ़ती है।

सीएम योगी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को बिना भेदभाव पांच लाख रुपये तक की कैशलेस उपचार सुविधा दी जा रही है। उत्तर प्रदेश इस योजना में अग्रणी है और यहां अब तक 5 करोड़ 60 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 तक देश में केवल छह एम्स कार्यरत थे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी की पहल के बाद अब देश में 23 एम्स संचालित हो रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में सरकार के साथ निजी क्षेत्र की सहभागिता भी जरूरी है, ताकि बड़ी आबादी को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। यदि मेडिकल कॉलेजों की स्थापना में निजी क्षेत्र निवेश करता है तो इससे नए मेडिकल प्रोफेशनल तैयार होंगे और लोगों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 300 बेड वाला यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगा।

इस अवसर पर अस्पताल के संस्थापक और पूर्व क्रिकेट कप्तान कपिल देव, उद्योगपति सुनील कुमार गुप्ता, प्रदेश सरकार में मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, धीरेन्द्र सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और अतिथि मौजूद रहे।



ग्रेटर नोएडा में केडीएसजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में पूर्व क्रिकेटर कपिल देव व अन्य।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अस्पताल

ग्रेटर नोएडा में स्थापित केडीएसजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का संचालन अजिंक्य डीवाई पाटिल हेल्थकेयर द्वारा किया जाएगा। 300 बेड वाले इस अस्पताल में अत्याधुनिक मॉड्यूलर ओटी, मल्टी–स्पेशियलिटी आईसीयू, कैथेटराइजेशन लैब, इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर के साथ रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी और न्यूक्लियर मेडिसिन की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, क्रिटिकल केयर, पल्मोनोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और पीडियाट्रिक्स समेत कई विशेषज्ञ सेवाएं दी जाएंगी।

# जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता अक्षम्य : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर

- गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों की सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार :** गोरखपुर में जनता के साथ बुधवार को दिनभर होली की खुशियां साझा करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य होगी। जनता की समस्याओं का समाधान तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर में गुरुवार सुबह परिसर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से आए करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित करते हुए समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए और लोगों को भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा।

मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री खुद लोगों के बीच पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उसकी मदद की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों और कमजोरों को परेशान करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार इलाज के लिए पूरी मदद करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज से संबंधित इस्टीमेट की प्रक्रिया जल्द पूरी कर शासन को भेजी जाए, ताकि समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# लखीमपुर खीरी के दो ब्लॉकों को सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- धौरहरा को गोल्ड और बांकेगंज को ब्रॉन्ज मेडल
- स्वास्थ्य, पोषण व कृषि योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल

**अमृत विचार :** प्रदेश को एस्पिरेशनल ब्लॉक कार्यक्रम में एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। नीति आयोग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा ब्लॉक को गोल्ड और बांकेगंज ब्लॉक को ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया है।

जुलाई से सितंबर 2024 के बीच चले संपूर्णता अभियान में दोनों ब्लॉकों ने विभिन्न विकास सूचकांकों पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। यह सम्मान लखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन भी प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले के आकांक्षात्मक ब्लॉकों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। इसी के तहत बांकेगंज ब्लॉक ने स्वास्थ्य और पोषण, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं तथा सामाजिक विकास से जुड़े तीन प्रमुख इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत सैचुरेशन हासिल कर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। वहीं धौरहरा ब्लॉक ने छह प्रमुख इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच, पोषण सुधार की पहल और कृषि योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने के प्रयासों से यह सफलता मिली।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की मौजूदगी में बांकेगंज के बीडीओ ऋषिकांत अहिरवार और धौरहरा के तत्कालीन बीडीओ सुमित कुमार सिंह (वर्तमान में बीडीओ फूलबेहड़) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# 3,300 किसानों को मिलेंगे कृषि यंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिलों में आज ई-लॉटरी से होगा चयन, ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार:** प्रदेश में 3300 से अधिक किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र दिए जाएंगे। इसका लाभ उन किसानों को मिलेगा जिन्होंने 4 मार्च तक कृषि विभाग की वेबसाइट www.agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया है। जिन जिलों में लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, वहां शुक्रवार को ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन किया जाएगा।

कृषि विभाग के अनुसार, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत फार्म मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन और अन्य एकल कृषि यंत्रों के लिए 2519 किसानों को अनुदान दिया जाएगा। वहीं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के अंतर्गत 800 किसानों को कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

चयनित किसानों को बुकिंग टोकन कंफर्म होने के बाद 10 दिन के भीतर कृषि यंत्र खरीदकर उसकी रसीद और फोटो विभागीय पोर्टल www.agridarshan.up.gov.in या upyantratraking.in पर अपलोड करनी होगी।

ई-लॉटरी में चयनित किसानों को मोबाइल पर एसएमएस के जरिए सूचना दी जाएगी। साथ ही प्रतीक्षा सूची में शामिल किसानों को भी इसकी जानकारी भेजी जाएगी। चयनित न होने वाले किसानों की जमानत राशि अधिकतम छह महीने के भीतर वापस कर दी जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने पोर्टल पर कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग की है, वे अपने-अपने जिलों में आयोजित होने वाली ई-लॉटरी प्रक्रिया में जरूर भाग लें।

प्रदेश में वर्ष 2017-18 से 2025 तक लगभग तीन लाख कृषि यंत्र किसानों को उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इनमें 2.31 लाख एकल कृषि यंत्र, 8405 कस्टम हायरिंग सेंटर और 7351 फार्म मशीनरी बैंक शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी तक 7777 कृषि यंत्र, 51 कस्टम हायरिंग सेंटर और 64 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित करने के बिल पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं।

# ईसीसीई किट से खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे

## किट के लिए प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को दी जा रही 39 हजार रुपये की धनराशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए योगी सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 20 हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) किट का वितरण किया गया है। ईसीसीई किट के लिए प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को 39 हजार रुपये की धनराशि दी जा रही है।

राज्य सरकार का मानना है कि तीन से छह वर्ष की आयु बच्चों के बौद्धिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। ऐसे में इस चरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री और वैज्ञानिक पद्धति उपलब्ध कराकर बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

ईसीसीई के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल किट, ईसीसीई मैनुअल (पहल), वार्षिक गतिविधि कैलेंडर और बाल गतिविधि पुस्तिका उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही नेशनल बुक ट्रस्ट से प्रकाशित छह कहानियों की पुस्तकों का सेट तथा टीचिंग लर्निंग मैटेरियल (टीएलएम) आधारित पुस्तिकाएं भी दी जा रही हैं।

प्रदेश सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल पोषण वितरण तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इन्हें चरणबद्ध तरीके से आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। बेहतर फर्नीचर, सुरक्षित वातावरण और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की उपलब्धता से आंगनबाड़ी केंद्रों का स्वरूप बदल रहा है और ये गांवों व मोहल्लों में छोटे-छोटे लर्निंग हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। इन किटों के माध्यम से बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा दी जा रही है, जिससे वे खेल-खेल में सीख रहे हैं।



### बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा को महत्व

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में भी तीन से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया है और इसे स्कूली शिक्षा के बुनियादी स्तर से जोड़ा गया है। सरकार का कहना है कि पोषण, स्वास्थ्य जांच और शिक्षा को एकीकृत कर बच्चों के सर्वांगीण विकास का मॉडल तैयार किया गया है, जिससे भविष्य में उन्हें बेहतर अवसर मिल सकें।

**नई परियोजनाएं** | विदेशी साझेदारी से टेक्नोलॉजी और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

# यीडा क्षेत्र में बन रहा औद्योगिक कॉरिडोर पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेडिकल डिवाइस पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर, फिल्म सिटी और फिनटेक सिटी समेत कई परियोजनाएं ले रहीं आकार

**अमृत विचार :** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में विकसित और प्रस्तावित औद्योगिक सिटीज अब पारंपरिक औद्योगिक प्लॉटिंग से आगे बढ़कर सेक्टर आधारित आर्थिक ढांचे के रूप में उभर रही हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, टॉय सिटी और अपैरल पार्क जैसी परियोजनाओं के साथ फिल्म सिटी, फिनटेक सिटी और विदेशी साझेदारी पर आधारित थीम सिटीज यमुना एक्सप्रेस-वे को बहुक्षेत्रीय औद्योगिक कॉरिडोर में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क और सेक्टर-24 में 200 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य उच्च मूल्य उत्पादन को बढ़ावा देना है। इसके अलावा सेक्टर-33 में 100 एकड़ में टॉय सिटी और सेक्टर-29 में 175 एकड़ का अपैरल पार्क श्रम आधारित उद्योगों को संगठित ढांचा उपलब्ध करा रहे हैं। इन परियोजनाओं को इस तरह डिजाइन किया गया है कि कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की सप्लाई चेन एक ही कॉरिडोर में विकसित हो सके।

टप्पल क्षेत्र में 200 एकड़ का प्रस्तावित लॉजिस्टिक्स पार्क औद्योगिक ढांचे की आपूर्ति और वितरण प्रणाली को मजबूत करेगा। वहीं सेक्टर-29 में 200 एकड़ का एमएसएमई पार्क छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़े उद्योगों से जोड़ने का माध्यम बनेगा। भूमि उपयोग, आवासीय टाउनशिप, स्किल डेवलपमेंट संस्थानों और सहायक सेवाओं के विस्तार से सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में व्यापक बदलाव की संभावना है।

### 1000 एकड़ में फिल्म सिटी

सेक्टर–21 में करीब 1000 एकड़ में प्रस्तावित फिल्म सिटी को मीडिया, कंटेंट प्रोडक्शन, पोस्ट प्रोडक्शन और डिजिटल सेवाओं के केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। वहीं सेक्टर–11 में 500 एकड़ में प्रस्तावित फिनटेक सिटी मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र को डिजिटल वित्तीय सेवाओं से जोड़ने का काम करेगी। इससे औद्योगिक इकाइयों को भुगतान, निवेश और वैश्विक लेनदेन के लिए एकीकृत प्लेटफॉर्म मिलने की संभावना है।

### जापानी सिटी और सिंगापुर सिटी बनेंगी

अंतरराष्ट्रीय सहयोग के तहत सेक्टर–5ए में जापानी सिटी, सेक्टर–4 में कोरियन सिटी और सेक्टर–7 में सिंगापुर सिटी के लिए 500–500 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल विदेशी निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि तकनीक, प्रबंधन प्रणाली और औद्योगिक कार्य संस्कृति को भी स्थानीय ढांचे में शामिल करना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन सिटीज में एंकर कंपनियां स्थापित होने पर सहायक उद्योगों और सेवा क्षेत्र को भी गति मिलेगी।

# प्रदेश के 6 प्रत्याशी अयोग्य घोषित 3 साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निर्वाचन व्यय का लेखा समय पर न देने के कारण भारत निर्वाचन आयोग ने किया फैसला

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में भाग लेने वाले छह प्रत्याशियों को अयोग्य घोषित कर दिया है। इनमें से चार अभ्यर्थी अकेले बदायूं हैं। आयोग ने यह निर्णय इन प्रत्याशियों द्वारा नियमानुसार अपने निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल नहीं करने पर लिया है।

अयोग्य घोषित किए गए प्रत्याशी 25 फरवरी 2026 से अगले तीन वर्ष तक किसी भी लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा या विधान परिषद के चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगे। यह कार्रवाई लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के तहत की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी को निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर अपने सभी व्यय वाउचर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना होता है। इन छह प्रत्याशियों ने आयोग का नोटिस मिलने के बाद भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया।

### अयोग्य घोषित प्रत्याशी

- प्रज्ञा यशोदा– 112, बिसौली विधानसभा, ग्राम पिसनहारी, बदायूं
- सुरेन्द्र– 112, बिसौली, ग्राम लभारी, बदायूं
- ममता देवी– 116, शेखूपुर, ग्राम सराय पिपरिया, बदायूं
- ओमवीर– 117, दातागंज, ग्राम खजुरारा, बदायूं
- मुन्ना लाल–117, दातागंज, हसनपुर खेवली, लखनऊ
- अनिल कुमार–113, सहसवान विधानसभा, चन्दौसी, संभल



अगर आप केवल भविष्य के विषय में ही सोचते रहेंगे, तो वर्तमान को भी खो देंगे।
–गुरु गोबिंद सिंह

## ऊर्जा संकट के संकेत

ईरान के दावे और अमेरिका तथा इसराइल के बयानों से लगता है कि पूरे पश्चिम एशिया में फैल चुकी यह जंग लंबी खिंच सकती है। यह टकराव कुछ सप्ताह से आगे बढ़ता है, तो भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए आर्थिक और सामाजिक प्रभाव गंभीर हो सकते हैं। हमारी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल बाहर से और उसका बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से बरास्ता स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए प्रतिदिन आता है। इसके बाधित होने से तेल आपूर्ति व कीमत दोनों पर गंभीर दबाव पड़ेगा।

भारत के पास विशुद्ध रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार लगभग 10 दिन के आयात के बराबर है, जबकि सार्वजनिक और निजी कंपनियों के पास वाणिज्यिक स्टॉक मिलाकर कुल भंडार लगभग 70 दिन तक माना जाता है। यही कारण है कि आधिकारिक और अनौपचारिक आंकड़ों में अंतर दिखाई देता है। युद्ध तीन सप्ताह से अधिक खिंचने और होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने की आशंका गलत नहीं है। इससे भारत का आयात बिल और चालू खाते का घाटा बढ़ेगा, तो रुपये पर दबाव पड़ेगा। ईंधन महंगा होगा तो परिवहन लागत बढ़ेगी। फलतः खाद्य वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा की सेवाओं तक कीमतें बढ़ जाएंगी। थोड़ी राहत उन जहाजों से मिल सकती है, जो पहले ही होर्मुज पार कर चुके हैं या रूसी तेल लेकर समुद्र में खड़े हैं। ये कुछ दिनों या हफ्तों की आपूर्ति बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं हैं। ऐसे में भारत को वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा। पश्चिम अफ्रीका-विशेषकर नाइजीरिया और अंगोला तथा दक्षिण अमेरिकी देशों से तेल आयात एक विकल्प हो सकता है, हालांकि इन स्रोतों से तेल लाने की दूरी अधिक होने से परिवहन लागत बढ़ेगी। अमेरिकी दबाव के बावजूद, यदि वैश्विक संकट गहराता है तो भारत को रूस से तेल खरीद कर अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी जोखिम कम नहीं है। खाड़ी क्षेत्र से एलएनजी आपूर्ति बाधित होने की आशंका और कतर के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले की खबरें चिंता बढ़ाती हैं। यदि आयातित गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो पीएनजी और सीएनजी की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है। ऐसे में घरेलू उत्पादन बढ़ाने, एलएनजी के वैकल्पिक अनुबंध करने और उद्योगों को प्राथमिकता-आधारित वितरण नीति अपनाने की आवश्यकता पड़ सकती है। आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण, अतिरिक्त एलएनजी कार्गो की व्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को भंडार बनाए रखने के निर्देश इसके संकेत हैं।

सरकार बाजार की अस्थिरता के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत देने की हर संभव कोशिश करेगी। वह रिफाइनरियों से पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर अस्थायी नियंत्रण लगा सकती है, ताकि घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित रहे। व्यापार मार्गों में बदलाव और रणनीतिक भंडार का नियंत्रित उपयोग भी विकल्प हो सकते हैं। इस आसन्न संकट ने याद दिलाया है कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए मात्र आयात पर निर्भरता तज कर देश की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक समाधान के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा, घरेलू गैस उत्पादन और रणनीतिक भंडार क्षमता बढ़ाने की दिशा में तेज़ कदम तत्काल उठाने होंगे।

### प्रसंगवश

## भारतीय इतिहास के नक्षत्र छत्रपति शिवाजी महाराज

भारत के इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था।

पंचांग के अनुसार शिवाजी का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया छह मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर छह मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहींस बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था।

मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना, उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया।

1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1663 में उन्होंने मुगल सूबेदार शाइस्ता खान पर पुणे में साहसिक आक्रमण कर उसे अपमानित होकर भागने को विवश किया। 1666 में आगरा दरबार में बंदी बनाए जाने के बाद उनका अद्भुत पलायन उनकी बुद्धिमत्ता और धैर्य का परिचायक है। वे विपत्ति में भी अवसर खोज लेते थे।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## 'युद्ध-भय': भारत को आर्थिक पैटर्न बदलने की जरूरत





प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद

भारत का 'युद्ध-भय' सिंड्रोम अब किसी मनोवैज्ञानिक शब्दकोश की परिभाषा भर नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की आर्थिक नब्ज बन चुका है। जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। मार्च 2026 में ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष ने इस आशंका को चरम तक पहुंचा दिया, जब ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर के ऊपर निकल गया और होर्मुज स्ट्रेट पर जहाज़ों की लंबी कतारें दिखने लगीं। वैश्विक एजेंसियों की रिपोर्टों के मुताबिक 4.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था, जो हाल तक नियंत्रित महंगाई और तेज़ वृद्धि का उदाहरण मानी जा रही थी, अचानक बाहरी झटकों से डगमगाने लगी। यह महज आर्थिक उतार-चढ़ाव नहीं; यह सामूहिक मानस का संकट है। निवेशक जोखिम समेटते हैं, रुपया दबाव झेलता है और उपभोक्ता को पेट्रोल पंप पर मिलता बिल आने वाले कल की चिंता जता देता है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

इस 'युद्ध-भय' की जड़ें नई नहीं हैं। 1991 का खाड़ी संकट, जब इराक ने कुवैत पर चढ़ाई की, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग खाली कर गया। 1973 के योम किप्पुर युद्ध ने तेल को हथियार बना दिया था और तब भी भारत ने आयात-निर्भरता की भारी कीमत चुकाई। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान कच्चा तेल 120 डॉलर तक जा पहुंचा, महंगाई सात प्रतिशत से ऊपर निकली और मौद्रिक सख्ती बढ़ानी पड़ी। हर बार पैटर्न एक-सा रहा। कहीं दूर युद्ध और यहां विकास दर पर प्रहार। इतिहास लगातार चेताता रहा कि ऊर्जा, उर्वरक और आपूर्ति शृंखलाओं में अत्यधिक बाहरी निर्भरता हमें असुरक्षित करती है, फिर भी संकट टलते ही हम सामान्यता के भ्रम में लौट आते हैं। यही चूक 'युद्ध-भय' को स्थायी मनःस्थिति में बदल देती है।

जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

2026 का पश्चिम एशियाई संघर्ष इसी पैटर्न का समकालीन रूप है। भारत के लगभग 17 प्रतिशत निर्यात उसी क्षेत्र की ओर जाते हैं और एक करोड़ से अधिक प्रवासी वहां से रेमिटेंस भेजते हैं। यदि तनाव लंबा चला, तो तेल 100 डॉलर के पार निकल सकता है, जिससे चालू खाते का घाटा फैलेगा और विकास की गति पर दबाव बढ़ेगा। लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल और बीमा प्रीमियम में वृद्धि व्यापारिक मार्जिन को निगल जाती है। वित्तीय बाजारों में जोखिम-प्रतिकूलता बढ़ती है और पूंजी उभरते बाजारों से सुरक्षित ठिकानों की ओर सिमटती है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की 'स्वीट स्पॉट' अर्थव्यवस्था, जहां महंगाई काबू में और विकास संतुलित था, अचानक असंतुलन की तरफ झुक जाती है। युद्ध भले सीमाओं से दूर हो, पर ऊर्जा मार्गों और पूंजी प्रवाह के जरिये वह हमारे बजट और जेब पर दस्तक दे देता है।

ऊर्जा क्षेत्र इस सिंड्रोम की सबसे नाजुक नस है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसका बड़ा हिस्सा होर्मुज मार्ग से गुजरता है। रणनीतिक भंडार सीमित समय तक ही सहारा दे सकते हैं; लंबा व्यवधान उद्योग, परिवहन और कृषि की लागत बढ़ा देगा। ईंधन महंगा होता है, तो ट्रकों का भाड़ा बढ़ता है, कारखानों की लागत चढ़ती है और अंततः किराने की दुकानों पर दाम बढ़ जाते हैं। यही क्रम 'ऊर्जा झटके' को 'मुद्रास्फीति तूफान' में बदल देता है। विकसित भारत 2047 का स्वप्न सस्ती और स्थिर ऊर्जा पर आधारित है। यदि हर वैश्विक टकराव पर हमारी ऊर्जा सुरक्षा हिलती है, तो यह सपना बार-बार कसौटी पर होगा। विविधीकरण चाहे नवीकरणीय ऊर्जा हो या नए आपूर्तिकर्ता अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

महंगाई और रुपया इस भय के सबसे स्पष्ट संकेतक हैं। तेल में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी चालू खाते के घाटे को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा देती है और आयात बिल को फुला देती है। रुपया दबाव झेलता है, तो विदेशी ऋण महंगा हो जाता है और कंपनियों की बैलेंस शीट प्रभावित होती है। केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों के माध्यम से संतुलन साधना पड़ता है, जिससे कर्ज महंगा और निवेश धीमा पड़ सकता है। अंततः इसका भार आम नागरिक उठाता है। ईंधन, खाद्य और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं। 'युद्ध-भय' इसलिए भी गहरा है, क्योंकि यह अदृश्य कर की तरह काम करता है; बिना किसी घरेलू नीति-चूक के, वैश्विक संघर्ष हमारी क्रय शक्ति को कम कर देता है।

पूंजी बाजार इस मनोविज्ञान को सबसे तेजी से प्रतिबिंबित करते हैं। अनिश्चितता बढ़ते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेश सिमटता है, इक्विटी सूचकांक गिरते हैं और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो जाता है। भारत का बाजार आकार भले पांच ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच गया हो, पर तेल-आधारित झटके इसे वैश्विक साथियों से पीछे धकेल सकते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी जोखिम आकलन के नए मानकों पर कसा जाता है। जब वैश्विक फंड प्रबंधक भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बढ़ाते हैं, तो उभरती अर्थव्यवस्थाएं पहले झटका खाती हैं। एक युद्ध की खबर हजारों अंकों की गिरावट में बदल जाती है और विकास कथा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। यही वह क्षण है जब 'युद्ध-भय' आर्थिक वास्तविकता का रूप ले लेता है।

यह परिदृश्य केवल असहायता का चित्र नहीं, बल्कि तैयारी और परिवर्तन की पुकार है। सरकारें ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, रणनीतिक भंडार के विस्तार और नवीकरणीय निवेश के माध्यम से जोखिम सीमित करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कूटनीतिक संतुलन भी अनिवार्य है, ताकि सभी पक्षों के साथ ऊर्जा और व्यापारिक रिश्ते सुरक्षित रह सकें। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से दूरी नहीं, बल्कि लचीले वैश्विक एकीकरण की समझदारी भरी नीति है। यदि हम इतिहास से सबक लेकर आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करें, घरेलू विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाएं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें, तो 'युद्ध-भय' स्थायी नियति नहीं रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत के करीब पहुंच गया है, लेकिन सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भारत को मजबूत नेतृत्व की जरूरत, लेकिन देश के पास समझौता कर चुके प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता किया है।
–राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

चीन ने वर्षों तक ईरान का कूटनीतिक समर्थन किया और उसका तेल खरीदा, लेकिन अब उससे दूरी बना रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस ईरान के लिए भारत का आंख बंद करके समर्थन चाहती है, जबकि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है और वहां लाखों भारतीय रहते हैं और काम करते हैं।
–अमित मालवीय
भाजपा प्रवक्ता



## राज्यसभा चुनाव में एनडीए को हो सकता है लाभ



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

साल 2026 का राज्यसभा चुनाव भारतीय राजनीति के लिए केवल नियमित संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि शक्ति संतुलन के पुनर्निर्धारण का वर्ष साबित हो सकता है। राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से लगभग 72 से 75 सीटें वर्षभर में विभिन्न चरणों में रिक्त हो रही हैं। मार्च में 37 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि शेष सीटों पर अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में चुनाव होंगे। इन चुनावों का सीधा असर केंद्र की विधायी रणनीति और विपक्ष की प्रभावशीलता पर पड़ेगा, क्योंकि उच्च सदन में बहुमत का समीकरण कई महत्वपूर्ण विधेयकों की दिशा तय करता है।

ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सदन में भाजपा के पास 103 सीटें, कांग्रेस के पास 27, तृणमूल कांग्रेस के 12, आम आदमी पार्टी के पास 10, द्रमुक की 10, बीजद की सात, वाईएसआरसीपी की पांच और अन्नाद्रमुक के सात सदस्य हैं। सात सदस्य नामित श्रेणी में हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की कुल ताकत लगभग 121 के आसपास मानी जा रही है, जबकि विपक्षी इंडिया ब्लॉक करीब 80 सीटों के साथ मौजूद है। मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को सात से नौ सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है, जिससे उसकी संख्या 140 के पार जा सकती है। इसके विपरीत, विपक्षी गठबंधन को लगभग पांच सीटों का नुकसान संभव है।

मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को 7-9 सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है।

मार्च में जिन 37 सीटों पर चुनाव होंगे, वे महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से संबंधित हैं। इन राज्यों की विधानसभा संरचना ही परिणामों का आधार बनेगी। राज्यसभा के चुनाव प्रत्यक्ष जनमत से नहीं, बल्कि निर्वाचित विधायकों के वोट से होते हैं। प्रत्येक राज्य में सीटों की संख्या और विधायकों की कुल संख्या के आधार पर 'कोटा' तय किया जाता है। सूत्र है- कुल विधायक संख्या को (सीटें +1) से भाग देकर उसमें एक जोड़ दिया जाता है। यही न्यूनतम मत संख्या है, जो किसी उम्मीदवार को प्रथम वरीयता के आधार पर जीत के लिए चाहिए।

बिहार का उदाहरण इस गणित को स्पष्ट करता है। वहां विधानसभा में 243 सदस्य हैं और इस चरण में पांच सीटों पर चुनाव होना है। सूत्र के अनुसार 243 को 6 से भाग देने पर 40.5 आता है, उसमें एक जोड़ने पर कोटा 41.5 बनता है, जिसे व्यावहारिक रूप से 42 माना जाता है। एनडीए के पास 202 विधायक हैं। इस आधार पर वह चार सीटें सहजता से जीत सकता है, क्योंकि 202 को 42 से भाग देने पर चार पूर्ण कोटे बनते हैं। इसके बाद उसके पास 38 वोट शेष रहते हैं। पांचवीं सीट के लिए उसे कम से कम तीन अतिरिक्त विधायकों का समर्थन चाहिए। यही वह बिंदु है, जहां सियासी रणनीति और क्रॉस वोटिंग की संभावनाएं अहम हो जाती हैं।

बिहार में एनडीए के घटक दलों में भाजपा के 89 और जदयू के 85 विधायक हैं। इसके अतिरिक्त लोजपा (रामविलास), हम और अन्य सहयोगियों को मिलाकर संख्या 202 तक पहुंचती है। दूसरी ओर महागठबंधन में राजद के 25, कांग्रेस के छह और वामदलों के तीन विधायक हैं। इनके अलावा पांच विधायक एआईएमआईएम और एक विधायक बसपा का है, जो किसी खेमे में औपचारिक रूप से शामिल नहीं हैं। महागठबंधन की कुल संख्या 35 है, जो एक सीट के लिए भी पर्याप्त नहीं। यदि विपक्ष एआईएमआईएम और बसपा का समर्थन जुटा ले, तब भी उसे कोटा पूरा करने के लिए अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता रहेगी। इसीलिए बिहार में पांचवीं सीट का मुकाबला केवल गणित नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्वास और रणनीतिक तालमेल का प्रश्न बन गया है।

एनडीए की रणनीति स्पष्ट है कि वह चार सुनिश्चित सीटों के बाद पांचवीं पर भी दांव लगाए। इसके लिए बसपा के विधायक, महागठबंधन से जुड़े कुछ असंतुष्ट चेहरों या निर्दलीय समर्थन पर नजर है। वहीं विपक्ष भी यह समझता है कि यदि वह एकजुट होकर एक ही उम्मीदवार उतारे और अतिरिक्त समर्थन सुनिश्चित करे तो मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। किंतु यदि विपक्षी खेमे से एक से अधिक प्रत्याशी मैदान में आते हैं, तो प्रथम वरीयता के वोटों के बंटवारे से एनडीए को लाभ मिल सकता है।

राष्ट्रीय स्तर पर भी यही गणित कई राज्यों में दोहराया जा रहा है। महाराष्ट्र में हालिया विधानसभा परिणामों ने एनडीए को बढ़त दी है, जिससे वहां अतिरिक्त सीट मिलने की संभावना है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भी क्षेत्रीय दलों की बदली ताकत का असर दिख सकता है। गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों में विधानसभा में भाजपा की स्थिति मजबूत होने से विपक्ष की सीटें घट सकती हैं। कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में सीमित नुकसान की आशंका भी जताई जा रही है, परंतु कुल मिलाकर संतुलन एनडीए के पक्ष में झुकता दिखाई देता है। इन चुनावों का एक प्रतीकात्मक पहलू भी है। कई वरिष्ठ नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कायर और क्रांतिकारी

चे ग्वेरा को उनके छुपने की जगह से पकड़ा गया, क्योंकि एक चरवाहे ने उसकी सूचना दी थी! तो किसी ने उस चरवाहे से पूछा– 'तुमने उस आदमी की शिकायत क्यों की, जिसने अपनी पूरी ज़िंदगी तुम्हारे जैसे लोगों के अधिकारों के लिए लड़ते हुए गुज़ारी?'

चरवाहा बोला, 'उसकी दुश्मन से लड़ाई मेरी भेड़ों को डरा देती थी।'



आरती सिंह
ब्लॉगर

इसी तरह जब मिस्र में मोहम्मद करीम ने नेपोलियन के नेतृत्व में आई फ्रांसीसी सेना का डटकर मुकाबला किया, तो अंत में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसे फांसी की सज़ा सुनाई गई। नेपोलियन ने उसे अपने पास बुलाया और कहा, 'मुझे अफसोस है कि मैं तुम्हें मारूंगा, क्योंकि तुमने बहादुरी से अपने देश की रक्षा की। मैं नहीं चाहता कि इतिहास मुझे उन लोगों में गिने जो अपने देश के रक्षकों को मार डालते हैं, इसलिए मैं तुम्हें माफ़ कर सकता हूं, लेकिन एक शर्त पर.... तुम्हें मेरे सैनिकों की मौत के बदले दस हज़ार सोने की मुद्राएं भरपाई के रूप में देनी होंगी।'

मोहम्मद करीम ने कहा, 'मेरे पास इतना पैसा नहीं है, लेकिन व्यापारियों पर मेरा सौ हज़ार सोने की मुद्राओं से भी ज़्यादा का क़र्ज़ है।'

नेपोलियन बोला, 'ठीक है, मैं तुम्हें समय देता हूं। जाओ, उनसे वसूल कर लो।'

इसके बाद मोहम्मद करीम जंजीरों में जकड़ा हुआ और फ्रांसीसी सैनिकों से घिरा हुआ बाज़ार में गया। वह अपने देशवासियों से आशा लेकर गया था, जिनकी स्वतंत्रता के लिए उसने अपनी जान तक दांव पर लगा दी थी, लेकिन किसी व्यापारी ने उसकी मदद नहीं की, बल्कि उल्टा उसे ही दोष देने लगे, 'इसी की वजह से अलेक्ज़ान्द्रिया बर्बाद हो गया। इसी की वजह से हमारा कारोबार तबाह हुआ।'

मायूस होकर वह नेपोलियन के पास लौटा।

नेपोलियन ने कहा, 'अब मेरे पास तुम्हें मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा, लेकिन सुनो! मैं तुम्हें इसलिए नहीं मार रहा कि तुमने हमारे सैनिकों को मारा, बल्कि इसलिए कि तुमने अपनी जान उन लोगों के लिए कुर्बान कर दी, जो डरपोक और स्वार्थी हैं, जिन्हें अपनी आज़ादी से ज़्यादा अपने कारोबार की फिक्र है।'

जैसा कि मोहम्मद रशीद रिदा ने कहा, 'एक अंधे समाज के लिए क्रांतिकारी वही है, जैसे कोई आदमी अपने शरीर को जला कर रोशनी करे, लेकिन जिस रास्ते पर चलने वाला ही अंधा हो।'


–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## महिला सशक्तीकरण से बदल रही यूपी की सूरत

उत्तर प्रदेश की गलियों, गांवों और कस्बों में आज एक शांत, लेकिन गहरा बदलाव महसूस किया जा सकता है। यह बदलाव केवल आधारभूत संरचनाओं का नहीं, बल्कि सोच, अवसर और भागीदारी का है। जिन महिलाओं की भूमिका कभी घर की चौखट तक सीमित मानी जाती थी, वे अब शिक्षा, रोजगार, प्रशासन, उद्यमिता और राजनीति के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह परिवर्तन एक दिन में नहीं आया, बल्कि वर्षों की सामाजिक चेतना, सरकारी पहलों और महिलाओं के आत्मविश्वास का परिणाम है। आज महिला सशक्तिकरण राज्य की विकास यात्रा का अनिवार्य अध्याय बन चुका है।

वहीं उत्तर प्रदेश में शिक्षा इस परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 'बेटी पढ़ेगी तो समाज बढ़ेगा' जैसी सोच अब केवल नारा नहीं रही। केंद्र सरकार की योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने समाज में जागरूकता का वातावरण बनाया, वहीं राज्य स्तर पर छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म और साइकिल वितरण जैसी योजनाओं ने बालिकाओं की विद्यालय तक पहुंच को आसान बनाया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी माता-पिता अब बेटियों की शिक्षा के प्रति अधिक सजग हुए हैं, हालांकि उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक समान पहुंच अब भी चुनौती है, विशेषकर दूरदराज़ क्षेत्रों में। फिर भी यह बदलाव आश्वस्त करता है कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।



धनीश शर्मा
लेखक

आज राज्य में आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने सामाजिक समीकरणों को नई दिशा दी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाएं लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई और खाद्य प्रसंस्करण जैसे कार्यों में सक्रिय हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत इन समूहों को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका मजबूत हुई है। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप संस्कृति में भी महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ रही है। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने महिलाओं के आत्मसम्मान और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ किया है। अब वे केवल परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाली नहीं, बल्कि आय और विकास की सहभागी भी हैं।

राजनीतिक सहभागिता ने इस परिवर्तन को और गहराई दी है। पंचायतों और स्थानीय निकायों में आरक्षण के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनी हैं। ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और पार्षद के रूप में वे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पेयजल जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यद्यपि कुछ स्थानों पर 'प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व' की समस्या देखी जाती है, फिर भी यह अनुभव महिलाओं को नेतृत्व और प्रशासन की समझ प्रदान कर रहा है। यह सहभागिता आने वाले समय में व्यापक राजनीतिक सशक्तिकरण का आधार बन सकती है।

सरकार ने वूमेन पॉवर लाइन 1090 और मिशन शक्ति जैसे अभियानों के माध्यम से सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। 1090 हेल्पलाइन विशेष रूप से छेड़छाड़, स्टॉकिंग और साइबर उत्पीड़न जैसी शिकायतों के समाधान के लिए संचालित की जाती है, जहां शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों तथा महिला पुलिस थानों की स्थापना से सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिला है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# यूरेका

## खोज

### इंटरनेट का आविष्कार


आज इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जानकारी प्राप्त करना, ई-मेल भेजना, वीडियो देखना, ऑनलाइन खरीदारी करना या दुनियाभर के लोगों से जुड़ना- ये सब इंटरनेट की बदौलत संभव हुआ है, लेकिन इसका विकास एक दिन में नहीं हुआ, बल्कि कई वैज्ञानिकों और दशकों के शोध का परिणाम है।



इंटरनेट की शुरुआत 1960 के दशक में हुई। उस समय अमेरिका में शीत युद्ध का दौर था और अमेरिकी रक्षा विभाग चाहता था कि ऐसा संचार तंत्र बनाया जाए, जो किसी आपात स्थिति या हमले की स्थिति में भी काम करता रहे। इसी उद्देश्य से अमेरिकी रक्षा विभाग की संस्था ARPA (Advanced Research Projects Agency) ने एक परियोजना शुरू की, जिसे ARPANET कहा गया। 1969 में ARPANET के माध्यम से पहली बार दो कंप्यूटरों को आपस में जोड़ा गया। पहला नेटवर्क कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेलिस (UCLA) और स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के कंप्यूटरों के बीच स्थापित हुआ। इसी घटना को इंटरनेट के जन्म की शुरुआत माना जाता है। इंटरनेट किसी एक व्यक्ति का आविष्कार नहीं है, बल्कि कई वैज्ञानिकों के योगदान का परिणाम है। फिर भी दो वैज्ञानिकों को इंटरनेट का प्रमुख जनक माना जाता है विंटन सर्फ और बॉब कान।

1970 के दशक में इन दोनों वैज्ञानिकों ने मिलकर TCP/IP (Transmission Control Protocol / Internet Protocol) नामक संचार प्रणाली विकसित की। यही तकनीक विभिन्न कंप्यूटर नेटवर्कों को आपस में जोड़ने का आधार बनी। 1 जनवरी 1983 को ARPANET ने आधिकारिक रूप से TCP/IP को अपनाया और यहीं से आधुनिक इंटरनेट की वास्तविक शुरुआत मानी जाती है।

### वैज्ञानिक के बारे में



विंटन सर्फ का जन्म 23 जून 1943 को अमेरिका के कनेक्टिकट राज्य के न्यू हेवन में हुआ था। बचपन से ही उन्हें गणित व विज्ञान में गहरी रुचि थी। उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में पीएचडी की। सर्फ बचपन से आंशिक रूप से श्रवण बाधित थे, इसलिए उन्होंने संचार तकनीक के महत्व को बहुत करीब से महसूस किया। उन्होंने इंटरनेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उन्हें अक्सर "इंटरनेट का जनक" कहा जाता है।

वहीं बॉब कान का जन्म 23 दिसंबर 1938 को न्यूयॉर्क, अमेरिका में हुआ। उन्होंने सिटी कॉलेज ऑफ न्यूयॉर्क से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की। उन्हें बचपन से ही इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार तकनीक में रुचि थी। वैज्ञानिक के रूप में उन्होंने नेटवर्किंग तकनीक के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# ऐसा था साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण

आकाश में चंद्रमा और तारों (या ग्रहों) को देखने का रोमांच कुछ ऐसा है, जो दिल को छू लेता है। यह सिर्फ देखना नहीं, बल्कि महसूस करना है, जैसे ब्रह्मांड खुद आपको बुला रहा हो और आप उसकी विशालता में खो जाना चाहें। खासकर तब, जब चंद्रमा में कोई बदलाव आता है, तो वह दृश्य रोमांटिक, रहस्यमयी और जादुई लगता है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

### भारत में चंद्र ग्रहण

भारत में साल का पहला चंद्र ग्रहण का प्रारंभ बीती 3 मार्च को दोपहर 3:20 बजे हुआ। इसकी पूर्णता का प्रारंभ शाम 4:34 बजे रहा, समाप्ति शाम 5:33 बजे हुई और संपूर्ण ग्रहण की समाप्ति शाम 6:48 बजे हुई, लेकिन देश के तमाम हिस्सों में बचा-खुचा चंद्र ग्रहण यानी आंशिक चंद्र ग्रहण ही दिखाई दिया।

### अंब्रा और पेनअंब्रा

ग्रहण के दौरान दो छायाएं बनती हैं। पहली छाया को प्रच्छाया (अंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते यह छाया छोटी होती जाती है। यह ग्रहण की छाया का गहरा केंद्र होता है। दूसरी छाया को उपछाया (पेनअंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते उपछाया बड़ी होती जाती है। अर्थात् उपछाया चंद्रमा की छाया का बाहरी भाग होता है। यह वह जगह है, जहां प्रकाश आंशिक रूप से ही अवरुद्ध होता है।

### पूर्ण व आंशिक चंद्र ग्रहण

देश के कई हिस्सों में इस चंद्र ग्रहण को चंद्र उदय के साथ आंशिक रूप से देखा गया। अपने उदय के समय ही चंद्रमा हल्की लालिमा लिए नजर आया। ध्यान रहे, मुख्य छाया (अम्ब्रा), ग्रहण की अंधेरी, घनी छाया होती है। चंद्रमा इसमें पूरी तरह घुस जाए तो पूर्ण ग्रहण लगता है और चंद्रमा लाल-कॉपर रंग का हो जाता है अर्थात् सूर्य की रोशनी पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ती है और चंद्रमा पर लाल-भूरा रंग डालती है, इसे रक्त चंद्रमा (ब्लडमून) कहते हैं। वहीं उपछाया (पेनअम्ब्रा), ग्रहण की बाहरी हल्की छाया होती है। चंद्रमा इसमें गुजरने पर सिर्फ थोड़ा धुंधला या मंद दिखता है, कोई बड़ा रंग परिवर्तन नहीं होता। जैसा की इस बार आंशिक चंद्र ग्रहण के समय दिखाई दिया।


पूर्ण चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब पूरा चंद्रमा पृथ्वी की प्रच्छाया से आवृत हो जाता है तथा आंशिक चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब चंद्रमा का एक हिस्सा ही पृथ्वी की प्रच्छाया से ढक पाता है। अर्थात् जब पृथ्वी, चंद्रमा और सूर्य के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया पृथ्वी पर पड़ती है, तब पूर्ण चंद्रग्रहण होता है। इस दौरान चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दिया, जिसे ब्लडमून कहा जाता है। इस बार पूर्ण चंद्र ग्रहण की घटना घटित हुई, लेकिन यह भारत के अधिकांश स्थानों पर चंद्रोदय के समय चंद्र ग्रहण का समापन दिखाई दिया सिवाय उत्तर-पूर्वी भारत और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ स्थानों के, जहां ग्रहण के पूर्ण चरण का अंत भी दिखाई दिया। देश की कई वैज्ञानिक संस्थाओं के आह्वान पर बच्चों और बुजुर्गों ने इस खगोलीय घटना को नंगी आंखों से देखने का आनंद लिया।





### क्या होती है ग्रहण ऋतु

जब सूर्य वर्ष में दो बार चंद्रमा की कक्षा के उन बिंदुओं के निकट पहुंचता है, जिन्हें राहु और केतु (नोड) कहा जाता है, तब लगभग 35-35 दिनों की दो विशेष अवधियां बनती हैं। इन्हीं अवधियों को ग्रहण ऋतु कहा जाता है। लगभग हर 173 दिन, यानी करीब छह महीने में, सूर्य एक नोड से दूसरे नोड के पास पहुंचता है और उसी समय यह ग्रहण ऋतु बनती है।



इस अवधि में ग्रहण होने की संभावना अधिक रहती है। सामान्यतः इस लगभग 35 दिनों की खिड़की में पहले अमावस्या के दिन सूर्यग्रहण हो सकता है। इसके लगभग 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है, जब चंद्र ग्रहण की संभावना बनती है। फिर करीब 15 दिन बाद अगली अमावस्या पर एक और सूर्यग्रहण संभव हो सकता है। इसलिए एक ही ग्रहण ऋतु में अधिकतम तीन ग्रहण हो सकते हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में सामान्यतः छह ग्रहण तक हो सकते हैं, हालांकि विशेष खगोलीय परिस्थितियों में कभी-कभी सात ग्रहण भी संभव हो जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से ग्रहण तभी संभव होता है, जब सूर्य चंद्र कक्षा के नोड से लगभग 15 डिग्री के भीतर हो। सूर्य आकाश में प्रतिदिन लगभग 1 डिग्री आगे बढ़ता है, इसलिए नोड से 15 डिग्री पहले और 15 डिग्री बाद तक का क्षेत्र लगभग 30 डिग्री का होता है। इसी कारण यह अवधि लगभग 30 दिनों के आसपास बनती है। वास्तविक खगोलीय परिस्थितियों के कारण यह सीमा लगभग 31 से 37 दिनों तक भी हो सकती है। इसी औसत अवधि के कारण लगभग 35 दिनों की ग्रहण ऋतु मानी जाती है, जिसके दौरान सूर्य और चंद्रमा की स्थिति ऐसी बनती है कि पृथ्वी से सूर्यग्रहण और चंद्र ग्रहण देखने की संभावना रहती है।

## वैज्ञानिक फैक्ट

### ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जमता है गर्म पानी

यह बात सुनने में कुछ अटपटी लग सकती है कि कभी-कभी गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जम जाता है। सामान्य अनुभव तो यही बताता है कि ठंडा पानी पहले बर्फ बनेगा, लेकिन विज्ञान में एक ऐसी घटना दर्ज है, जो इस सामान्य धारणा को चुनौती देती है। इस अनोखी घटना को म्पेंबा प्रभाव कहा जाता है।

इस प्रभाव का नाम 1960 के दशक में तंजानिया के एक किशोर छात्र के नाम पर रखा गया, जिसने एक साधारण-सी घरेलू प्रक्रिया के दौरान एक असामान्य बात पर ध्यान दिया। उसने देखा कि जब घर पर आइसक्रीम बनाने के लिए गर्म मिश्रण को सीधे फ्रीजर में रखा गया, तो वह उस मिश्रण की तुलना में जल्दी जम गया, जिसे पहले ठंडा होने दिया गया था। यह



अवलोकन उसके लिए भी हैरानी भरा था। शुरुआत में कई लोगों ने इस दावे को संदेह की दृष्टि से देखा, लेकिन बाद में वैज्ञानिकों ने इस पर प्रयोग शुरू किए और पाया कि कुछ परिस्थितियों में ऐसा वास्तव में संभव है। इसके बाद से वैज्ञानिक इस रहस्य को समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों होता है?

हाल के शोधों से यह संकेत मिला है कि इसका संबंध पानी की उस अवस्था से हो सकता है, जिसे ऊष्मागतिक संतुलन से बाहर होना कहा जाता है। साधारण शब्दों में कहें, तो जब कोई प्रणाली संतुलन में होती है, तब उसके गुण- जैसे तापमान या ऊर्जा स्थिर रहते हैं और उनमें बदलाव नहीं होता, लेकिन जब पानी गर्म अवस्था में होता है और तेजी से ठंडा होने लगता है, तो वह इस संतुलन से बाहर की स्थिति में होता है, जिससे उसके व्यवहार में कुछ असामान्य परिवर्तन देखे जा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इस प्रभाव को समझाने के लिए कई अन्य संभावित कारण भी सुझाए हैं। एक विचार यह है कि गर्म पानी का कुछ भाग वाष्प बनकर उड़ जाता है, जिससे पानी की कुल मात्रा कम हो जाती है और वह जल्दी ठंडा हो सकता है। एक अन्य सिद्धांत यह बताता है कि ठंडा पानी जमते समय अपनी सतह पर बर्फ या पाले की पतली परत बना सकता है। यह परत नीचे के पानी को ढककर उसे इंसुलेट कर देती है और उसके जमने की प्रक्रिया को धीमा कर सकती है।

इस विषय पर कई अध्ययन किए जा चुके हैं, फिर भी म्पेंबा प्रभाव का सटीक कारण आज तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। यही वजह है कि यह घटना विज्ञान के क्षेत्र में एक दिलचस्प रहस्य बनी हुई है।

## वाइल्ड लाइफ



### ऊंचे पैरों वाला अनोखा वन्यजीव

मैनड वुल्फ का स्वरूप अत्यंत विशिष्ट और आकर्षक है। इसके अतिरिक्त लंबे समय तक चलने वाले और लोमड़ी जैसे दांतों के चेहरे के कारण इसे अक्सर 'ऊंची टांगों वाली लोमड़ी' कहा जाता है। यह नाम केवल उनकी फर्म पर ही आधारित नहीं है, बल्कि इसकी चाल-चलन और रहन-सहन में भी एक अलग सी भव्यता झलकती है। इसकी आकृति लंबी, काली किरणों की पट्टियां इसकी पहचान का प्रमुख हिस्सा हैं। जब यह किसी को खतरा महसूस होता है, तो अपने मुखिया के बालों को खड़ा कर खुद को बड़ा और भोला बना लेता है।

मैनड वुल्फ के शरीर के अन्य हिस्से भी कैनिडे परिवार के अन्य सदस्यों से अलग हैं। इसके बड़े और चौकन्ने कान, लंबे व नुकीला थुथन, ऊंचे पैर और गाढ़े रंग की गर्दन इसे एक अनोखे रूप में पेश करते हैं। इस परिवार में भेड़िये, लोमड़ीयन, सियार, कोयोट और कुत्ते जैसे जीव शामिल हैं, लेकिन मैनड वुल्फ न तो किसी भेड़िये का निकट संबंधी है और न ही किसी फॉक्स का। मैनड वुल्फ का वैज्ञानिक नाम क्राइसोसियोन ब्रैच्यूरियस है। यह क्राइसोसियोन वंश का एकमात्र सदस्य है। यह रहस्यमयी जीव दक्षिण अमेरिका के घास के मैदानों, जंगलों और खुले जंगलों में पाया जाता है। ब्राजील, पार्वे, अर्जेंटीना और बोलीविया जैसे देशों के विस्तृत घास के मैदानों में इसकी उपस्थिति सामने आई है। यह अकेलापन वाला जीव है और दिन की एकांत शाम या रात के समय से अधिक सक्रिय रहता है।

एक वयस्क मैनड वुल्फ की ऊंचाई आमतौर पर लगभग तीन फीट तक होती है और इसका वजन लगभग 50 पाउंड तक होता है। इसके शरीर पर सुनहरा-लाल या लाल-भूरा होता है, जबकि ग्लास, सिरप का भीतरी भाग और पूंछ का सिरा सफेद रंग का होता है। दाढ़ी के बाल और पैर काले होते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसके पिछले पैर, बाकी जनजातियों की तुलना में लंबी-लंबी बातें होती हैं, जो इसके लंबे और ऊंचे आकार को और लंबी चट्टानें हैं। इसके लंबे पैर घास के ऊंचे मैदानों में चलने और दूर तक देखने में भी सहायक माने जाते हैं।



# पंछियों को 'अंधा' भी बना देता है प्रेम



डॉ. कैलाश चंद सैनी
जयपुर

क्या प्यार वाकई अंधा होता है? वैज्ञानिकों ने पक्षियों की दुनिया का वह विरोधाभास उजागर किया है, जहां नर तीतरों का सौंदर्य ही उनकी दृष्टि की बाधा बन जाता है। प्रेम की उस महंगी कीमत की दास्तान, जहां आकर्षण ही जान का जोखिम बन जाता है। 'प्यार अंधा होता है' यह कहावत इंसानी रिश्तों पर तो सटीक बैठती ही है, लेकिन ताजा वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि पक्षियों की दुनिया में यह केवल कहावत नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई है। आमतौर पर नर पक्षी रंग-रूप, पंखों की बनावट और प्रणय-नृत्य आदि में मादाओं से कहीं अधिक आकर्षक होते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब यह सवाल उठाया है कि क्या नर पक्षियों की यह सुंदरता हमेशा उनके लिए लाभप्रद सिद्ध होती है?

वैज्ञानिक शोधों के अनुसार, 'क्राइसोलोफस' वंश की दो पक्षी प्रजातियां- गोल्डन तीतर और लेडी ऐम्हर्स्ट तीतर इस तथ्य के सबसे रोचक उदाहरण के रूप में उभरे हैं। इन नर तीतरों के सिर पर राजाओं की तरह एक सुंदर कलगी और गर्दन के चारों ओर पंखों का खूबसूरत घेरा होता है, जो प्रजनन काल में मादा को रिझाते समय किसी जादुई पर्दे की तरह फैल जाता है। दिखने में बेहद भव्य लगने वाली यही सजावट उनकी आंखों की दृष्टि के लिए सबसे बड़ी बाधा बन जाती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि इन नर तीतरों का दृश्य क्षेत्र यानी देखने का दायरा मादाओं की तुलना में काफी कम हो जाता है। उनके 'ब्लाइंड एरिया' (जहां आंखों से कुछ भी दिखाई नहीं देता), मादाओं की तुलना में लगभग 137 प्रतिशत अधिक पाया गया है। इतना ही नहीं, उनकी द्विनेत्री (बाइनोक्युलर) दृष्टि, जो दोनों आंखों से एक साथ देखने और दूरी का अनुमान लगाने में मदद करती है, वह भी औसतन 41 प्रतिशत तक कम हो जाती है।

यह स्थिति लगभग वैसी ही है, जैसे कोई व्यक्ति माथे तक झुकी हुई लंबी छज्जे वाली कैप पहनकर चारों ओर निगरानी रखने की कोशिश करे, उसे न तो ऊपर से आता खतरा साफ दिखेगा और न ही किनारों की हलचल। यह वैज्ञानिक खोज इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब तक दुनियाभर की करीब 300 पक्षी प्रजातियों के अध्ययन में नर और मादा के देखने के दायरे में इतना बड़ा अंतर कभी दर्ज नहीं किया गया था। दिलचस्प तथ्य यह है कि इन्हीं के निकट संबंधी सिल्वर और ग्रीन तीतरों में ऐसा कोई अंतर नहीं पाया गया।

वैज्ञानिकों का मानना है कि प्यार के लिए चुकाई जाने वाली यह कीमत केवल दृष्टि तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह उनके जीवन के लिए भी खतरा पैदा करती है। दृष्टि में आई यह कमी नर तीतरों को शिकारियों के प्रति अधिक असुरक्षित बना देती है, विशेषकर उस समय जब वे नीचे झुककर दाना चुग रहे होते हैं और ऊपर से आने वाले खतरों को नहीं देख पाते, लेकिन संतोष की बात यह है कि यह अंधापन स्थायी नहीं होता।



प्रकृति ने उनके अस्तित्व को बचाने के लिए एक संतुलन भी बनाया है। साल के कुछ महीनों में जब इन पक्षियों के पंख झड़ जाते हैं और यह भारी-भरकम सजावट हट जाती है, तब उनकी दृष्टि फिर से पूरी तरह सामान्य हो जाती है। यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि प्रकृति में नियंत्रण और संतुलन का नियम कितना सूक्ष्म है, जो सौंदर्य जीवन के नए अध्याय यानी प्रेम को आमंत्रित करता है, वही कभी-कभी जीवन के अंत का कारण भी बन सकता है। इसीलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस प्राकृतिक संसार में पक्षी भी कभी-कभी प्यार में अंधे हो जाते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,015.90 | 24,765.90 |
| बढ़त | 899.71 | 285.40 |
| प्रतिशत में | 1.14 | 1.17 |

सोना 1,65,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,300 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, शुक्रवार, 6 मार्च 2026

www.amritvichar.com

## बिजनेस ब्रीफ

### सेंट्रल बैंक के प्रस्ताव को प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उसकी संयुक्त उपक्रम वाली बीमा और जीवन बीमा कंपनियों में हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी मिल गयी है। आयोग ने गुरुवार को बताया कि सेंट्रल बैंक ने जेनराली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी (जीसीआईसीएल) और जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (जीसीएलआईसीएल) में क्रमश: 1.09 प्रतिशत और 0.82 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूदी दी गयी है। दोनों कंपनियां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इटली के जेनराली समूह का संयुक्त उपक्रम हैं।

### राजमार्ग इंफ्रा के आईपीओ का मूल्य दायरा 99-100 रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) ने बृहस्पतिवार को अपने आगामी 6,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 99 से 100 रुपये प्रति यूनिट का मूल्य दायरा तय किया है। सार्वजनिक घोषणा के अनुसार इस इन्विट का पहला सार्वजनिक निर्गम 11 मार्च को खुलेगा और 13 मार्च को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 मार्च को लगेगी।

### एम्बैसी रीट ने डिबेंचर जारी कर 1,400 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली।** रियल्टी कंपनी, एम्बैसी ऑफिस पार्क्स रीट ने 'डिबेंचर' जारी करके 1,400 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एक्सचेंज में बृहस्पतिवार को दायर एक नियामकीय सूचना में, कंपनी ने कहा कि उसने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करके 1,400 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सूचना में कहा गया है कि इस निर्गम की कीमत 10 साल के समय के लिए 7.49 प्रतिशत के आकर्षक निश्चित कूपन पर रखी गई थी और इसे भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनियों में से एक ने पूरी तरह हासिल किया है।

### ओमनीटेक का शेयर 10 प्रतिशत टूटा

**नयी दिल्ली।** प्रिसिजन इंजीनियरिंग कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर गुरुवार को 227 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 205 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 9.69 प्रतिशत कम है और अंत में यह 9.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 205.15 रुपये पर बंद हुआ।

### कामकाजी महिलाओं के लिए यस बैंक ने पेश किया विशेष वेतन खाता

**नयी दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले कामकाजी महिलाओं की वित्तीय एवं जीवनशैली संबंधी जरूरतें पूरा करने में मददगार एक विशेष वेतन खाता शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। बैंक ने कहा है कि यह नई पेशकश वित्तीय सुरक्षा, निवारक स्वास्थ्य देखभाल, जीवनशैली विशेषाधिकार और संपत्ति सृजन जैसी विशेष सेवाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगी। 'यस इसेंस महिला वेतन खाते' में पहले वर्ष के लिए विशेष मुफ्त लॉकर सुविधा, एक वर्ष के लिए पांच लाख रुपये का टॉप-अप स्वास्थ्य कवर और वर्ष में एक बार वार्षिक निवारक स्वास्थ्य जांच जैसी सुविधाएं होंगी।

## खुशहाली की ओर...




जम्मू और कश्मीर अब विकास की राह पर लगातार अग्रसर है। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को जम्मू में चट्ठा स्थित शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयमें एक स्टार्टअप आउटरीच प्रोग्राम के दौरान एक अवार्ड दिया। फोटो : एजेंसी

# करदाता अनुकूल व्यवस्था बनाए आयकर विभाग

## टीडीएस विसंगतियों संबंधी शिकायत के निपटारे के आदेश में सीईसी ने की यह टिप्पणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- टीडीएस सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार डीडीओ की तय हो जवाबदेही
- व्यक्तिगत करदाता को टारगेट करने से परेशान होते हैं ईमानदार करदाता

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने इस बात पर चिंता जतायी है कि करदाताओं को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अक्सर कई विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसको देखते हुए सीआईसी ने आयकर विभाग को 'करदाता-अनुकूल प्रणाली को संस्थागत रूप देने की' की सलाह दी है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कई आकलन वर्षों में आवेदक के खाते में जमा किए गए स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) में 'विसंगतियों' से संबंधित शिकायत का निपटारा करते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की।

आयोग ने पाया कि ऐसे कई मामलों में, करदाताओं को विसंगतियों को दूर करने के लिए बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में, करदाता को आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) द्वारा जारी किए गए प्रपत्र 16 और आयकर विभाग द्वारा रखे गए प्रपत्र 26एएस के बीच विसंगतियों के समाधान के लिए प्रायः दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि पहले कटौती करने वाले संबंधित अधिकारी /डीडीओ पर जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, जो वैधानिक रूप से टीडीएस को सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार हैं।


सीआईसी ने कहा कि अधिकारी कभी-कभी कर कटौती की रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार कटौती प्राधिकारी के बजाय व्यक्तिगत करदाता पर ध्यान देने का 'सबसे आसान रास्ता' अपनाते हैं। आदेश में कहा गया कि यह बेहद खराब चलन है क्योंकि इससे एक ईमानदार करदाता परेशान होता है, जबकि गलत काम करने वाला डीडीओ पूरी तरह से बच जाता है। आयोग ने व्यवस्था में सुधार की सलाह देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में करदाता-अनुकूल व्यवस्था को संस्थागत रूप देना" उचित होगा ताकि विसंगतियों को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी तरीके से दूर किया जा सके।सीआईसी ने कहा कि संबंधित कर अधिकारी से पहले विसंगति का स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए और यह पुष्टि करने के लिए कहा जाना चाहिए कि कर की विधिवत कटौती, जमा और रिपोर्टिंग की गई है या नहीं। आयोग ने कहा कि ऐसी जांच के बाद ही, यदि गलती करदाता की है, तो करदाता और कर कटौतीकर्ता दोनों को एक साथ सुना जाना चाहिए ताकि मामले को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हल किया जा सके। आयोग को इस मामले में केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की दुर्भावना या जानबूझकर सूचना छिपाने का कोई संकेत नहीं मिला और उसने शिकायत को खारिज कर दिया।

# कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा में सहयोग करेंगे भारत-फिनलैंड

## प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान को साझेदारी और निरंतर संवाद पर दोनों पक्ष सहमत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत और फिनलैंड ने बृहस्पतिवार को कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षित कार्यबल की आवाजाही के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी और फिनलैंड के रोजगार मंत्री मैतियास मार्टिनेन के बीच यह बातचीत फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की भारत यात्रा के दौरान हुई है।



नई दिल्ली में बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब।

स्टब चार-दिवसीय दौरे पर भारत आए हुए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, निवेश और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बयान में कहा-दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण संस्थानों, उद्योग और शिक्षा प्रणालियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत किया जा सके और प्रशिक्षित युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर तैयार किए जा सकें।

इस दौरान चौधरी ने कहा कि भारत की युवा आबादी और फिनलैंड की प्रौद्योगिकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण में विशेषज्ञता, कौशल क्षेत्र में स्वाभाविक साझेदारी का आधार बनाती है। मार्टिनेन ने कहा कि फिनलैंड विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय पेशेवरों के योगदान की सराहना करता है और कौशल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि बैठक में स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, हरित प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर भी चर्चा हुई। साथ ही प्रशिक्षकों की क्षमता के निर्माण, भाषा प्रशिक्षण और व्यावसायिक प्रशिक्षण को अकादमिक शिक्षा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान के लिए संस्थागत साझेदारी और निरंतर संवाद पर सहमति जतायी।

## रुपया 41 पैसे उछलकर 91.64 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 41 पैसे चढ़कर 91.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संदिग्ध हस्तक्षेप की खबरों के कारण भारतीय मुद्रा में यह उछाल आया।

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण पैदा हुई अनिश्चितताओं और अत्यधिक उतार-चढ़ाव से स्थानीय मुद्रा को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया।

हालांकि, डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी निकासी ने रुपये पर दबाव बनाए रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.16 पर खुला और कारोबार के दौरान 91.30 के उच्चस्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में यह 91.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 41 पैसे की बढ़त है।

# सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- अमेरिकी अदालत ने कहा-एकतरफा शुल्क निर्धारित नहीं कर सकते राष्ट्रपति

न्यूयॉर्क के एक संघीय न्यायाधीश ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि जिन कंपनियों ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए आयात शुल्क का भुगतान किया है, वे अब रिफंड (धन वापसी) की हकदार हैं। इसे ट्रंप प्रशासन के लिए एक बड़ी हार के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के न्यायाधीश रिचर्ड ईटन ने लिखा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सभी आयातक सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का लाभ उठाने के हकदार हैं, जिसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति कानून (आईईईपीए) के तहत लगाए गए भारी आयात करों को रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पाया था कि आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत वे शुल्क असंवैधानिक थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति एकतरफा रूप से शुल्क निर्धारित और परिवर्तित नहीं कर सकते, क्योंकि कराधान की शक्ति स्पष्ट रूप से कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पास है।

न्यायाधीश ईटन ने अपने फैसले में लिखा कि वह सिर्फ आईईईपीए शुल्क के रिफंड से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगे। यह फैसला रिफंड प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता प्रदान करता है, जिसका सुप्रीम कोर्ट ने अपने 20 फरवरी के फैसले में उल्लेख नहीं किया था।

# हनोई-दिल्ली और मुंबई-टोक्यो के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया

**मुंबई, एजेंसी**

टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने एशिया में अपने नेटवर्क विस्तार के तहत हनोई-दिल्ली और टोक्यो (हानेडा)-मुंबई मार्गों पर सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है। ये सेवाएं इसी साल जून तिमाही से शुरू होंगी। वर्तमान में एयर इंडिया राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और जापान के टोक्यो के लिए उड़ानें संचालित कर रही है।

नई योजनाओं के अनुसार, एक मई से हनोई के लिए सप्ताह में पांच दिन उड़ानें शुरू होंगी।

इन उड़ानों के लिए 'ए320 नियो' विमान का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बिजनेस, प्रीमियम इकॉनमी और इकॉनमी श्रेणी की सुविधा होगी। एयर इंडिया के अनुसार, इस नए मार्ग के खुलने से वियतनाम के लिए हर महीने 7,028 सीटें जुड़ेंगी। वियतनाम वर्तमान में दक्षिण-पूर्व एशिया का तीसरा सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल बन गया है, जहां 2025 में दो करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे थे।

जापान के लिए विस्तार करते हुए एयर इंडिया जून से मुंबई और तोक्यो (हानेडा) के बीच सप्ताह में चार बार सीधी उड़ानें संचालित करेगी। इसके लिए बोइंग 787-8 विमान का उपयोग किया जाएगा।

जापान नेशनल टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में 3.15 लाख से अधिक भारतीयों ने जापान की यात्रा की, जो 2024 के मुकाबले 35 प्रतिशत की वृद्धि है।

## बुनियादी ढांचा बॉन्ड के जरिये बीओबी ने जुटाए 10हजार करोड़

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने दीर्घकालिक हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके साथ बीओबी घरेलू स्तर पर इस तरह का बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने बयान में कहा कि इस बॉन्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कुल 16,415 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। यह 5,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड के आकार से तीन गुना से अधिक है। बैंक ने बताया कि सात वर्षीय बॉन्ड को एनएसई के इलेक्ट्रॉनिक ऋण बोली मंच पर 5,000 करोड़ रुपये के आधार बॉन्ड और 5,000 करोड़ रुपये के ग्रीन शू यानी अधिक बोली आने पर उसे रखने के विकल्प के साथ पेश किया था।

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक फीसदी से ज्यादा चढ़े

**मुंबई, एजेंसी।**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया।

इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में धन प्रबंधन के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि प्रमुख व्यापारिक मार्ग हर्मुज दर्रे से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षा और बीमा की अमेरिका की गारंटी से बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। अमेरिका ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को निर्बाध रखने के लिए ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच




हर्मुज दर्रे से होकर गुजरने वाले तेल के टैंकरों को उसकी सेना एस्कॉर्ट भी कर सकती है। साथ ही इन खबरों से भी बाजार को समर्थन मिला कि ईरान युद्ध समाप्त करने के विकल्प तलाश रहा है।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, मीडिया, फार्मा, बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,335 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,210 के शेयर ऊपर और 1,038 के गिरावट में बंद हुए। अन्य 87 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 4.51 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

एलएंडटी का शेयर 3.88 प्रतिशत, एनटीपीसी का 3.36, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 3.29, बीईएल का 2.98, पावरग्रिड का 2.66, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 2.56, इंडिगो का 2.55 और टाटा स्टील का 2.01 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा में 1.92 फीसदी, मारुति सुजुकी में 1.86, बजाज फाइनेंस में 1.83 प्रतिशत की तेजी रही।

## ईरान संघर्ष लंबा खिंचा तो कंपनियों पर असर पड़ेगा : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार अगर मौजूदा ईरान संघर्ष कुछ सप्ताह से अधिक समय तक बना रहता है, तो भारत में कॉरपोरेट जगत की कमाई प्रभावित हो सकती है। तेल और गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव डाल सकती हैं।

बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने पहले ही निवेशकों की धारणा को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। खासतौर से विदेशी निवेशक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापक आर्थिक स्थिरता से जुड़े जोखिमों को लेकर संवेदनशील बने हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया- सप्ताहांत में ईरान संघर्ष शुरू होने के साथ, विदेशी निवेशकों का रुख फिर से सतर्क हो गया है क्योंकि भारत तेल और गैस आपूर्ति में व्यवधान के प्रति संवेदनशील है।

# सेबी ने 'कस्टोडियन' को जारी किए दिशा-निर्देश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

बाजार नियामक सेबी ने गैर-बैंक कस्टोडियन (संरक्षक) के लिए विनियमित और गैर-विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग रणनीतिक व्यापार इकाइयों (एसबीयू) के माध्यम से संचालित करने को दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनमें इन इकाइयों के लिए अलग खाते बनाए रखने और इन व्यवसायों के लिए स्वतंत्र रूप से नेटवर्थ संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश भी शामिल हैं।

नियामक ने अपने परिपत्र में कहा कि कस्टोडियन एंड डीडीपी स्टैंडड्र्स सेटिंग फोरम (सीडीएसएसएफ), सेबी के परामर्श से उन वित्तीय सेवा गतिविधियों की सूची तय करेगा, जो संरक्षक कर सकते हैं।

सेबी ने कहा कि ऐसे कस्टोडियन जो बैंक नहीं हैं, या बैंकों की अनुषंगी कंपनियां, सहयोगी या संयुक्त उद्यम नहीं हैं, उन्हें सेबी विनियमित और गैर-सेबी विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग एसबीयू के माध्यम से संचालित करना होगा।

सेबी ने बुधवार को जारी अपने परिपत्र में कहा-एसबीयू के लिए समान दूरी के आधार पर अलग खाते तैयार और बनाए रखे जाएंगे, कस्टोडियन के लिए नेटवर्थ के मानदंड एसबीयू के बही-खातों को छोड़कर पूरे किए जाने चाहिए।

**ईरान संकट**

**युद्ध शुरू होने से पहले पश्चिम एशिया क्षेत्र के बंदरगाहों पर पहुंचे जहाजों को भी नहीं हो रही माल की डिलीवरी**

# पोत परिवहन कंपनियां मांग रहीं अधिक अधिभार, निर्यातक चिंतित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्यातकों ने कहा है कि जल्दी खराब होने वाली वस्तुएं ले जा रही पोत परिवहन कंपनियां 40 फुट के कंटेनर पर 4,000 डॉलर तक का आकस्मिक अधिभार मांग रही हैं। वे उन उत्पादों की खेप भी छोड़ने से इनकार कर रही हैं जो अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हमले से पहले बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। इस मांग से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें यह अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ रही है।

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले जहाज पश्चिम एशिया क्षेत्र के बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। लेकिन वे माल की डिलिवरी नहीं कर रहे हैं और भारी अधिभार की मांग कर रहे हैं। हमने वाणिज्य मंत्रालय के समक्ष यह मुद्दा उठाया है।

सरकार ने भारत के निर्यात, विशेष रूप से आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पर चल रहे वैश्विक घटनाक्रमों के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयीय समूह का गठन किया है।

ये शुल्क 28 फरवरी से ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण लगाए गए हैं। सहाय ने कहा कि ये शुल्क उन उत्पादों पर भी लगाए जा सकते हैं जिन्हें अभी भारत से जहाजों पर लादा जाना बाकी है। उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने सभी सामान पर शुल्क लगा दिया है। इससे बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। माल की डिलिवरी नहीं हुई है। अब सवाल यह है कि इस लागत को कौन वहन करेगा?घरेलू निर्यातकों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं क्योंकि पोत परिवहन कंपनियों ने पश्चिम एशियाई देशों के लिए माल लेना बंद कर दिया है।

मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सर्राफ ने कहा कि समुद्री माल ढुलाई भाड़ा लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गया है। धीरे-धीरे हमें कंटेनर की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जहाज बीच समुद्र में ही फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि पोत परिवहन से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं।

### चावल निर्यातकों ने तुरंत मांगी राहत

**नयी दिल्ली।** चावल निर्यातकों ने बृहस्पतिवार को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद ईरान संकट से निपटने के लिए सरकार से तुरंत राहत के उपाय की मांग की है। जिसमें बंदरगाह से जुड़े प्रभार में छूट तथा भुगतान समायोजन की मांग भी शामिल है। उन्होंने बंदरगाह से जुड़े प्रभार (स्टोरेज/डेमरेज और दूसरे शुल्क) में छूट मांगी है, जहां जहाज रद्द होने की वजह से कार्गो वापस हो जाता है। ऐसे में पारगमन में कार्गो को वापस करने, राह बदलने करने की सुविधा के साथ दस्तावेजीकरण और भुगतान समायोजन के लिए सीमा शुल्क और रिजर्व बैंक की मदद की मांग की गई है। उन्होंने सरकार से एक परामर्श जारी करने का आग्रह किया है जिसमें इस रुकावट को एक अपरिहार्य स्थिति की घटना के रूप में मान्यता दी जाए ताकि गलत तरीके से जुर्माने को रोका जा सके और कोविड-काल की राहत की तरह ही अस्थायी कार्यशील पूंजी सीमा और ऋण विस्तार के ज़रिये तात्कालिक बैंकिंग मदद दी जाए।

### खाड़ी के बाजारों में भारतीय चाय निर्यात पर खतरा

**कोलकाता, एजेंसी।** अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये निर्यात खेपों पर असर पड़ता है, तो भारतीय चाय निर्यात में बड़ी रुकावट आ सकती है। भारतीय चाय संघ ने यह जानकारी दी है। संघ ने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र के मुख्य बाजार, जिनमें इराक, ईरान, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, में भारत की चाय खेप का एक बड़ा हिस्सा इस रणनीतिक रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान ने कहा कि वह चीन के मालवाहक जहाज को छोड़कर इस रास्ते से अन्य जहाजों को गुजरने की अनुमति नहीं देगा। संघ ने कहा कि वर्ष 2025 में, भारत ने लगभग 28 करोड़ किग्रा चाय का निर्यात किया, जिसमें से लगभग 41 प्रतिशत, यानी 11.5 करोड़ किग्रा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ईरान और इराक को इकट्ठा मिलाकर भेजी गई।

**वर्ल्ड ब्रीफ**

## बांग्लादेश: खालिदा जिया को दिया जाएगा देश का सर्वोच्च सम्मान

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'स्वाधीनता पदक 2026' के प्राप्तकर्ताओं की घोषणा कर दी है, जिनमें देश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की दिवंगत मां बेगम खालिदा जिया का नाम भी शामिल है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को स्वतंत्रता, लोकतंत्र और महिलाओं की शिक्षा में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत इस सम्मान के लिए चुना गया है। उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 15 विशिष्ट व्यक्तियों और पांच संस्थानों को भी सम्मानित किया जाएगा। जारी अधिसूचना में स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, संस्कृति, खेल, ग्रामीण विकास, सामाजिक सेवा, लोक प्रशासन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में योगदान को मान्यता दी गई है।

## अमेरिका के मोंटाना राज्य में गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी




● गवर्नर ने कहा- गांधी के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में जरूरी

अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक है।

मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को भेंट करने के लिए वाणिज्य दूतावास का आभार जताया। भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया।

## कच्चा तेल आपूर्ति की बड़ी चुनौती

होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत गंभीर संकट है। ईरान की ओर से दुनिया के इस सबसे महत्वपूर्ण तेल गलियारे को बंद करने के एलान से पूरी दुनिया में भारी उथल-पुथल मची हुई है। होर्मुज के बंद होने का सबसे ज्यादा विनाशकारी असर सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन और ओमान समेत कई खाड़ी देशों पर पड़ने की आशंका है क्योंकि तेल और गैस के बड़े निर्यातक इन देशों की अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन पूरी तरह इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है। ऐसे में काफी साफ है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करके इस लड़ाई में एक निर्णायक बढ़त हासिल की है। अगर यह मार्ग लंबे समय तक बंद रहता है तो तमाम देश अमेरिका और इजराइल पर जल्द युद्ध समाप्त करने का दबाव बना सकते हैं।

# होर्मुज : दुनिया की दुखती रग



### क्या पड़ेगा दुनिया पर असर

- दुनिया के कच्चे तेल का 20% और वैश्विक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का 20% से अधिक इसी मार्ग से गुजरता है।
- आशंका जताई जा रही है कि यह मार्ग बंद होने से तेल की कीमतें 100 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं।
- कतर जैसे बड़े निर्यातकों से होने वाली एलएनजी सप्लाई रुकने से बिजली-गैस की कीमतों पर सीधे असर की संभावना है।

### भारत की स्थिति

- भारत अपनी तेल आपूर्ति का लगभग 40 प्रतिशत इसी मार्ग से पूरा करता है।
- तेल सप्लाई रुकने से पेट्रोल और डीजल के दाम भारत में तेजी से बढ़ सकते हैं।
- रूस जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर भारत को अपनी निर्भरता बढ़ानी पड़ सकती है।
- टैंकरों को लंबे रास्तों से जाना पड़ेगा, जिससे लागत कई गुना बढ़ेगी।

### सैकड़ों जहाज फंसे

- अनुमान है कि फारस की खाड़ी के अंदर लगभग 800 से 3,200 जहाज फंसे हुए हैं, जिनमें कंटेनर जहाज, तेल टैंकर और मालवाहक जहाज शामिल हैं।
- अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के अनुसार लगभग 20,000 नाविक इन जहाजों पर फंसे हुए हैं। यात्री जहाजों पर लगभग 15,000 लोग भी प्रभावित हैं।

पिछले हफ्ते में इस मार्ग से गुजरने वाले टैंकरों में 90% कमी आई है। पहचान छुपाने के लिए कई जहाज ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम बंद करके इस मार्ग को पार करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अगर कुछ महीने मार्ग बंद रहा तो...

- कच्चे तेल की कीमतें 130 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं, 300 डॉलर का स्तर भी छूने की आशंका है।
- कतर से सप्लाई रुकने से यूरोप में प्राकृतिक गैस कीमतें तीन गुना होकर 100 डॉलर मेगावाट घंटे तक जा सकती हैं।
- परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ेगी। इससे वैश्विक मुद्रास्फीति में 0.6% से 0.8% की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है।
- कई देशों के केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरें बढ़ानी पड़ेंगी, इस कारण से वैश्विक जीडीपी विकास दर धीमी हो जाएगी।

- सबसे सीधा और विनाशकारी असर खाड़ी देशों पर पड़ेगा जो तेल और गैस के बड़े निर्यातक हैं।
- इन देशों की अर्थव्यवस्था के साथ दैनिक जीवन भी पूरी तरह से इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है।

### खाड़ी देशों की जीवन रेखा

- कुवैत, कतर और बहरीन जैसे देशों का करीब 100% तेल और गैस निर्यात इसी मार्ग से होता है।
- मार्ग बंद होने से इन देशों की सरकारी आय ठप हो जाएगी, जिससे खर्चों पर संकट आ सकता है।
- खाड़ी देशों की लगभग 70% खाद्य सामग्री होर्मुज के रास्ते आती है। बड़ा खाद्य संकट पैदा होगा।

## एनएचआरसी ने दो सफाई कर्मियों की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उस मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि दो मार्च को मध्य प्रदेश के इंदौर में एक सीवर कक्ष में दो सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। आयोग के मुताबिक समाचार रिपोर्ट में उल्लिखित तथ्य यदि सत्य हैं तो पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन हैं। आयोग ने इंदौर नगर निगम और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में जांच की स्थिति और पीड़ितों के परिजनों को दिए गए मुआवजे का विवरण मांगा गया है। जल निकासी प्रक्रिया के दौरान सीवर में गिरे एक सक्शन टैंकर पाइप के हिस्से को निकालने के लिए पीड़ित सीवर कक्ष में घुसे थे, तभी जहरीली गैसों के कारण वे बेहोश हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई।

## पाकिस्तान से 200 अफगान कैदी रिहा होकर स्वदेश पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में बंद 200 अफगान कैदियों के समूह को पिछले सप्ताह रिहा कर दिए जाने के बाद स्वदेश वापस लाया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार विभिन्न आरोपों में एक दिन से लेकर दो महीने तक पाकिस्तान के कई जेलों में बंद कैदी दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। इन लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में भेजने से पहले उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की गई।

# नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर

### तख्तापलट के बाद हुए आम चुनाव में शाम पांच बजे तक करीब 60% मतदान, मतगणना शुरू

● पड़ोसी देश में चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा भारत

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में छह महीने पहले हुए जेन जी विरोध प्रदर्शन के बाद पहले आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम पांच बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना पूर्व रुझानों के आधार पर दावा किया जा रहा है कि पूर्व रैपर एवं काठमांडू से महापौर रहे बालेंद्र शाह के नेतृत्व में नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने देश के दोनों परंपरागत राजनीतिक दल नेपाली कांग्रेस पार्टी और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को कड़ी टक्कर दी है। भारत इस चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा है और राजनीतिक रूप से अस्थिर हिमालयी देश में स्थिर सरकार बनने की उम्मीद कर रहा है ताकि दोनों पक्षों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके।

जेन जी के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को देश में आम चुनाव कराए गए। चुनाव प्रचार के दौरान ही 2022 में गठित आरएसपी को काफी समर्थन मिला, इस कारण शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) उस सरकार का हिस्सा थीं जिसे पिछले साल जेन जी ने गिरा दिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा अपनी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, जबकि सीपीएन (यूएमएल) ने ओली को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना चेहरा बनाया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार नेपाल में मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में हुआ। निर्वाचन आयुक्त सगुन शमशेर राणा के मुताबिक देश भर में कुछ स्थानों पर मामूली घटनाएं हुई हैं। नेपाल पुलिस ने पुष्टि की कि कुछ स्थानों पर मामूली मतभेदों के अलावा कोई गंभीर समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। शाम पांच बजे मतदान खत्म होने के बाद मतगणना शुरू हो गई।



नेपाल में बृहस्पतिवार को वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर लगीं कतारें।

### 1.89 करोड़ मतदाता, पुरुषों से ज्यादा महिलाएं

नेपाल में प्रत्यक्ष और समानुपातिक दोनों विधियों से सांसदों का चुनाव हुआ। 165 सीटों के लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया का पालन हुआ, जबकि 110 सीटों के लिए समानुपातिक विधि अपनाई गयी। प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में 65 राजनीतिक दल 61 चुनाव चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे हैं तथा इसके तहत 3,406 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 3,017 पुरुष और 388 महिलाएं हैं, जबकि एक अन्य श्रेणी का उम्मीदवार शामिल हैं। आनुपातिक चुनाव प्रणाली में 3,135 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 1,363 पुरुष और 1,772 महिलाएं शामिल हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में 1.86 लाख अनंतिम मतदाता भी हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं।



### कार्की, थापा, बालेंद्र शाह ने किया मतदान

कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बृहस्पतिवार सुबह काठमांडू के बाहरी इलाके धापासी में काठमांडू-5 निर्वाचन क्षेत्र में वोट डाला। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी उम्मीदवार गगन थापा ने सुबह मैतिदेवी स्थित काठमांडू-4 निर्वाचन क्षेत्र से वोट डाला। आरएसपी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने काठमांडू के बाहरी इलाके चुचेपाटी और बालेंद्र शाह 'बालेन' ने काठमांडू के गैरेगांव से अपना वोट डाला। वह झापा-5 से चुनाव लड़ रहे हैं।

## चीन ने रक्षा बजट 10% बढ़ाकर 275 अरब डॉलर किया

● अमेरिकी सेना की बराबरी का लक्ष्य, भारत पर बढ़ा दबाव

**बीजिंग।** चीन ने अपने रक्षा बजट में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि करते हुए बृहस्पतिवार को इसे 275 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 25 अरब डॉलर अधिक है और इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण तेज कर उन्हें अमेरिकी सेना के बराबर पहुंचाना है।

चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने गुरुवार को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में पेश कार्य रिपोर्ट में घोषणा की कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए 1.9 ट्रिलियन युआन (275 अरब डॉलर) आवंटित किए जाएंगे। कहा गया कि जीडीपी में हिस्सेदारी, प्रति व्यक्ति रक्षा व्यय और प्रति सैनिक रक्षा खर्च जैसे मानकों के लिहाज से चीन का रक्षा खर्च तुलनात्मक रूप से अभी सीमित है। पिछले वर्ष चीन ने 2025 के लिए रक्षा बजट 7.2% बढ़ाकर इसे 249 अरब डॉलर करने की घोषणा की थी।

## आपसी सहयोग को पुख्ता करेंगे भारत और फिनलैंड

नई दिल्ली, एजेंसी



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ मोदी।

● मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से की मुलाकात

भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने कहा है कि केवल सैन्य टकरावों से विवादों का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक सभी सैन्य टकरावों को जल्द रोकने पर भी जोर दिया है।

दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास जताते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए। मोदी ने कहा, हम भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। यह साझेदारी एआई से लेकर 6 जी दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग, कई हाईटेक क्षेत्रों में हमारे सहयोग को गति और ऊर्जा देगी। मोदी ने कहा, भारत और फिनलैंड दोनों कानून के शासन, कूटनीति और संवाद में विश्वास रखते हैं। हम एकमत हैं कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता है।

## कनाडा में भारतीय मूल की महिला की चाकू मारकर हत्या

**ओटावा/चंडीगढ़।** भारतीय मूल की 45 वर्षीय महिला की कनाडा के ओंटारियो प्रांत में चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई।

लासेल पुलिस सेवा के मुताबिक घटना तीन मार्च को रात करीब 9:30 बजे एसेक्स काउंटी के लासेल शहर में हुई। पीड़िता की पहचान विंडसर निवासी नैन्सी ग्रेवाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आसपास रहने वाले लोगों से घटना के संबंध में कोई भी जानकारी या सबूत साझा करने की अपील की है। इस बीच, नैन्सी की मां ने जालंधर में दावा किया कि उनकी बेटी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर थी और उसको जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। नैन्सी, सोशल मीडिया पर पंजाब के विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करती थीं। नैन्सी ने खालिस्तानियों के खिलाफ आवाज उठाई थी।

## डीआर कांगो में खदान ढहने से 200 से ज्यादा लोग मरे

● तमाम लोग लापता, 400 के पार पहुंच सकती है मृतकों की संख्या

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंगलवार को एक खदान के ढहने से 200 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी के खनन मंत्रालय के अनुसार, यह घटना नॉर्थ किवु प्रांत में रुबाया खदान पर हुई, जो कोल्टन संसाधन के लिए जानी जाती है। आशंका है कि मृतकों की संख्या 400 से ज्यादा पहुंच सकती है, क्योंकि तमाम लोग अभी लापता हैं।

कहा गया है कि दुर्घटना बहुत ज्यादा भारी बारिश के कारण हुई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस हादसे में 70 नाबालिगों सहित 200 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। बयान में कहा गया है कि रुबाया माइनिंग क्षेत्र 2024 से मार्च 23 मूवमेंट (एम23) विद्रोही ग्रुप के नियंत्रण में है, जिससे इस हादसे में बचाव कार्य खास तौर पर मुश्किल हो गया है।

## आईएसआईएस, अल कायदा के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करे अंतरराष्ट्रीय समुदाय : भारत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● संयुक्त राष्ट्र में किया आह्वान, कहा- अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए आतंकवाद बड़ा खतरा

भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवादी संगठनों आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करने का आह्वान किया है। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के अस्तित्व के लिए खतरा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव रघु पुरी ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कार्यालय (यूएनओसीटी) द्वारा सदस्य देशों को दिए जाने वाले वार्षिक राजदूत स्तरीय संबोधन में अप्रैल 2025 में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। बहुपक्षीय सहयोग के लिए केंद्रीय साधन के रूप में वैश्विक आतंकवाद विरोधी रणनीति (जीसीटीएस) के महत्व पर जोर देते हुए पुरी ने कहा कि भारत जीसीटीएस की 9वीं समीक्षा के लिए परामर्श में सक्रियता से हिस्सा लेगा तथा उन्होंने वार्ता के दौरान सह सहायक फिनलैंड और मोरक्को को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कहा, दुनिया भर में भारत की सभी पहल हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जिसमें 'दिल्ली घोषणा' भी शामिल है। आतंक फैलाने की गतिविधियों में नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के मुद्दे पर 'दिल्ली घोषणा' ऐतिहासिक दस्तावेज है। पुरी ने कहा कि आतंकवादी उद्देश्यों में नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का मुद्दा कई सदस्य देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मोदी ने राजनीतिक-नैतिक रूप से आत्मसमर्पण किया

● खरगे ने लगाया ईरान युद्ध के घटनाक्रमों पर चुप्पी साधने का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसर्मण कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है।

उन्होंने कहा, एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था, लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में उस पर हमला कर दिया गया। चिंता या शोक का कोई बयान नहीं आया। मोदी मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा, होर्मुज की खाड़ी में 1100 नाविकों के साथ 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज फंस गए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। कोई समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है। खरगे ने कहा, खाड़ी क्षेत्र के देशों में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। मेडिकल छात्र मदद मांगने के लिए हताशा भरा वीडियो संदेश जारी कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, भारत सरकार उनकी भलाई कैसे सुरक्षित कर रही है।

## केंद्र का दबाव नहीं माना इसलिए इस्तीफा, टीएमसी ने जताया शक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने गुरुवार को राज्यपाल सी वी आनंद बोस के अचानक इस्तीफे के बाद केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

पश्चिम बंगाल की राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि आगामी विधानसभा चुनावों से संबंधित मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार ने उन पर दबाव बनाया होगा। भट्टाचार्य ने सीधे तौर पर सवाल उठाया कि क्या बोस को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दबाव को न मानने के कारण पद छोड़ने के लिए मजबूर किया गया है। उन्होंने पूछा, क्या राज्यपाल बोस को इसलिए पद छोड़ने के लिए कहा गया क्योंकि वह पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने और विधानसभा चुनावों के समय को लेकर अमित शाह की पहल से सहमत नहीं थे, क्या उन पर केंद्र सरकार या भाजपा ने दबाव डाला था।

उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनावों से महज एक महीने पहले दिये गये इस इस्तीफे के समय ने केंद्र के इरादों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। भाजपा नहीं चाहती कि चुनाव समय पर हों।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप उत्साह और एकाग्रता से काम करेंगे। सरकारी कार्यों की रुकावट दूर होगी। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**तुला** – आज दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। अपनी बातों को शांतिपूर्ण तरीके से लोगों के सामने रखें। छोटे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**वृष** – आज मानसिक रूप से शांति रहेगी। कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समय बहुत ही अच्छा है।

**वृश्चिक** – आज प्रेम संबंधों में आई खटास दूर होगी। व्यवसाय में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – आज आपको बचत पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिए। अनावश्यक बातों पर क्रोध न करें। अचानक की गई यात्रा में समस्या हो सकती है।

**धनु** – आज नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। सहकर्मियों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है।

**कर्क** – आज आय की अपेक्षा आपको व्यय अधिक करना पड़ेगा। विद्यार्थियों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**मकर** – आज बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। अपनी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखें। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह** – आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय को लेकर महत्वपूर्ण डील हो सकती है। समाज में आपको विशेष पहचान मिल सकती है।


**कुंभ** – आज नए संबंधों में स्थायीत्व कम रहेगा। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें। बेवजह के मामलों में न उलझें।

**कन्या** – आज किसी के बहकावे में न आएं। स्वभाव में लचीलेपन के कारण आपको लोग पसंद करेंगे। परिजनों का बेहतरीन समर्थन मिलेगा।

**मीन** – आज कारोबार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। स्वादिष्ट पकवानों का आनंद उठा सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 6 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 17 .53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। **ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। **नक्षत्र**- हस्त 09 .29 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

### सुडोकू -80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

**औपचारिकता बना चुनाव** | दस राज्यों से 37 सीटों के लिए कुल 39 उम्मीदवारों ने दाखिल किए हैं नामांकन

# राज्यसभा चुनाव आठ राज्यों में 35 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन तय

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त 37 सीटों के लिए भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के 37 उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किए। दो निर्दलीय उम्मीदवार ने भी अपनी नामांकन दाखिल कर दावेदारी पेश की है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि सीटों की संख्या के अनुरूप उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल होने से उनके निर्विरोध निर्वाचन तय माने जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में राज्यसभा की सात सीटें हैं, जहां भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने चार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और उनके बेटे पार्थ पवार और शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने ज्योति वाघमारे को एकमात्र उम्मीदवार घोषित किया है। विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने दिग्गज नेता शरद पवार को उम्मीदवार बनाया है। राज्य में सात सीटों पर सात ही उम्मीदवार हैं इसलिए निर्विरोध चुनाव होना तय है।

हरियाणा से दो सीटों के लिए भाजपा-कांग्रेस ने एक-एक प्रत्याशी उतारा है। निर्दलीय सतीश नांदल ने चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। हिमाचल प्रदेश से एक सीट के लिए एकमात्र उम्मीदवार कांग्रेस के अनुराग शर्मा का निर्वाचित होना तय है। तमिलनाडु से छह सीटों के लिए छह उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए। इनमें सत्तारूढ़ दल के चार और विपक्ष के दो उम्मीदवार हैं। पश्चिम बंगाल में पांच सीटों के लिए टीएमसी के चार और भाजपा के एक उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया है। ओडिशा की चार सीटों के लिए भाजपा और बीजद के दो-दो सदस्य मैदान में उतरे हैं, दिलीप रे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।




नितीश के राज्यसभा के लिए नामांकन कराने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया।

### असम में विपक्ष नहीं खड़े कर सका प्रत्याशी सहमति ही नहीं बनी

असम में तीन सीटों के लिए विपक्ष सर्वसम्मति से उम्मीदवार नहीं खड़े कर सका। यहां राजग के तीनों उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय है। कैबिनेट मंत्री जोगेन महान, पूर्व भाजपा विधायक तेराश गोवाला और यूपीपीएल के प्रमुख प्रमोद बोरो ने पर्चा भरा है। विपक्ष के किसी भी उम्मीदवार के मैदान में नहीं उतरने के कारण राजग के उम्मीदवारों के लिए चुनाव औपचारिकता बनकर रह गया है। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राजग के पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

## राजस्थान विधानसभा में हुआ जमकर हंगामा

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में बृहस्पतिवार शाम एक विधेयक पर चर्चा के दौरान पीठासीन अधिकारी और कांग्रेस के विधायक के बीच नोक झोंक हो गई। सत्तारूढ़ भाजपा व विपक्षी कांग्रेस के विधायकों के आमने सामने आने, सदन में हंगामा होने व नारेबाजी के बीच कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष की पीठ पर आसीन संदीप शर्मा ने उन्हें वक्त का ध्यान दिलाया, इस पर विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि विधेयक पर चर्चा के दौरान किसी विधायक को घंटी बजाकर टोकने की परंपरा नहीं है।



> मैं बस घर जाना चाहता हूं। कम से कम एक अपडेट तो दो, हमें कुछ तो बताओ। आज कल, अगले हफ्ते। पांच दिन हो गए हैं। टीम के सभी सदस्य परेशान हो रहे हैं। फिलहाल एक अपडेट मिला, देखते हैं कब जाने को मिलेगा।
> –डेरेन सैमी, वेस्टइंडीज के कोच


# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार, 6 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## आज का मैच

**टीम :** भारत–ऑस्ट्रेलिया महिला टीम का टेस्ट मुकाबला
**समय :** सुबह 10 :50 बजे से

## हाईलाइट

### फाइनल में चुनौतियां अलग होंगी : सैंटनर



**कोलकाता।** टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ मिली बड़ी जीत के बाद अब मिचेल सैंटनर की नजर अहमदाबाद में होने वाले फाइनल पर है। सेमीफाइनल में उनकी टीम ने 170 रनों के लक्ष्य को सिर्फ़ 12.3 ओवरों में हासिल कर लिया। इस जीत के बाद सैंटनर ने कहा है कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए, लेकिन उन्हें यह भी पता है कि फ़ाइनल की पिच और परिस्थितियां बिल्कुल अलग होंगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर न्यूजीलैंड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही दक्षिण अफ़्रीका पर दबाव बनाए रखा।

### आर्सेनल ने खिताब का दावा मजबूत किया

**लंदन।** आर्सेनल ने ब्राइटन को 1–0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब जीतने की अपनी संभावना मजबूत कर दी है। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मैनचेस्टर सिटी पर सात अंक की बढ़त बना ली है जिसने एक अन्य मैच में नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2–2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के आठ मिनट बाद मैनचेस्टर सिटी को जीत हासिल करने का सुनहरा मौका मिला था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी साविन्हो के शॉट को गोल लाइन के पास से क्लियर कर दिया गया। एर्लिंग हालैंड इस मैच में नहीं चल पाए जिससे मैनचेस्टर सिटी को नुकसान हुआ।

# संजू की तूफानी पारी से भारत फाइनल में न्यूजीलैंड से होगी खिताबी भिड़ंत

## टी-20 विश्व कप : बेथेल के शतक के बावजूद इंग्लैंड को सात रनों से हराया




संजू सैमसन।

**मुंबई, एजेंसी**

संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां जैकब बेथेल के आक्रामक शतक के बावजूद इंग्लैंड को सात रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। भारत के 254 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम बेथेल (105 रन, 48 गेंद, सात छक्के, आठ चौके) के शतक और विल जैक्स (35 रन, 20 गेंद, चार चौके, दो छक्के ) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 77 तथा सैम कुरेन (18) के साथ छठे विकेट की 50 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 246 रन ही बना सकी। भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने 38 रन देकर दो विकेट चटकाए। बुमराह ने चार ओवर में सिर्फ 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया जो निर्णायक साबित हुआ। वरुण चक्रवर्ती ने 64 रन लुटाकर एक विकेट चटकाया जो इस प्रारूप में भारत की ओर से सबसे महंगे स्पैल है।

भारत अब फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और टी20 विश्व का खिताब बचाने वाली पहली टीम बनकर इतिहास रचने की कोशिश करेगा। सैमसन ने इससे पहले 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से 89 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (39 रन, 18 गेंद, चार चौके दो छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 और शिवम दुबे (43 रन, 25 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर है। पंड्या (12 गेंद में 27 रन, तीन चौके, दो छक्के) और तिलक वर्मा (सात गेंद में 21 रन, तीन छक्के) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। भारत की पारी में 19 छक्के लगे जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इंग्लैंड की ओर से स्पिनरों विल जैक्स (40 रन पर दो विकेट) और आदिल राशिद (41 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और सैम कुरेन ने क्रमशः 61 और 53 रन लुटाए। आर्चर को एक विकेट मिला जबकि कुरेन की झोली खाली रही। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंग्लैंड ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 68 रन बनाकर मिश्रित शुरुआत की।



जीत का जश्न मनाती भारतीय टीम। एजेंसी

पंड्या ने पारी के दूसरे ओवर की अपनी पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट (05) को अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया। खराब फॉर्म से जूझ रहे जोस बटलर (25) ने अर्शदीप पर दो चौकों से शुरुआत की और फिर पंड्या पर छक्का जड़ा। कप्तान हैरी ब्रूक (07) हालांकि बुमराह की पहली ही गेंद को हवा में लहरा गए और अक्षर ने पीछे की ओर दौड़ते हुए उनका शानदार कैच लपका। बेथेल ने वरुण चक्रवर्ती का स्वागत लगातार तीन छक्कों के साथ किया लेकिन बटलर इस लेग स्पिनर की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए। टॉम बेंटन (17) ने अक्षर का स्वागत लगातार दो छक्कों के साथ किया लेकिन फिर बाएं हाथ के इस स्पिनर की गेंद को चूककर बोल्ड हो गए। बेथेल ने चक्रवर्ती पर चौके के साथ नौवें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। बेथेल ने बुमराह की गेंद पर दो रन के साथ सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जैक्स इसके बाद भारत के शानदार क्षेत्ररक्षण का शिकार बने। उन्होंने अर्शदीप की फुलटॉस पर बड़ा शॉट खेला और बाउंड्री पर अक्षर ने कैच लपक लिया लेकिन बाउंड्री से बाहर जाने लगे तो गेंद दुबे की ओर बढ़ा दी जिन्होंने इसे लपक लिया। इंग्लैंड को अंतिम पांच ओवर में 69 रन की दरकार थी।

### भारत

**253/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का सॉल्ट बो जैक्स | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सॉल्ट बो जैक्स | 09 |
| ईशान किशन का जैक्स बो राशिद | 39 |
| शिवम दुबे रन आउट | 43 |
| सूर्यकुमार स्टं बटलर बो राशिद | 11 |
| हार्दिक पंड्या रन आउट | 27 |
| तिलक वर्मा बो आर्चर | 21 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 02 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** आर्चर 4–0–61–1, जैक्स 4–0–40–2, ओवरटन 3–0–36–0, कुरेन 4–0–53–0, राशिद 4–0–41–2, डॉसन 1–0–19–0

**34** छक्के पूरी पारी में दोनों टीमों ने लगाए

**19** छक्के अकेले भारत ने जड़े

### इंग्लैंड

**246/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का अक्षर बो पंड्या | 05 |
| जोस बटलर बो चक्रवर्ती | 25 |
| हैरी ब्रूक का अक्षर बो बुमराह | 07 |
| जैकब बेथेल रन आउट | 105 |
| टॉम बेंटन बो अक्षर | 17 |
| विल जैक्स का दुबे बो अर्शदीप | 35 |
| सैम कुरेन का तिलक बो पंड्या | 18 |
| जेमी ओवरटन नाबाद | 02 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 19 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4–0–51–1, पंड्या 4–0–38–2, बुमराह 4–0–33–1, चक्रवर्ती 4–0–64–1, अक्षर 3–0–35–1, दुबे 1–0–22–0

**105** रनों की शतकीय पारी जैकब बेथेल ने 48 गेंदों में खेली

# यह 'चोकर' नहीं चारों खाने चित होने जैसा है : कोच कॉनराड


**कोलकाता, एजेंसी**

- पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ बुरी हार से हुए निराश

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को 'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली। उसकी इस जीत में सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 33 गेंद में नाबाद 100 रन बनाकर टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाया जबकि टिम सीफर्ट ने 33 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया।

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले भी आईसीसी की प्रतियोगिताओं में



नॉकआउट के दबाव वाले मैचों में लड़खड़ाता रहा है जिसके कारण उसे 'चोकर' कहा जाने लगा था। उसने वर्तमान टूर्नामेंट में अजेय रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस दौरान उसने न्यूजीलैंड और भारत को भी हराया था। कॉनराड ने पहले सेमीफाइनल के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं पता कि आज रात का मुकाबला चोकर जैसा था या नहीं। मुझे तो लगा कि यह चारों खाने चित होने जैसा था।

उन्होंने कहा आपने थोड़ी बहुत तो चुनौती पेश की होती लेकिन आज के मैच में ऐसी कोई झलक नहीं दिखाई दी। दक्षिण अफ्रीका में हम इसके लिए एक शब्द 'मोएर्ड' (बुरी तरह से हारना) का उपयोग करते हैं। कॉनराड यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक मुहावरे का उपयोग करके अपनी टीम की करारी हार की व्याख्या की। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम को 'ग्रोवल' (घुटने टेकना) शब्द का उपयोग करके विवाद पैदा करने वाले कॉनराड ने कहाआज रात हमें एक करारा 'स्नॉटक्लैप' मिला। यह एक अफ़्रीकी शब्द है जिसका अर्थ है बुरी तरह पिटाई, करारा थप्पड़ जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी। हमें बिल्कुल वैसा ही महसूस हुआ।

## द. अफ्रीका का सामना डटकर करने का किया था फैसला : एलन

**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाने वाले न्यूजीलैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के अजेय अभियान को रोकने के लिए उसकी हर चुनौती का डटकर सामना करने की रणनीति अपनाई थी जिसमें उनकी टीम सफल रही।

दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही टीम के रूप में सेमीफाइनल में पहुंची थी, क्योंकि वह लगातार सात जीत के साथ प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम थी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड को भी हराया था और सुपर आठ में टूर्नामेंट के मेजबान और प्रबल दावेदार भारत को भी पराजित किया था। लेकिन न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में पिछली बार के उपविजेता को नौ विकेट से हराकर उसे बाहर कर दिया।

# भारत की निगाह लगातार चौथी जीत पर

**पर्थ, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबला आज से

वनडे श्रृंखला में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम पिछले लगभग पांच साल में पहली बार जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में उतरेगी तो जीत हासिल करने के लिए उसकी सीनियर खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु प्रारूप वाली श्रृंखला का भी समापन होगा जिसमें भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जबकि आस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला 3-0 से जीती थी। पिछले पांच टेस्ट मैचों में अजेय रहने के बाद भारत का आत्मविश्वास चरम पर होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच लगातार तीन टेस्ट मैच जीते, जिनमें इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराना शामिल है।

भारत ने इससे पहले विदेश में खेले गए पिछले दो टेस्ट मैच






भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली।

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, सयाली सतघरे।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान एवं विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, मैटलान ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पेरी, एनाबेल सदरलैंड, राहेल ट्रेनामन, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रॉ कराए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने उस साल सितंबर अक्टूबर में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था जिसमें स्मृति मंधाना ने शतक जमाया था। इस बहु प्रारूप वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया अभी 8-4 से आगे है। टी20 श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 2-4 से पिछड़ रही थी, लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके तीनों वनडे मैच जीत लिए। जहां टी20 और वनडे दोनों मैचों में जीत हासिल करने पर दो-दो अंक दांव पर थे, वहीं टेस्ट मैच के विजेता को चार अंक मिलेंगे।

भारत अगर जीत हासिल करता है तो वह कम से कम इस श्रृंखला को ड्रॉ करा सकता है। भारतीय टीम इस बात से आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कि उसने दिसंबर 2023 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच आठ विकेट से जीतकर इतिहास रच दिया था। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में हराया था। भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार हरमनप्रीत, उप-कप्तान मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा पर होगा। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।

**शुभ घड़ी आई** | स्टार कपल की शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल

# अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की


**मुंबई, एजेंसी**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे और क्रिकेटर अर्जुन तेंदुलकर ने बृहस्पतिवार को उद्यमी सानिया चंडोक के साथ मुंबई के 'द सेंट रेजिस मुंबई' में भव्य समारोह में विवाह किया। इस हाई-प्रोफाइल शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। अर्जुन ने भारत के लिए अंडर-19 स्तर पर क्रिकेट खेला है और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं। घरेलू क्रिकेट में वह गोवा क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं।

दुल्हन सानिया उद्योगपति रवि घई की पोती हैं और पशु-चिकित्सा (वेटरिनरी) क्षेत्र में उद्यमी के तौर पर काम कर रही हैं। समारोह में कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह, पूर्व भारतीय कप्तान और कोच राहुल द्रविड़, पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, वेंकटेश प्रसाद और मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले शामिल थे। इसके अलावा पूर्व भारतीय खिलाड़ी और सीनियर पुरुष चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर, चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा, पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ, पीयूष चावला, पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस सांसद यूसुफ पठान तथा बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद रहे। बॉलीवुड के दिग्गज अमिताभ बच्चन और उनकी पत्नी जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन, शाहरुख खान और उनका परिवार, आमिर खान, आशा भोसले और सोनू निगम समेत कई गणमान्य व्यक्ति शादी में उपस्थित थे। मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी, उनके बेटे आकाश अंबानी और उनकी पत्नी श्लोका अंबानी तथा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे भी शादी में शामिल हुए।



महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और उद्योगपति रवि घई की पोती सानिया चंडोक की शादी के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। एजेंसी



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान, पत्नी गौरी खान (बीच में) और बेटी सुहाना खान के साथ।



पर्व क्रिकेटर पृथ्वी शॉ, एक्टर आकृति अग्रवाल के साथ। सुरेश रैना पत्नी प्रियंका चौधरी के साथ।





रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (बाएं) परिवार के साथ।

# ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य

**बर्मिंघम, एजेंसी**

- प्री-क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के एनजी का लॉंग एंगस को हराया

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने बेहद तेज और आक्रामक खेल दिखाते हुए रैंकिंग में शीर्ष-10 खिलाड़ी रह चुके लोंग को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया।

इस टूर्नामेंट के 2022 सत्र के उपविजेता रह चुके लक्ष्य अब क्वार्टर फाइनल में चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हात गुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगे। लक्ष्य ने कहा शुरुआती दोनों गेम बहुत ही प्रतिस्पर्धी रहे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही दमदार खेल था। दूसरे गेम भी वापसी करने का श्रेय लोंग को जाता है।

> रणनीतिक रूप से मैं दोनों गेमों में सही खेल रहा था और हां, बस आखिरी कुछ अंकों को भुनाने की अपनी योजना पर मैं कायम नहीं रह पाया और कई आसान गलतियां कर दीं। तीसरे गेम को अपनी योजना के मुताबिक खेलने में सफल रहा।
> – लक्ष्य सेन

मुझे लगता है कि दूसरे गेम के अंत में मैं खुलकर नहीं खेल पाया और उन्हें कई आसान शॉट दे दिए जिन पर उन्होंने आसानी से अंक हासिल कर लिया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं तीसरे गेम में पूरी ताकत से खेलने के लिए तैयार था और तीसरे गेम में अपने खेल से खुश हूं। लक्ष्य इससे पहले लोंग के खिलाफ खेले तीनों मैचों में हार का सामना कर चुके थे।